CMYK

सूर्योदय	:	6:45
सूर्यास्त	:	5:14
अधिकतम तापमान	:	22.0
न्यूनतम	:	10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-192 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 21 दिसम्बर 2023
07 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com
G20

तीन क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास

राजद्रोह कानून खत्म

- अगर मन इटली का तो विधेयक कभी समझ नहीं आएगा: अमित शाह
- 'तारीख पे तारीख' नहीं मिलेगी
- मोदी सरकार पहली बार आतंकवाद की व्याख्या करने जा रही
- मॉब लिंचिंग में फांसी होगी
- नए कानून में अब पुलिस की भी जवाबदेही तय होगी

आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूल-चूल बदलाव की तैयारी

484	धाराएं CrPC में पहले थीं
531	धाराएं अब इसमें होंगी
177	धाराओं में बदलाव किए गए हैं
09	नई धाराएं जोड़ी गई हैं
39	नई उप-धाराएं जोड़ी गई हैं
44	नए प्रावधान जोड़े गए हैं

नई दिल्ली। तीन नए क्रिमिनल लॉ बिल लोकसभा में पास हो गए हैं। अब इसे राज्यसभा में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद इसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। इसे पेश करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा अंग्रेजों के समय का राजद्रोह कानून खत्म किया गया है।

बिल पर लोकसभा में अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों का बनाया राजद्रोह कानून, जिसके चलते तिलक, गांधी, पटेल समेत देश के कई सेनानी कई बार 6-6 साल जेल में रहे। वह कानून अब तक चलता रहा। मैंने राजद्रोह की जगह उसे देशद्रोह कर दिया है। क्योंकि अब देश आजाद हो चुका है, लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। अगर कोई देश की सुरक्षा, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। अगर कोई सशस्त्र विरोध करता है, बम धमाके करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, उसे आजाद रहने का हक नहीं, उसे जेल जाना ही पड़ेगा। कुछ लोग इसे अपनी समझ के कपड़े पहनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन मैंने जो कहा उसे अच्छी तरह समझ लीजिए।

देश का विरोध करने वाले को जेल जाना होगा। प्रस्तावित कानून में गैर इरादतन हत्या को दो हिस्सों में बांटा गया है। अगर गाड़ी चलाते वक्त हादसा होता है, फिर आरोपी अगर घायल को पुलिस स्टेशन या अस्पताल ले जाता है तो उसे कम सजा दी जाएगी। हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा मिलेगी। मॉब लिंचिंग में फांसी की सजा होगी। स्नैचिंग के लिए कानून नहीं था, अब कानून बन गया है। किसी के सिर पर लाठी मारने वाले को सजा तो मिलेगी, इससे ब्रेन डेड की स्थिति में आरोपी को 10 साल की सजा मिलेगी। नए कानून में अब पुलिस की भी जवाबदेही तय होगी। अब कोई गिरफ्तार होगा तो पुलिस उसके परिवार को जानकारी देगी। पहले यह जरूरी नहीं था। किसी भी केस में 90 दिनों में क्या हुआ, इसकी जानकारी पुलिस पीड़ित को देगी।

हम जो कहते हैं, वह करते हैं

> गृह मंत्री ने कहा कि हमने कहा था कि अयोध्या में हम जल्द से जल्द राम मंदिर बनाएंगे और 22 जनवरी 2024 को वहां रामलला विराजमान हो जाएंगे। ये पीएम मोदी की सरकार है, जो कहती है वो करती है। हमने कहा था कि हम संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33त्न आरक्षण देंगे। कांग्रेस कई बार सत्ता में आई और तारीखें देती रहीं, लेकिन हमने इसे पूरा किया और बहुमत के साथ महिलाओं को सशक्त बनाया।

बच्ची से रेप के दोषी को फांसी की सजा

पहले रेप की धारा 375, 376 थी, अब जहां से अपराधों की बात शुरू होती है, उसमें धारा 63, 69 में रेप को रखा गया है। गैंगरेप को भी आगे रखा गया है। बच्चों के खिलाफ अपराध को भी आगे लाया गया है। मर्डर 302 था, अब 101 हुआ है। 18 साल से कम उम्र की बच्ची से रेप में आजीवन कारावास और मौत की सजा का प्रावधान है। गैंगरेप के दोषी को 20 साल तक की सजा या जिंदा रहने तक जेल।

आरोपी की गैरमौजूदगी में भी ट्रायल होगा

देश में कई केस लटके हुए हैं, बॉम्बे ब्लास्ट जैसे केसों के आरोपी पाकिस्तान जैसे देशों में छिपे हैं। अब उनके यहां आने की जरूरत नहीं है। अगर वे 90 दिनों के भीतर कोर्ट के सामने पेश नहीं होते हैं तो उसकी गैरमौजूदगी में ट्रायल होगा। गंभीर मामलों में आधी सजा काटने के बाद रिहाई मिल सकती है। जजमेंट सालों तक नहीं लटकाया जा सकता। मुकदमा समाप्त होने के बाद जज को 43 दिन में फैसला देना होगा। निर्णय देने के 7 दिन के भीतर सजा सुनानी होगी। पहले सालों तक दया याचिकाएं दाखिल की जाती थीं। दया की याचिका दोषी ही कर सकता है पहले एनजीओ या कोई संस्थान ऐसी याचिकाएं दाखिल करता था। सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 30 दिन के भीतर ही दया याचिका दाखिल की जा सकेगी। जो देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा को खतरे में डालकर भय फैलाने का काम करता है, उसे आतंकवादी माना जाएगा।

बिना मत-मजहब देखे सबको मिले लाभ यही है मोदी जी की गारंटी: सीएम योगी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी व जेपी नड्डा

अवधनामा संवाददाता

- योजनाओं के लाभ से नागरिकों का वंचित होना लोकतंत्र पर था गंभीर प्रश्न
- 2047 तक भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने में सबको देना है योगदान

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी यदि नागरिक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित थे तो यह लोकतंत्र पर गंभीर प्रश्न था। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने इस बात पर संकल्प भी लिया था कि बिना भेदभाव शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हरेक व्यक्ति को प्राप्त होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की श्रृंखला का समवेत रूप है। योजनाओं का लाभ पाने वाले लाभार्थी इस यात्रा में अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

सीएम योगी बुधवार शाम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह के समीप आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो संदेश सुनने, सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का अनुभव (मेरी कहानी-मेरी जुबानी) सुनने और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूरे देश में कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके तहत जो लोग भी किन्ही कारणवश योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं, उन्हें योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, उज्ज्वला योजना, एलईडी बल्ब वितरण योजना, आयुष्मान भारत योजना, हर घर नल से जल योजना, जीवन ज्योति बीमा सुरक्षा योजना, मातृ वंदना योजना जैसी अनेक योजनाएं करोडों लोगों की जीवन में खुशहाली का माध्यम बनी हैं।

नौनिहालों का अन्नप्राशन

कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ नौनिहालों का अन्नप्राशन कराने तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करने के बाद यहां लगे विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम के अंत मे मुख्यमंत्री ने श्री नड्डा को स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में मिली गांव-गरीब को ताकत: जेपी नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पीएम पद संभालने के ससाथ ही कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब, महिलाओं, नौजवानों व किसानों को समर्पित रहेगी। सारी योजनाओं के केंद्र में भी उनका यही ध्येय है। पीएम मोदी के नेतृत्व में गांव-गरीब को ताकत मिली है। महिलाएं सशक्त हुई हैं, युवाओं को आवाज मिली है, किसानों को सहजता से आगे बढ़ने और अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवम्बर को भगवान विरसा मुंड के जन्मस्थान से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था। 25 जनवरी 2024 तक यह यात्रा देश के ढाई लाख ग्राम पंचायतों तक ढाई हजार वैन के माध्यम से पहुंचेगी। यूपी में 57 हजार गांवों तथा छह सौ से अधिक निकायों तक यात्रा पहुंचकर उन लोगों को भी लाभान्वित करेगी जिन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है। यात्रा में अपनी कहानी सुनाते हुए लाभार्थी भावुक हो जा रहे हैं क्योंकि इसके पहले उनकी तकलीफ पर कभी किसी सरकार ने मरहम नहीं लगाया था, उनकी बात नहीं सुनी थी। मोदी की गारंटी वैन उनके जीवन में एक नई आशा लेकर आई है।

सहारा समूह के निवेशकों का पैसा लौटाया जाएगा

- कंपनी की सहकारी समितियों में फंसे हैं 80 हजार करोड़ रुपये

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि सहारा समूह के तीन करोड़ निवेशकों ने कंपनी की सहकारी समितियों में फंसे 80 हजार करोड़ रुपये वापस लेने की मांग की है।

सरकार दोबारा जाएगी सुप्रीम कोर्ट

सहारा समूह से अधिक धनराशि पाने के लिए सरकार फिर से सुप्रीम कोर्ट जाएगी। सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने निवेशकों के लिए एक पोर्टल लांच किया है, जहां वे अपने फंसे पैसे पाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। वर्मा ने कहा कि अब तक तीन करोड़ निवेशकों ने 80 हजार करोड़ रुपये वापस पाने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि हमने 45 दिनों में निवेशकों को पैसा लौटाने की प्रक्रिया शुरू की है। हमें पांच हजार करोड़ रुपये मिल गए हैं। हम सभी निवेशकों का पैसा लौटाने के लिए और अधिक धनराशि प्राप्त करने के लिए फिर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा सहारा समूह के निवेशकों का एक-एक पैसा लौटाया जाएगा।

अभी और गरमाएगा निलंबन का मुद्दा

- खरगे ने दी निलंबन वापस होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी

नई दिल्ली। विपक्षी सांसदों के निलंबन का मुद्दा अभी और गर्म हो सकता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने स्टैंड पर अड़े हैं। सरकार नरमी दिखाने के पक्ष में नहीं दिख रही है और विपक्षी खेमा भी अपना रवैया बदलने के लिए तैयार नहीं है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को सत्ता पक्ष को आगाह करते हुए कहा है कि निलंबन वापसी तक विपक्ष का आंदोलन जारी रहेगा। सरकार की तानाशाही नहीं चलने दी जाएगी। इस बीच, विपक्ष ने आंदोलन की तैयारी कर ली है। संपूर्ण विपक्ष गुरुवार को विजय चौक से संसद तक मार्च करेगा। इसके लिए विपक्षी सांसदों को खरगे के कार्यालय पर एकत्र होने के लिए कहा गया है। विपक्ष संसद की सुरक्षा में सेंध के मसले पर प्रधानमंत्री या गृह मंत्री से सदन में बयान पर अड़ा है। बुधवार को भी विपक्ष ने संसद भवन से गांधी प्रतिमा तक मार्च किया। सोनिया गांधी की मौजूदगी में मीडिया से बात करते हुए खरगे ने कहा, सत्ता पक्ष हमारा मुंह बंद करना चाहता है, लेकिन हम भी स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि हम इस लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाएंगे। मुंह बंद होने वाला नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि मिमिक्री की घटना सदन के बाहर की है, उसपर सदन में रिजोल्यूशन पास करना कहां का नियम है। भाजपा ने जो तरीका अपनाया है, वह तानाशाही है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बाहर तो खूब बोल रहे हैं, लेकिन सदन में बोलने से परहेज कर रहे हैं। नियम तो यह है कि सत्र के दौरान महत्वपूर्ण बयान सदन में ही जारी करना चाहिए। सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर खरगे ने कहा कि सभापति को विपक्ष को भी संरक्षण देना चाहिए, किंतु उल्टे जात-पात की बात करके लोगों को भड़काया जा रहा है। खरगे ने सभापति के बयान को स्वयं से भी जोड़ा और कहा कि मैं दलित हूं। फिर भी मुझे बोलने नहीं दिया जाता, जो सवाल उठाता हूं उसका उत्तर नहीं मिलता है।

> खरगे ने कहा कि सभापति को विपक्ष को भी संरक्षण देना चाहिए, किंतु उल्टे जात-पात की बात करके लोगों को भड़काया जा रहा है। खरगे ने सभापति के बयान को स्वयं से भी जोड़ा और कहा कि मैं दलित हूं। फिर भी मुझे बोलने नहीं दिया जाता, जो सवाल उठाता हूं उसका उत्तर नहीं मिलता है। विपक्ष का कोई सदस्य जब बोलने के लिए खड़ा होता है तो उसके विरोध में भाजपा के सभी सदस्य खड़े हो जाते हैं। क्या यह लोकतंत्र का मजाक नहीं है।

ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे केजरीवाल

- विपश्यना पर गए, 10 दिन बाद लौटेंगे

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के प्रमुख व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना के लिए चले गए हैं। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी गई है कि वह विपश्यना के लिए किस शहर में गए हैं। उन्हें विपश्यना पर मंगलवार को जाना था, लेकिन इंडिया गठबंधन की बैठक के कारण एक दिन के लिए टल गया था। ईडी ने शराब घोटाले में पूछताछ के लिए सोमवार को उन्हें समन जारी करके गुरुवार को बुलाया है।

अब तक केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के नोटिस के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। संभवत- वह गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखेंगे। सूत्रों के अनुसार वकीलों की राय लेने के बाद ही केजरीवाल ने ईडी के समक्ष पेश होने के बजाय विपश्यना पर जाने का निर्णय लिया है। वकीलों ने इस बार फिर ईडी के समन में कोई खामी निकाली है और उनकी ओर से गुरुवार को इसका खुलासा करने की संभावना है। आम आदमी पार्टी ने ईडी के कदम पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पार्टी के वकील समन का अध्ययन कर रहे हैं और कानूनी रूप से उचित कदम उठाए जाएंगे।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा: रामलला के दर्शन कराएंगी 1000 स्पेशल ट्रेनें

- देश के हर कोने से उपलब्ध होंगी ट्रेन
- रामनगरी में अलग-अलग भाषाओं में लगेंगे संकेतक

रेलवे रामनगरी के आसपास के स्टेशनों को सजाने-संवारने में जुटा

लखनऊ। श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराने के लिए देश के कोने-कोने से अयोध्या के लिए 1000 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।

ये जानकारी रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा ने दी। वे बुधवार को रामनगरी पहुंचीं और अयोध्या, रामघाट हाल्ट और गोंडा जिले के कटरा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश के विभिन्न स्थानों से स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। ये ट्रेनें 19 जनवरी से अयोध्या के लिए रवाना होंगी। इनका संचालन करीब सौ दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मांग के अनुसार ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। यदि कहीं ट्रेनें फुल हो गई हैं और वहां अयोध्या आने वालों की संख्या ज्यादा है तो दूसरी विशेष ट्रेन की व्यवस्था की जाएगी। जया वर्मा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्दनजर रेलवे रामनगरी के आसपास के स्टेशनों को सजाने-संवारने में जुटा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रस्तावित कार्यक्रम में दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बंगलुरु, पुणे, कोलकाता, नागपुर, जम्मू,पंजाब व हरियाणा सहित कई स्थानों से हजारों श्रद्धालु आएंगे। उन्हें कोई परेशानी न हो इसके लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी से बढ़ रही है। रोजाना 50 हजार श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। राममंदिर के उद्घाटन के बाद यह संख्या दो से तीन गुना बढ़ जाएगी। इसलिए श्रद्धालुओं के लिए तमाम सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। अयोध्या में पूरे देश से श्रद्धालु आ रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रामनगरी में अलग-अलग भाषाओं में संकेतक लगाए जाएंगे।

संक्रमण

तीन राज्यों में पाए गए कोविड सब-वैरिएंट जेएन-1 के 21 मामले

देश पर फिर से कोरोना का साया

- केंद्र ने राज्यों से कहा सतर्कता बरते
- मनसुख मंडाविया ने स्वास्थ्य सुविधाओं के तैयारियों की समीक्षा की

नई दिल्ली। देशभर में कोरोना के सब-वैरिएंट जेएन-1 के 21 मामले सामने आए हैं। इनमें से 19 की गोवा में पहचान की गई है, जबकि एक-एक की केरल और महाराष्ट्र में की हैं। इंडियन SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (इनसाकॉग) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

इनसाकॉग स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्थापित मंच है जो कोविड-19 की जीनोम सिक्वेंसिंग और वायरस की भिन्नता का अध्ययन व निगरानी करता है। इसे

लौटा कोरोना का डर

दिसंबर 2020 में गठित किया गया था। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सब-वैरिएंट जेएन-1 का पता लगने के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्कता बरतने को कहा है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बुधवार को देशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन1 के तेजी से बढ़ते प्रसार को देखते हुए इसे एक अलग वैरिएंट के रूप में वर्गीकृत किया है। हालांकि, विश्व स्वास्थ्य निकाय ने कहा है कि यह वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए कम खतरा पैदा करता है।

एक दिन में 614 मामले

स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट आंकड़ों के मुताबिक, भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 614 नए मामले सामने आए हैं। यह 21 मई के बाद से सबसे अधिक है। वहीं, सक्रिय मामले बढ़कर 2,311 हो गए हैं।

घबराने की जरूरत नहीं: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उप मुख्मयंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कोरोना का नया सब वैरिएंट से घबराने की जरूरत नहीं है। प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडविया की अध्यक्षता में देश के सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की वर्चुअल बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश की स्थिति से वाकिफ कराया। बताया कि उत्तर

अस्पतालों में है पर्याप्त इंतजाम

प्रदेश के हर अस्पताल में आक्सीजन से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली गई हैं। व्यापक स्तर पर जांच कराया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई मरीज नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर सामने आने वाले केस में कोरोना का कोई नया वैरिएंट नहीं मिला है बल्कि यह सब वैरिएंट हैं।

किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासन: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिए।डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। उन्होंने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके। उप निदेशक (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने कहा कि किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।बैठक में डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सत्येन्द्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि किसानों को क्षति से बचाने के लिए पीएम फसल बीमा का सुरक्षा कवच किसानों को प्रदान किया है। किसान रबी फसलों का बीमा 31 दिसंबर से पहले करा लें, ताकि किसी भी दशा में फसल क्षति होने पर उन्हें मायूस न होना पड़ा फसल की सुरक्षा और आपदा में नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए जनपद खीरी के लिए फसली वर्ष- रबी 2023-24 के लिए अधिसूचित फसल (गेहूं, जो, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी एवं आलू) का पीएम फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई अपनी फसल का बीमा कराएं। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से अनुसूचित क्षेत्र में कोई बोई गई अधिसूचित फसल को बीमा कवर प्रदान करना, कृषि में उन्नति तकनीक के प्रयोग को बढ़वा देना और आपदा वर्षों में कृषि आय को स्थिर रखता है।उन्होंने बताया कि बीमा कराने के लिए किसान भाइयों के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता सम्बन्धी प्रपत्र, भूमि स्वामित्व सम्बन्धी प्रपत्र, बटाई प्रमाण-पत्र, फसल बुआई का प्रमाण-पत्र (स्व-सत्यापित) एवं मोबाइल नम्बर जरूरी दस्तावेज है। कृषक द्वारा अधिसूचित फसल गेहूं, मसूर, लाही-सरसों, के लिए देय प्रीमियम बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत और अधिसूचित फसल आलू के लिए बीमित राशि का पांच फीसदी जमा करना होगा। कृषकों द्वारा देय प्रीमियम राशि के अलावा अन्य कोई शुल्क बीमा के लिए देय नहीं है। किसान भाई बीमा करवाने के लिए अपनी नजदीकी बैंक शाखा, जन-सेवा केन्द्र (सीएससी), भारत सरकार क्क्वद्धड्ड क्क्षद्धह्लड्डद्य (222.श्चद्वद्बड्ड4.द्द1.द्बठ्ठ), क्रियान्वयन अभिकरण के अधिकृत बीमा मध्यस्थ / कार्यालय में संपर्क स्थापित कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नं0 1800-889-6868 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है।

फंदे से लटकता पाया गया युवक का शव

लखीमपुर खीरी। ओयल चौकी क्षेत्र के ग्राम महम्मदाबाद में एक युवक का शव फंदे से लटकता पाया गया। परिजन आत्महत्या की आशंका जाहिर कर रहे हैं। गांव निवासी राम मिलन (23) पुत्र इश्वरदीन की एक साल पहले शादी रावन कलां थाना मितौली गांव से हुई थी। पिता ईश्वर दीन ने बताया कि बहू तीन माह पहले मायके गई थी, तब से वह नहीं आई। उसका बेटा राम मिलन बाइक से ससुराल अपनी पत्नी को लेने गया था। आरोप है कि वहीं ससुरालजनों ने उसे मारा-पीटा और भगा दिया। सोमवार शाम को वह वापस घर आया था। रात को कमरे में सोने के लिये चला गया था। सुबह उसको बुलाने गए तो देखा कि कमरे कुंडे में साड़ी के फंदे से वह लटकता पाया गया। सुचना पर चौकी प्रभारी विनोद सिंह ने मय फोर्स पहुंचकर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर जिला मुख्यालय भेज दिया।

एआरटीओ ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

अवधनामा संवाददाता

त्क्ष्ड्ढ4 त्क्ष्ह्यड्ढह्य×द्बद्ग0 2

लखीमपुर खीरी। जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने, सडक् दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में 31 दिसंबर तक ÷द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा÷ मनाया जा रहा है। बुधवार को पखवाड़ा के पंचम दिवस को परिवहन कार्यालय में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक स्वास्थ्य विभाग के डा. शिखर बाजपेयी, डा.कृतिका रैना के सहयोग से स्वास्थ्य कैम्प (नेत्र/स्वास्थ्य परीक्षण) का आयोजन हुआ।उक्त स्वास्थ्य कैम्प में लगभग 350 निजी एवं व्यवसायिक वाहन चालकों एवं कार्यालय में आये आवेदकों का नेत्र/स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य कैम्प में एआरटीओ आलोक कुमार, पीटीओ कौशलेन्द्र यादव, आरआई पंकज एवं कार्मिक तुषार सक्सेना, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, राज कुमार, अशोक कुमार वर्मा, शिफा अंसार, अंचल वर्मा, जगजीत सिंह, अविनाश दीक्षित(डीबीए) तथा वाहन यूनियनों के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वाहन चालन में स्वास्थ्य एवं नेत्रों का स्वस्थ होना जरूरी

एआरटीओ आलोक कुमार ने कैम्प में उपस्थित चालक-आवेदकों से अपील की कि सुरक्षित यात्रा एवं वाहन चालन में स्वास्थ्य एवं नेत्रों का स्वस्थ होना जरूरी है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को समय समय पर अपना नेत्र एवं स्वास्थ परीक्षण कराना चाहिए। कैम्प में आये हुए तमाम लोगो को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा कार्मिकों द्वारा चालकों-आवेदकों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पेम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए

चोरी की घटना में लिप्त कबाडी समेत दो चोर दबोचे

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर एक कबाड़ी समेत 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी की 03 बैट्री व 01 घटना में प्रयुक्त 01 स्कूटी बरामद की गई है।

गौरतलब रहे कि 20 दिसम्बर को मौ.आसिफ अन्सारी पुत्र मौ.सईद अन्सारी निवासी आईसीसीसी प्रोजेक्ट सहारनपुर स्मार्ट सिटी ने ब्रजेश नगर पुल के पास जंक्सन वाक्स से बैट्री चोरी करने व सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के संम्बन्ध मे थाने पर अज्ञात चोरों के खिलु मुकदमा पंजीकृत कराया था।

बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशों के अनुपालन में सदर बाजार प्रवेश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर स्कूटी सवार अभियुक्त रोहताश कुमार सैनी उर्फ सोनू पुत्र राधेश्याम सैनी मौहल्ला ब्रहमपुरी कालोनी थाना सदर बाजार सहारनपुर व तैय्यब पुत्र अफ्जाल निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात सहारनपुर को रेलवे फाटक के पास आईआईटी गेट के सामने से गिरफ्तार किया। स्कूटी सवार अभियुक्तों से स्कूटी टीवीएस जुपीटर व स्कूटी पर रखी तीन बैटरी बरामद हुयी। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

एक ही मंडप में गूंजे वैदिक मंत्र, पढ़ा गया निकाह

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। समाज कल्याण विभाग की तरफ से तहसील निघासन के ग्राम बम्हनपुर के एक ग्राउंड में आयोजित महास्वयंवर यानी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शनिवार को हिंदू रीति-रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 164 गरीब कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ। वहीं 15 कन्याओं का मुस्लिम रीति-रिवाज से निकाह पढ़ा गया। राज्यमंत्री (स्व.प्र.) समाज कल्याण विभाग उप्र सरकार असीम अरूण की अगुवाई में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अफसरो ने नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र के अलावा सरकार की और से दिये जाने वाला जरूरी सामान भी दिया। विवाह के दौरान राज्यमंत्री (स्व.प्र.) समाज कल्याण विभाग उप्र सरकार असीम अरूण, विधायक रोमी साहनी, शशांक वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर सहित सभी गणमान्य लोगों ने वर-वधू को शुभ आशीर्बाद देते हुए कहा सरकार ने इस कार्यक्रम के द्वारा उन गरीब माँ-बाप की बेटियों के हाथ पीले कर उनको नये जीवन की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई है। जन-प्रतिनिधियो द्वारा जोड़ों को उपहार सामग्री वितरित करते हुये उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। नवदंपती को आशीर्वाद देते हुए राज्यमंत्री (स्व.प्र.) समाज कल्याण असीम अरुण ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम सीएम की दूरदर्शिता का परिणाम है। उनकी सोच से ही सामाजिक एकता के साथ सभी एक पंडाल के नीचे शादी के अटूट बंधन में बंध रहे हैं। सीएम सामूहिक विवाह योजना एक अच्छी पहल है, जो गरीब परिवार के लिए वरदान साबित हो रही। अब गरीब परिवारों की बेटियों की शादी भी धूमधाम से हो रही है। सीएम सामूहिक विवाह योजना निर्धन कन्याओं का सरकारी खर्च पर निशुल्क विवाह कराने की एक अनूठी योजना है। शादी का पूरा खर्च सरकार वहन कर रही है। विवाह संस्कार जीवन का एक पवित्र गठबंधन है।भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सभी नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने पर शुभकामनाएं दी। विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि उनकी ईश्वर से प्रार्थना है कि वर-वधू सम्पूर्ण जीवन खुशहाल ज़िन्दगी बसर करें और इनके जीवन में कोई कष्ट न आए.विधायक रोमी साहनी ने कहा कि सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गंगा-जमुनी तहजीब देखने को मिली।

नवयुगलों को मिला प्रमाणपत्र और उपहार

समाज कल्याण महकमे की ओर से आयोजित इस समारोह में 179 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते राज्यमंत्री (स्व.प्र.) समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार असीम अरूण, विधायक रोमी साहनी, शशांक वर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने मंच से 15 नवयुगलों को प्रमाणपत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किए। प्रमाणपत्र देने के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।

परिणय सूत्र बंधन में बंधने वाले जोड़े एक नजर...

कुल जोड़े- 179 , नगरीय क्षेत्र 01, ग्रामीण क्षेत्र 178, सामान्य 03, अल्पसंख्यक 15, ओबीसी 62 एससी 66, एसटी 33

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना गौरीफन्टा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 36/2023 धारा 302/201/364 भा.द.वि. में नामित/वांछित अभियुक्त अनिकेत पुत्र बालगोविन्द नि0गण मो0 ढाकिन थाना पलिया जिला खीरी को बहद ग्राम निझौटा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त उपरोक्त का न्यायालय भेजा गया।

जिला जज द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण

रायबरेली। जिला जज रायबरेली, जिलाधिकारी रायबरेली व पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा जिला कारागार रायबरेली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इस दौरान जिला कारागार में स्थित बैरकों का निरीक्षण किया गया एवं निरूद्ध बन्दियों द्वारा बतायी गयी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस अवसर जिला कारागार अधीक्षक, प्रभारी जेलर व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

थाना शिवगढ़ पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार

रायबरेली। अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत 20 दिसम्बर थाना शिवगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना शिवगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0स0-500/2023 धारा-379/411 भादवि से संबंधित/वांछित अभियुक्तगण 1.अरुण कुमार पुत्र प्रतिपाल निवासी ग्राम पहरावां थाना महराजगंज जनपद रायबरेली 2. धर्मेन्द्र यादव पुत्र भारत लाल निवासी ग्राम हसनगंज थाना महराजगंज जनपद रायबरेली को थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा नहर पटरी के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा थाना ऊंचाहार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना ऊंचाहार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया व थाना परिसर में बने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर नियुक्त महिला आरक्षियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । साथ ही कार्यालय के अभिलेखों अपराध रजिस्टर/ आगन्तुक रजिस्टर, माल के रख-रखाव, सीसीटीएनएस कम्प्यूटर कक्ष,पेयजल की व्यवस्था, भोजनालय, परिसर की साफ-सफाई व थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरों आदि की समीक्षा की गयी तथा स्टोर व हवालात का निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना ऊंचाहार को रात्रि चेकिंग/पिकैट ड्यूटी/बैरियर ड्यूटी आदि के संबंध में विशेष सक्रियता रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

23 दिसम्बर को मनाया जायेगा किसान सम्मान दिवस

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि माननीय स्व.चौ. चरण सिंह भूतपूर्व प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 23 दिसम्बर को किसान सम्मान दिवस के रूप में समुचित निष्ठा एवं गरिमा के साथ जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर मनाया जायेगा।

किसान सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना के अन्तर्गत किसान गोष्ठी एवं किसान प्रदर्शनी का आयोजन 23 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे से राजकीय आईटीआई मैदान में किया जायेगा। उन्होने संबंधित समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय सूचनाओं एवं कृषकों सहित निर्धारित समय पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें तथा कृषकों से संबंधित अपनी विभागीय योजनाओं, गतिविधियों, सुविधाओं के स्टॉल जिला कृषि अधिकारी से सम्पर्क कर आयोजन स्थल पर लगाना सुनिश्चित करें।

सेप्टिक टैंकों से डी-स्लज खाली करने की बड़ी योजना शुरु

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सरकारी कार्यालयों, सरकारी अस्पतालों, सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों व काशीराम कॉलोनियों के सेप्टिंक टैंकों से अधिसूचित तरीके से डी स्लज खाली कर नवनिर्मित को-ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए 'सेप्टिंक टैंक संस्थागत अधिसूचित डी स्लज प्लान' की आज नगर निगम द्वारा शुरुआत की गयी। आईसीसीसी से इस योजना की मॉनीटरिंग की जायेगी। इस योजना के शुरु होने के साथ ही 'इज़ ऑफ सैप्टिक मैनेजमेंट' हेतु की जा रही शहरों की स्टार रेंटिंग के लिए सहारनपुर टू स्टार रेटिंग का दावेदार हो गया है।

पेपर मिल रोड स्थित काशीराम कॉलोनी के सेप्टिंक टैक को डी स्लज मशीन द्वारा खाली करने के साथ ही आज इस योजना का शुभारंभ नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देशन में किया गया। मल्हीपुर रोड स्थित यमुना एक्शन प्लांट परिसर में नवनिर्मित 25 केएलडी का को-ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। यह प्लांट नगर निगम को हैंड ओवर किया जा चुका है, लेकिन इसका संचालन जल निगम द्वारा किया जा रहा है। सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लांट में इसकी क्षमता 25 केएलडी है यानि इसमें 25 हजार लीटर सेप्टेज पहुंचाने का कार्य 60 प्रतिशत नगर निगम द्वारा तथा 40 प्रतिशत प्राइवेट ऑपरेटरों द्वारा किया जायेगा। अभी शहर में दस प्राइवेट ऑपरेटर अधिकृत रुप से कार्य कर रहे हैं जिन्हें नगर निगम द्वारा लाइसेंस दिया गया है।

योजना की जानकारी देते हुए नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने बताया कि इस योजना को लॉच करने का उद्देश्य स्लज को नाले नालियों में न बहाकर उसका ट्रीटमेंट प्लांट पर पहुंचाकर वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करना है। निगम द्वारा 54 सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालयों, दो काशीराम कॉलोनियों, समस्त राजकीय कार्यालयों, राजकीय स्कूलों और सभी राजकीय अस्पतालों के सेप्टिक टैंकों से डि-स्लज खाली करने के लिए एक रोस्टर बनाया गया है। रोस्टर के अनुसार इन सेप्टिंक टैंकों को खाली कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा आठ डी स्लज मशीनों द्वारा सेप्टिंक टैंक खाली करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आईसीसीसी से इस योजना की मॉनीटरिंग की जायेगी। सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक तीन साल में हर व्यक्ति को अपना सेप्टिंक टैंक खाली कराना अनिवार्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नियमानुसार अपना सेप्टिंक टैंक प्रत्येक तीन साल बाद खाली करायें।

इस योजना के क्रियान्वयन की जानकारी के लिए आज दिल्ली से सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के हर्ष यादव भी सहारनपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस योजना के शुरु होने के साथ ही भारत सरकार द्वारा ''इज़ ऑफ सैप्टिक मैनेजमेंट'' हेतु की जा रही शहरों की स्टार रेंटिंग में सहारनपुर नगर निगम टू स्टार के लिए दावेदार हो गया है। काशीराम कॉलोनी में शुरु की गयी उक्त योजना लॉच किये जाने के अवसर पर नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के अलावा सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के हर्ष यादव, जेडएसओ राजीव चौधरी व मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, सफाई निरीक्षक सुधाकर व पार्षद राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

पम्पलेट व स्टीकरों से वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत परिवहन विभाग एवं ट्रैफ्रिक वार्डनों द्वारा पम्पलेट व स्टीकर के माध्यम से वाहन चालकों को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। शासन के दिये गये निर्देशानुसार द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने के क्रम में सम्भागीय परिवहन कार्यालय के सभागार में देवमणि भारतीय, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सहारनपुर व वीके सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के निर्देशन में बस, ट्रक, ऑटो ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सडक सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुये सडक सुरक्षा एवं यातायात नियनों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यशाला के उपरान्त चौकी राकेश कैमिकल, ट्रांसपोर्ट नगर सहारनपुर में परिवहन विभाग एवं ट्रैफ्रिक वार्डनों द्वारा पम्पलेट व स्टीकर के माध्यम से वाहन चालकों को सडक सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले चालकों के वाहनों पर सडक सुरक्षा सम्बन्धी स्टीकर लगाते हुये हेलमेट व सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाये जाने हेतु जागरूक किया गया तथा नियम विरुद्ध पाये जाने पर नियमानुसार चालान व बन्द की कार्यवाही की गयी।

दया चीनी मिल द्वारा किया गया 30 करोड़ का भुगतान

सहारनपुर। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र के प्रयासों से जनपद सहारनपुर में दया चीनी मिल के बकाया 39 करोड में से 30 करोड़ रूपये का भुगतान कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शेष 09 करोड़ रूपये भी दिसम्बर माह में ही भुगतान कर दिया जाएगा।

अवगत कराना है कि प्रथम 10 करोड़ की किस्त 30 नवंबर, द्वितीय 10 करोड़ की किस्त 10 दिसम्बर को, तृतीय 10 करोड़ की किस्त 20 दिसम्ब्हार को किसानों के खातों में भेज दी गयी है। जिलाधिकारी ने शेष रकम को हुए समझौते के आधार पर यथाशीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। कृषक बंधुओं में जिलाधिकारी के प्रयासों से हुए भुगतान पर खुशी व्यक्त करते हुए आभार जताया।

लाईनमैन की करंट लगने से मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। बेहट क्षेत्र के गांव पथरवा में खेत में विद्युत लाइन ठीक कर रहे लाइनमैन की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर अस्पताल बेहट पहुंचाया। विभाग के अधिकारियो के मौके पर ना आने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों को अश्वासन देने के बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। हादसा बुधवार का है। गांव पथरवा निवासी साजिद पुत्र इरफान उर्फ फन्ना बेहट बिजली घर पर लाइनमेन के पद पर तैनात है । साजिद पथरवा फीडर से गांव के पास एक किसान के नलकूप की 11 हज़ार की लाइन को ठीक कर रहा था तो अचानक लाइन में करंट आ गया और करंट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सुचना विधुत विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर सरकारी अस्पताल में ले गए। मौके पर विभाग के अधिकारी ना पहुंचने पर परिजनो वे ग्रामीणों में रोष फैल गया और ग्रामीण अस्पताल में पहुंच गए और हंगामा कर दिया। बाद में कोतवाली में विभाग के अधिकारियो और ग्रामीणों मे वार्ता हुई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा परवान चढ़ती आ रही नजर

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। विकसित भारत संकल्प यात्रा परवान चढ़ती नजर आ रही है। इसके तहत महराजगंज नगर में लगाए जा रहे शिविरों में नगर वासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को महराजगंज कस्बे के चंद्रपुर रोड पर स्थित पशु चिकित्सालय में लगाए गए शिविर में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रति नगर वासियों का आकर्षक नजर आया। शिविर का शुभारंभ नगर की चेयरमैन सरल साहू और अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आपको बता दें कि, अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने बताया कि, आज पशु चिकित्सालय में तीसरा शिविर लगाया गया। जिसमें पीएम विश्वकर्म योजना के तहत 22 लोगों ने और पीएम स्वानिधि योजना के तहत 12 लोगों ने अपने-अपने फार्म भरकर सबमिट किए तथा लगाए गए तीनों दिन के शिविरों में पीएम विश्वकर्म योजना के तहत 68 और पीएम स्वानिधि योजना के तहत 42 पात्र लाभार्थियों ने अपने-अपने फार्म भरकर योजनाओं का लाभ पाने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अगले शिविर जनवरी माह में लगाए जाएंगे। अपर्णा मिश्रा ने कहा कि, शिविर में आने वाले नगर वासियों को योजनाओं के बारे में पर्याप्त जानकारी दी गई, तथा पात्र व्यक्तियों के दस्तावेज प्राप्त कर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण की गई। नगर अध्यक्षा सरल साहू ने कहा कि, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का सुनहरा अवसर है। नगर जन यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। जिसकी वजह से लगाए जा रहे कैंप सफल क्रियान्वित हो रहे है। उन्होंने कहा कि, शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आम जन आधिकारिक संख्या में योजनाओं में पंजीकरण कर लाभ उठा रहे हैं। उनका प्रयास है कि, नगर के प्रत्येक संभावित लाभार्थी तक आवश्यक रूप से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने इस दौरान कैंप में उपस्थित नगर के कर्मचारियों, सभासदों और विभिन्न विभाग के प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र त्यागी, जमुना प्रसाद लिपिक के अलावा सभासदों विनीत वैश्य, मुस्ताक रायनी, नूरुल हसन, जमुना विधायक, रामकुमार, सलीम कुरैशी, आनंद कुमार, ललित, चंद्रकेश मौर्य, गौस मोहम्मद समेत सभी सभासदों और लाभार्थी मौजूद रहे।



बीमा न कराने वाले कृषक 24 दिसम्बर तक बैंक को दें लिखित सूचना

सहारनपुर। रबी 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमा कराने की बाध्यता जो ऋणी किसानों के लिए अनिवार्य थी उसे सरकार द्वारा ऐच्छिक कर दिया गया है, परन्तु इसकें लिए कृषकों को 24 दिसम्बर, 2023 तक अपने बैंक में जाकर इसकी लिखित सूचना देनी होगी कि वह अपना बीमा नही कराना चाहतें, सूचना न देने की स्थिति में बैंक द्वारा प्रीमियम की धनराशि स्वत काट ली जायेगी। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के निर्देशों के अनुपालन में जिला कृषि अधिकारी धीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमन्त्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 रबी में अधिसूचित फसलें जैसे गेहूँ पर कुल बीमित राशि 86000 रूपये का 1.5 प्रतिशत अर्थात् 1290 रूपये प्रति हैक्टेयर तथा मसूर पर बीमित राशि 68500 रूपये का 1.5 प्रतिशत अर्थात् 1027.50 रूपये प्रति हैक्टेयर, प्रीमियम निर्धारित है।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में 31 दिसंबर 2023 तक चल रहा है द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

गौतमबुद्धनगर। आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति संवेदीकृत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में 15 से 31 दिसंबर 2023 तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी श्रृंखला में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आज जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने व यातायात नियमों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग के द्वारा पंपलेट व वाहन चालकों को फूल वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही अभियान चलाकर 103 व्यावसायिक वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई एवं वाहनों में बैक लाइट/फॉग लाइट मानकों के अनुरूप लगाने के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत पुलिस एवं परिवहन विभाग के द्वारा 12 ओवरलोडेड वाहन, 23 विपरीत दिशा में चलने वाले वाहनों एवं 11 वाहन चालकों का नशे की हालत में पाए जाने पर चालान किया गया। सहायक संभागीय के परिवहन अधिकारी प्रर्वतन ने बताया कि द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जिलाधिकारी के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार आगामी दिवसों में भी आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

छात्रों को जागरूक करने के लिए हुआ व्याख्यान

कानपुर। सीएसए में वानिकी एवं कृषि महाविद्यालय के छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर एसपी सिंह ने एडमिशन आउट रीच एवं ग्रीन बजटिंग तथा एनवायरमेंट अकाउंटिंग विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। ताकि उच्च शिक्षा में प्रवेश कैसे लिया जाय व पर्यावरण सुरक्षा करते हुए रोजगार का अवसर ढूंढा जाए व आय में वृद्धि की जाए। इस अवसर पर वानिकी महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ मुनीष कुमार ने छात्रों को जागरुक करते हुए बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत 2047 पर देश के युवा किस प्रकार से अपना योगदान दे सकते हैं और हम 2047 में कैसा भारत देखना चाहते है ।इस विषय पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ सी एल मौर्य ने छात्रों को प्रेरित किया कि किस प्रकार से छात्र विकसित भारत की कल्पना को साकार करने में अपनी भूमिका निभायेंगे । साथ में डॉ सर्वेश कुमार तथा अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखें।

आयुक्त ने मण्डलीय विकास कार्यों कर करेत्तर व राजस्व की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। मण्डलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों, कर-करेत्तर व राजस्व की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी, बैठक में जिलाधिकारी कानपुर नगर विशाख जी, जिलाधिकारी कानपुर देहात आलोक सिंह, जिलाधिकारी औरैया नेहा प्रकाश, जिलाधिकारी कन्नौज शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, जिलाधिकारी इटावा अवनीश राय, संयुक्त विकास आयुक्त एनबी सविता, मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर सुधीर कुमार सहित मण्डल के सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य वन संरक्षक के0के0 सिंह, उप निदेशक अर्थ एवं सांख्यकी रजनीश राजपूत व सम्बन्धित विभागों के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा दिये गये महत्वपूर्ण निर्देश जनपदों में यह सुनिश्चित कराया जाये कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के परिसर में तथा परिसर के बाहर आस-पास किसी भी प्रकार का जल भराव एवं गन्दगी नहीं रहे। जनपदों में की गयी कार्यवाही के फोटोग्राफ उपलब्ध कराए जाए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालायों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थिति जनपद औरैया की सबसे कम है। गत माह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई थी। आगामी माह में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर सम्बन्धित का दायित्व निर्धारित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के अन्तर्गत ग्रामों में गृहों अथवा प्रतिष्ठानों से संग्रहित अपशिष्ट के सम्बन्ध में जनपद कानपुर नगर के मॉडल के अनुसार मण्डल के अन्य जनपद कार्यवाही करें। जनपदों में जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के अवशेष जर्जर भवनों की 7 दिवस में नीलामी सुनिश्चित करायी जाये। जनपदों में फसल अवशेष तथा कूड़ा जलाने की घटनाएं प्रकाश में आने पर तत्काल अर्थदण्ड/दण्डात्मक कार्यवाही की सुनिश्चित करायी जाए। जनपदों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप धान क्रय की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। जनपदों में निराश्रित गोवंशों को संरक्षित कराया जाये, शीत ऋतु के दृष्टिगत आश्रय केन्द्रों पर पशुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाए। यह सुनिश्चित करें कि हाईवे पर किसी भी दशा में निराश्रित गोवंश नहीं पाया जाए। मिशन मिलियन सेक्सड कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के तहत अच्छी प्रगति सुनिश्चित की जाए। पालतू पशुओं को खुला छोड़ने पर संरक्षक से जुर्माना वसूला जाए। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन डाले जाने हेतु सड़कों को तत्काल मोटरेबल बना दिया जाए। मुख्य विकास अधिकारी रेट्रोफिटिंग कार्यों को ग्राम पंचायत को हस्तगत कराने से पूर्व स्वयं गुणवत्ता सम्बन्धित सत्यापन आवश्यक करा लें।

मुमताज हत्याकांड का खुलासा, मुख्य हत्यारोपी व दो बाल अपचारी गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। चार दिन पूर्व कसया थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या कर सर धड़ से अलग कर नदी फेंक देने के मामले में पुलिस ने बुधवार को इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य हत्यारोपी सहित दो अन्य बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल व बाइक बरामद की गई है।

- चार दिन पूर्व हत्या कर सिर धड़ से अलग कर नदी में फेंक दिया था
- कसया थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव का मामला

पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी धवल जायसवाल ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि अभियुक्त इसहाक व मृतक मुमताज की आपस में बनती नही थी जिस कारण मुमताज आए दिन इसहाक को गाली गुप्ता देता रहता था व इसहाक यूट्यूब पर अपना चैनल बनाया था जिसपर रिल व विडियो बनाकर डालता था जिसको लेकर मृतक मुमताज, इसहाक का मजाक पूरे गांव वालो के साथ उड़ाता था तथा अभियुक्त इसहाक की मुमताज की बहन से बात चीत होती थी जिसको लेकर मुमताज अपनी बहन को मारा पीटा था जिसके बाद मुमताज की बहन ने इसहाक से बात करना बन्द कर दिया इसके बाद इसहाक अपने नजदीकी मित्रो के साथ मिलकर योजना बनाया कि मुमताज को रास्ते से हटा दिया जाये तत्पश्चात 16 दिसंबर 2023 की शाम को इसहाक, द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर मुमताज की हत्या कर सिर को काटकर नदी में फेक दिया जिससे की पहचान न हो सके।

उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए टीम गठित कर दिया था। बुधवार को हत्याकांड का मुख्य हत्यारोपी कहीं भागने के फिराक में था। पुलिस सक्रियता दिखाते हुए प्रेमनगर से कोट मंदिर जाने वाले मार्ग पर घेरा बन्दी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशानदेही पर आला कत्ल दाव व घटना में प्रयुक्त मो.सा. को पुलिस टीम की मदद से मात्र 48 घण्टे में बरामद कर घटना का सफल अनावरण किया गया। घटना में शामिल अभियुक्त इसहाक अली पुत्र मुर्तजा हुसैन व निवासी कोल्हुआ थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया तथा दो अन्य बाल अपचारियों को पुलिस हिरासत में लेकर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

हत्यारोपी से मृतक की बहन से था अवैध संबंध

अभियुक्त इसहाक की मुमताज की बहन से अवैध संबंध था। बात चीत होती थी जिसको लेकर मुमताज अपनी बहन को डांटा और मारा पीटा था जिसके बाद मुमताज की बहन ने इसहाक से बात करना बन्द कर दिया इसके बाद इसहाक अपने नजदीकी मित्रो के साथ मिलकर योजना बनाया कि मुमताज को रास्ते से हटा दिया जाय। तत्पश्चात 16 दिसंबर 2023 की शाम को इसहाक, द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मुमताज की हत्या कर सिर को काटकर नदी में फेक दिया जिससे की पहचान न हो सके।

जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। देर रात तक चले चुनाव सभा मे जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन की टीम 2024 का हुआ चुनाव जिसमें अध्यक्ष जेसी मोहित मित्तल सचिव जेसी सलील के श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष जेसी किशन अग्रवाल उपाध्यक्ष जेसी आयुष गर्ग, जेसी विभोर पोद्दार, जेसी बिट्टू जालान, जेसी अनुपम अग्रवाल, जेसी सौरभ अग्रवाल, संयुक्त सचिव जेसी आदित्य रुंगटा जनसंपर्क अधिकारी जेसी अभिनव अग्रवाल निर्देशक जेसी आकाश सिंघल, जेसी प्रशान्त दास, जेसी आकाश गर्ग, जेसी अभिप्राय अग्रवाल, जेसी चन्दन अग्रवाल, जेसी अनीकेत अग्रवाल, जेसी निखिल बुधवानी, जेसी आकाश अग्रवाल को विजयी घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी जेसी मयंक मित्तल ने विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करते हुए कहा कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी जेसीआई गोरखपुर मिडटाउन मे चुनावी प्रक्रिया के तहत चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें की विजयी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई एवं माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी गयी। संस्था के अध्यक्ष जेसी गौरव जालान ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी मोहित मित्तल को शपथ ग्रहण कराया। उक्त अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष जेसी पुनीत अग्रवाल, जेसी गौरव जिंदल, जेसी विवेक अग्रवाल, जेसी विनीत पोद्दार, जेसी पीयूष जैन, जेसी संकेत अग्रवाल, जेसी मयंक मित्तल वर्तमान अध्यक्ष जेसी गौरव जालान की चुनाव प्रक्रिया में अहम भूमिका रही। उक्त अवसर पर संस्था के सदस्य जेसी अमित जगनानी, जेसी विशाल अग्रवाल, जेसी विकास अग्रवाल, जेसी उत्तम अग्रवाल, जेसी अंकुर जालान, जेसी संकल्प जैसवाल, जेसी विकास जालान, जेसी सौरभ जालान, जेसी जेसी संचित भालोटिया,जेसी रजत लाठ, जेसी सौरभ कक्कड़, जेसी कमलेश आदि सदस्य उपस्थित रहे उपरोक्त जानकारी संस्था के जनसंपर्क अधिकारी जेसी किशन अग्रवाल ने दी।

दसवें सिख गुरु के पुत्रों की स्मृति में 26 को वीर बालक दिवस के रूप में मनाया जाएगा

कानपुर अवधनामा संवाददाता। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं क्षेत्र के मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बालक दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर नरेंद्र मोदी ने यह घोषणा की थी कि दसवें सिख गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह की स्मृति में वीर बालक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। श्री पाल ने कहा की प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी अपने सभी 17 संगठनत्मक जिलों के सभी 254 मंडलों में वीर बालक दिवस के रूप मे मनाएगी। बैठक में विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत चल रही मोदी की गारंटी वैन की भी समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा की 25 जनवरी तक चलने वाली मोदी गारंटी वैन का लाभ जन जन तक पहुंचा कर विकसित भारत के प्रधानमंत्री के संकल्प को मोदी जी का ध्वजवाहक बन कर पूर्ण करना है। 25 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल विहारी बाजपेई के जन्म दिवस पर बूथ स्तर पर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

सड़क सुरक्षा के प्रति चालको को किया जागरूक

कानपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देश के क्रम में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत नौबस्ता रामादेवी, जाजमऊ के पास टेम्पो/आटो/ई-रिक्शा /बस के चालकों को एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम राजेश राजपूत द्वारा सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पत्रक वितरित किए गए। साथ ही साथ स्मोक मीटर द्वास चालकों का परीक्षण भी किया गया। जिसमें लगभग 245 लोगों को पत्रक देकर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी दी गयी। इसके अलावा शहीद मेजर सलमान अन्तर्राज्यीय बस स्टैण्ड झकरकटी कानपुर में भी एक स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण का कैम्प लगाया गया। जिसमें लगभग 156 चालक / परिचालक लोगों ने जांच करायी।

गरीब जनता के साथ खड़ी है भाजपा सरकार: मणि

देवरिया अवधनामा संवाददाता। विकसित भारत संकल्प यात्रा के देवरिया के अंतर्गत बैतालपुर ब्लाक क्षेत्र के सेखौना गांव में बुधवार को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाते हुए पात्र व्यक्तियों को आवास की चाबी वितरित की गई। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी पूर्व विधायक ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सहित ग्राम प्रधान के तमाम योजनाओं को आम जनता तक भाजपा सरकार पहुंचा रही है। इसके लिए गांवों में कैंप लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर राय, विजय कुमार दुबे, अखिलेश्वर राय, मंडल अध्यक्ष उमेश मल्ल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिंटू सिंह, विकास मणि त्रिपाठी, रितेश सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

समस्त पेंशन धारक फ्रॉड फोन कॉल्स से सावधान रहें

अवधनामा ब्यूरो

- फोन कॉल पर वेतन या पेंशन से सम्बन्धित अकाउंट नंबर, पैन कार्ड नंबर या अन्य कोई भी सूचना न दें
- कोषागार अपने स्तर से किसी भी प्रकार का कॉल या मैसेज प्रेषित नहीं करता

लखनऊ। आदर्श कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ से पेंशन आहरित करने वाले समस्त पेंशन धारक फ्रॉड फोन कॉल्स से सावधान रहें। पेंशन धारकों के मोबाइल नंबर पर यदि किसी भी प्रकार की कोई ऐसी कॉल आती है, जिसमे पेंशन धारकों से वेतन या पेंशन से सम्बन्धित कोई जानकारी मांगी जा रही है तो उस कॉल को डिस्कनेक्ट कर दें और किसी प्रकार की जानकारी न दें। ऐसे फोन कॉल पर किसी को अकाउंट नंबर, पैन कार्ड नंबर या अन्य कोई भी सूचना न दें।

यह अपील मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ श्री आनंद कुमार ने आदर्श कोषागार जवाहर भवन लखनऊ से पेंशन आधारित करने वाले समस्त पेंशन धारकों से की है। श्री कुमार ने कहा है कि मोबाइल फोन पर किसी भी माध्यम से आए हुए फ्रॉड लिंक को न ही खोलें और न ही उसे फॉरवर्ड करें। उन्होंने यह भी कहा है कि इस प्रकार के फ्रॉड फोन कॉल्स या एसएमएस के माध्यम से मांगी गई वेतन या पेंशन से सम्बन्धित कोई भी सूचना न दें। उन्होंने बताया कि कोषागार अपने स्तर से किसी भी प्रकार का कॉल या मैसेज प्रेषित नहीं करता है,उन्होंने सभी पेंशन धारकों को सावधान करते हुए कहा है कि इस प्रकार के फ्रॉड कॉल या मैसेज से सचेत रहें ताकि किसी पेंशन धारक के साथ किसी भी प्रकार कोई धनराशि का गबन न हों।

इमरान बने कांग्रेस आउटरीच विभाग के प्रदेश सचिव

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सिविक एण्ड सोशल आउटरीच विभाग ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें पार्टी के कानपुर से पूर्व कानपुर महानगर अध्यक्ष रहे इमरान पठान को प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव नियुक्त किया है। पार्टी हित में काम करने का उन्हें यह तोहफा मिला है। वहीं मुस्लिम वर्ग को साधने का भी प्रयास किया गया है। इमरान पठान कांग्रेस आउटरीच विभाग में कानपुर महानगर अध्यक्ष रहे हैं, साथ ही युवा कांग्रेस के कई और भी पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।उत्तर प्रदेश कांग्रेस आउटरीच विभाग का सचिव बनाये जाने पर उन्होंने ने कहा कि मैं कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय आउटरीच विभाग के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम पांडे का दिल से बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूँ और विश्वास दिलाता हूँ किं संगठन मजबूती के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगा।

भूख प्यास से जूझ रही गाय क़ाज़ी हाउस प्रभारी विजय चौधरी और ठेकेदार मुर्तुजा वाजपेई अधिकारी बेखबर

अवधनामा संवाददाता

बलरामपुर। आपको बताते चलें ग्राम सभा गूगल कलां योगी सरकार की क़ाज़ी गौशाला मवेशियों के लिए परेशानी बनती जा रही है। बलरामपुर जिला में एक के बाद एक क़ाज़ी गौशाला की स्थिति बद से बदतर निकल रही है। हरैया सतघरवा विकासखंड के ग्राम सभा गूगल कला की क़ाज़ी हाउस गौशाला का भी यही हाल सामने आया है जहां भूख प्यास के कारण उसमे बंद गौबंशो को काला पानी की तरह सजा मिल रही है और साथ में ही इन गौबंशो की बुरी हालत है इसके बावजूद काजी हाउस प्रभारी विजय चौधरी व ठेकेदार मुर्तुजा के द्वारा अभी तक गौबंशो के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है जिससे अधिकारियों की लापरवाही साफ तौर पर देखी जा सकती है कि ग्राम सभा गूगल कला में अन्ना पशुओं की देखरेख के लिए योगी सरकार ने काजी हाउस गौशाला बनवाई है। जिससे अन्ना मवेशियों को सरंक्षित किया जा सके लेकिन इसकी सच्चाई लगातार लोगो के सामने आ रही है जो कि ग्राम सभा गूगल कला की गौसलाओ में अव्यवस्थाओ का अंबार लगा है। इसी वजह से प्रतिदिन क़ाज़ी हाउस गौशालाओ में 1 पर 1 मवेशियो की मौत हो रही है। विकासखंड हरैया सतघरवा के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत ग्राम सभा गूगल कला में बनी अस्थाई क़ाज़ी गौशाला में भूसे और चारे की व्यवस्था न होने के कारण सारी गौवंश भूख और प्यास से जूझ रहे हैं और इन गौबंशो को सुखा भूसा खड़ा प्रणाली खिलाया जा रहा है और नाही इन गौबंशो को चराने के लिए ले जाया जाता है और नही आते है काजी हाउस प्रभारी विजय चौधरी ठेकेदार मुर्तुजा गूगल कला गांव में काजी हाउस गौशाला की देखरेख के लिए इस क़ाज़ी हाउस प्रभारी बिजया चौधरी और न ही देखते ठेकेदार मुर्तुजा आते हैं, जिस कारण यहां पर अव्यस्थाओ का अंबार लगा हुआ है इसके बावजूद भी यहां तैनात काजी हाउस प्रभारी विजय चौधरी व ठेकेदार मुर्तुजा लापरवाही बरतने में लगे हैं। जब हमारे संवाददाता ने यहां की क़ाज़ी गौशाला के मौजूदा हालात देखें तो वहा के लोगो ने बताया है कि रात को सारी गायों को छुट्टा कर दिया जाता है जिससे किसानों की सारी फसल चौपट हो जाती है और किसानों को बड़ी ही परेशानी होती है।

तीन एम्बुलेंस को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाई

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राज्य सरकार द्वारा प्रदत 03 एम्बुलेंसों को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर स्वास्थ सेवा के लिए रवाना किया। इन नए एम्बुलेंस के शामिल होने जनपद के स्वास्थ्य सेवायें और बेहतर होंगी। मुख्यमंत्री जी के निर्देशो पर जनपद से गम्भीर रोगियो को उच्च संस्थानो में ले जाने हेतु तीन नई एडवान्स लाइफ सर्पोट एम्बुलेन्स शासन द्वारा जनपद को उपलब्ध कराई गई हैं। एएलएस एम्बुलेन्सो में सभी जीवन रक्षक उपकरण वेन्टीलेटर सहित से सुसज्जित हैं, तथा आपात स्थितियो में गम्भीर रोगियो को सघन चिकित्सा ईकाई जैसी सुविधाये देते हुये उच्च संस्थान में गम्भीर रोगियों को ले जाने में सक्षम हैं तथा इनके प्रशिक्षित कार्मिक हमेशा उपलब्ध रहते हैं। जन-मानस को आवश्यकता पड़ने पर नियमानुसार निम्नलिखित एएलएस एम्बुलेन्सो की सेवाये टोल फ्री नम्बर-0522 2466510 डायल करने पर प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एनडी शर्मा मौजूद रहे।

एमएल कांवेंट में करयिर काउंसलिंग सेमिनार

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। एमएल कन्वेंट स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। शिक्षकों ने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने और 12वीं के बाद करयिर को लेकर बच्चों की काउंसलिंग की। 12वीं के बाद अक्सर छात्र विभिन्न कोर्स में प्रवेश और करयिर को लेकर चिंतित रहते हैं। ऐसे में उन्हें सही दिशा देने के लिए एमएल कांवेंट स्कूल में अमेठी यूनिवर्सिटी ग्वालियर मध्य प्रदेश के सीनियर मैनेजर महेश चतुर्वेदी एवं शैलजा कुमारी हेड ऑफ़ द डिपार्टमेंट मैकेनिक्स के द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच करियर काउंसलिंग की गई। सेमिनार में काउंसलिंग के जरिए बच्चों को बताया गया कि वह इंटरमीडिएट की परीक्षा में तार्किक और बौद्धिक आधार पर अच्छे अंक ला सकते हैं। 12वीं के बाद उनके लिए अपार भविष्य खुलता है कई क्षेत्र में संभावनाएं के द्वारा खुलते हैं। वह अपनी रूचि के अनुसार किसी भी क्षेत्र में प्रवेश लेकर उसमें अपने करियर को बना सकते हैं। इसके अलावा मेडिकल के लिए नीट, इंजीनियरिंग के लिए जेईई एडवांस्ड और यूसीईटी एग्जाम के बारे में बच्चों का मार्गदर्शन किया गया। बच्चों ने भी करियर को लेकर काउंसलर से सवाल जबाव किए। इस मौके पर रसायन शास्त्र के प्रधान सुनील त्रिपाठी, फिजिक्स प्रधान अनुराग सर, प्रधानाचार्य उदय पांडे, प्रबंधक गौरव गुप्ता मौजूद रहे।

लखनऊ को हराकर मुज्जफरपुर की टीम सेमीफाइनल में

अवधनामा ब्यूरो

- स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 16वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का चौथा दिन

कुशीनगर। पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 16वें वर्ष आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन बुधवार को ग्रुप बी का पहला मैच मुज्जफरपुर और लखनऊ के बीच खेला गया। इसमें मुज्जफरपुर की टीम ने लखनऊ को 51 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। मुज्जफरपुर की तरफ से 80 रनों की शानदार पारी खेलने वाले साहित को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोबाइल फोन दिया गया। मुज्जफरपुर टीम के कप्तान आशीष ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

बल्लेबाजी करने उतरे मुज्जफरपुर के सलामी बल्लेबाज साहित और विश्वजीत गोपाला ने तेज शुरुआत की। 32 रन के स्कोर पर मुज्जफरपुर का विश्वजीत के रूप में पहला विकेट गिरा। इसके बाद खेलने आये आलोक ने रनगति में इजाफा करना शुरू किया। आलोक का विकेट गिरने के बाद खेलने आये रितिक ने टीम को सम्मानजनक स्कोर पर पहुंचा दिया। निर्धारित 25 ओवर के खेल में मुज्जफरपुर की टीम 24वें ओवर में 206 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। मुज्जफरपुर की तरफ से साहिल ने 48 गेंद पर 80 रन, आलोक ने 29 गेंद पर 41, रितिक ने 25 गेंद पर 29, देवांग मिश्र ने 9 गेंद पर 12 रन व आशीष ने 3 गेंद पर 10 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं, लखनऊ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मृदुल ने चार, सचिन ने मलिक ने तीन, अखिलेश ने दो व शमी ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ टीम की शुरुआत ही खराब रही। महज 28 रन के स्कोर पर पहला विकेट गिरा तो किसी भी बल्लेबाज के बीच अच्छी साझेदारी नहीं हो सकी। 23वें ओवर की गेंदबाजी में लखनऊ की टीम 156 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। लखनऊ की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अरशद ने 22 गेंद पर 28, सचिन ने 29 गेंद पर 23, राहुल ने 15 गेंद पर 11, अभिषेक ने 11 गेंद पर 11 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। मुज्जफरपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए आशीष ने तीन, सरफराज ने दो, शमी, विश्वजीत गोपाला, देवांग, रितिक व समीर ने एक-एक विकेट हासिल किया। 80 रन बनाने वाले मुज्जफरपुर के साहिल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोबाइल फोन दिया गया। अंपायर सूरज यादव व अंकित रहे। स्कोरिंग अभिषेक गैरी ने की। कमेंट्री प्रिंस तिवारी ने किया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ डॉ. संदीप अरूण श्रीवास्तव, डॉ. राजीव मिश्र, डॉ. वैभव ज्योति, डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. पीएन राय, डॉ. देवशरण सिंह, डॉ. गिरिजेश जायसवाल, अजय लोहिया, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बीएन मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल, सतीश साहा, इंद्रजीत जायसवाल बबलू, ऋषिकेश मिश्र, समशेर मल्ल, पाली चौरसिया, सज्जाद अली, नीरज सिंह बिट्टू, गुड्डू अंसारी, अजय साहा, लिंकन सिंह, चंदन जायसवाल, विकास जायसवाल, धीरज पाठक, रितेश मल्ल, अभय प्रताप सिंह, आजाद अली, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, विकास वर्मा, अनीष आलम, मुन्ना अली, जितेंद्र साहा, सुरेश रावत, समीर अग्रवाल, किशन साहा आदि मौजूद रहे।

22 को क्विज प्रतियोगिता

कानपुर। सीएसए में परास्नातक (कृषि) एवं पीएचडी अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के छात्र छात्राओं हेतु राष्ट्रीय किसान दिवस के पूर्व 22 दिसंबर को एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ आरके यादव ने दी है।

सूचना

सूचित हो कि मैं तुषार मोहन पुत्र मन मोहन निवासी डब्लू-4, क्षिप्रा अपार्टमेंट, सेक्टर-चार, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ का हूं। आवंटी अतुल कुमार सिंह के प्लाट संख्या बी-1/196, विराम खंड, गोमती नगर, लखनऊ की लीज डीड दिनांक 28-12-1990 क्रमांक नम्बर-49144 खो गयी है। जिसकी एफआईआर एलएआर 20230000814803 दिनांक 6-12-2023 दर्ज है। किसी को कोई आपत्ति हो तो शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, शाखा ठाकुरगंज मोबाइल नम्बर 9891581721 से 15 दिनों में सम्पर्क करें।

सूचना

प्रेस-नोट

मैं लाल जी यादव पुत्र स्व0 ओरी, मुहल्ला चिन्तौरा चौराहा, नेहरूनगर, टाण्डा, जनपद अम्बेडकरनगर का स्थायी निवासी है। मैं कैंसर से पीड़ित हूँ। मेरे परिवार में मेरी पत्नी श्रीमती ज्ञान देवी जो सरकारी सेवा से रिटायर्ड हैं व दो पुत्र क्रमशः विनय यादव उम्र लगभग 42 वर्ष व विशाल यादव उम्र लगभग 32 वर्ष तथा एक विवाहित पुत्री छाया यादव उम्र लगभग 44 वर्ष है। मेरे दोनों पुत्र सेवायोजित है। मेरे कैंसर से पीड़ित होने के बाद मेरी पत्नी व दोनों पुत्र मुझे अकेला छोड़कर चले गये। मैं इस समय अपनी विवाहित पुत्री छाया यादव के साथ उसके घर लखनऊ में रह रहा हूँ। परिवार के लोगों के वर्ताव से क्षुब्ध होकर मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति से इन सभी को बेदखल करता हूँ तथा इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूँ। इस सूचना के बाद यदि एक सप्ताह के अन्दर इनमें से कोई भी मेरी सेवा के लिए आता है और मेरा पूरा ख्याल रखता है। तो मैं अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति उसे दान दे दूँगा, तथा इनमें से अन्य का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

दिनांक: 19-12-2023

लाल जी यादव पुत्र स्व. ओरी,
निवासी मुहल्ला चिन्तौरा चौराहा,
नेहरूनगर, तहसील टाण्डा, जनपद
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलग्राम जनपद हरदोई

सार्वजनिक सूचना
(दाखिला /इन्द्राज)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार कुशवाहा व अमर सिंह पुत्र स्व0 सोबरन सिंह निवासी ग्राम खालेपुरवा पसनेर पोस्ट व परगना व तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई द्वारा अन्दर नगर पालिका मो0 कासूपेट बिलग्राम जनपद हरदोई श्री सुनील कुमार कुशवाहा व अमर सिंह पुत्र स्व0 सोबरन सिंह निवासी ग्राम खालेपुरवा पसनेर पोस्ट व परगना व तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई के नाम से एक प्लॉट दर्ज करवाये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 13.09.2023 को प्रस्तुत किया है। जिसमें मो0 कासूपेट बिलग्राम में भूमि स्थित है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है -

पूरब-	सड़क नगर पालिका परिषद बिलग्राम।
पश्चिम-	शोभित कपूर का मकान।
उत्तर-	अशोक सर्राफ का मकान।
दक्षिण-	रावेन्द्र कुमार वर्मा।

नाम दर्ज हेतु प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बिलग्राम हरदोई

खेलों से बढ़ता है बच्चो का आत्मविश्वासः महापौर गिरीश पति

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। बेसिक शिक्षा परिषद की जनपदीय रैली का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा पर अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया, मुख्य अतिथि महापौर जिला पंचायत अध्यक्ष ,नगर विधायक का शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण करके स्वागत किया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय,वित्त लेखाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह,नोडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने महापौर ,जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने मैदान पर गुब्बारे छोड़कर औपचारिक रूप से खेल प्रारंभ कराया,मुख्य अतिथि के सामने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के साथ 100/50 मीटर की दौड़ का खेल कराया गया।प्रतियोगिता शुभारंभ के अवसर पर महापौर गिरीशपति ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और आपसी प्रतिस्पर्धाओं से बच्चों में अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है,खेल के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं और यही बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि बालक और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की जरूरत है ऐसी प्रतियोगिताओ से बच्चों में खेल भावना के साथ ही सामुदायिक और सहयोगात्मक भावना का भी विकास होता है।नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बच्चे खेलों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने की जरूरत है जिससे बच्चे देश का नाम रोशन कर सकें,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी,प्राशिसंघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला महामंत्री प्रेम कुमार वर्मा,महामंत्री चक्रवर्ती सिंह, कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संयोजक अजीत सिंह,अटेवा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, एआरपी संघ के संरक्षक डा नीरज शुक्ला पीएसपीएस प्रांतीय संयोजक पंकज यादव, मनोरमा साहू जिलाध्यक्ष, नोडल अधिकारी राजेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव, तारकेश्वर पांडे, शैलेंद्र कुमार, रमाकांतराम, अनिल कुमार सिंह, शैलजा मिश्रा, रिचा सिंह, धीरज शुक्ला, पंकज द्विवेदी, सरवरे आलम, हरिकिशन अविनाश पांडेय, सरबजीत सिंह, राकेश सिंह, अजय सिंह, अवधेश सिंह, केपी सिंह, अतुल वर्मा, अख्तर अहमद खां, विनोद यादव, राज नारायण सिंह, धर्मवीर चौहान, अवधेश यादव, अनुज सिंह, राजन श्रीवास्तव, गौतम तिवारी, रामजी द्विवेदी, आशुतोष पटेल, अखण्ड प्रताप सिंह, आदित्य शुक्ला, आयुष सिंह प्रदीप दुबे, मनोज मौर्या आदि शामिल रहे।

खेलों में छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

पूरा बाजार अयोध्या। प्रभा पब्लिक स्कूल रामपुर सरधा के परिसर में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित व संरक्षक ओम प्रकाश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके वार्षिक खेल का शुभारंभ कराया जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है छात्र-छात्राएं खेलों के माध्यम से स्वस्थ रहते हैं और स्वस्थ रहकर ही अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता अर्जित कर सकते हैं क्रिकेट बालक वर्ग में लाइफ हाउस के खिलाड़ी शशांक गौतम के बेहतरीन बल्लेबाजी व शुभम यादव के गेंदबाजी से विजेता बना। क्रिकेट बालिका वर्ग में स्नेहा सिंह की बेहतरीन बल्लेबाजी व अनामिका की गेंदबाजी से लव हाउस विजेता बना। खो खो बालक वर्ग में अंकुर सिंह और बालिका वर्ग में अंशिका पाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। वॉलीबॉल में आयुष तिवारी के बेहतरीन प्रदर्शन से ऑनेस्टी हाउस विजेता बना। बैडमिंटन में लाइफ हाउस के श्रेयांश सिंह बालिका वर्ग में लव हाउस के सुरभि को सफलता मिली। विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पिरामिड बनाया गया जिसे देखकर दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। इसी तरह नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों द्वारा कई प्रकार के रेस आयोजित किए गए सभी विजेता व खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व आलोक कुमार सिंह रोहित ने शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर रेलवे की तैयारियों का जायजा लेने अयोध्या पहुंचीं रेलवे बोर्ड चेयरमैन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जैसे-जैसे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का समय नजदीक आ रहा है वैसे ही केंद्र की व प्रदेश सरकार की योजनाओं को मूर्तरूप देने का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा बुधवार को अयोध्या पहुंचीं। यहां उन्होंने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया तथा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रेलवे के द्वारा दी जाने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर अधिकारियों के साथ मंथन किया। साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निकट के सभी स्टेशनों की समीक्षा की। प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेनो को लेकर बैठक में विचार-विमर्श किया गया।अयोध्या पहुंची रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि यहां के पौराणिक तथा धार्मिक महत्व को देखते अयोध्या में तमाम योजनाओं के तहत विकास कार्य किया गया है। 22 जनवरी के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की है उम्मीद है।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रेल यात्रियों की सुरक्षा होगी और चुस्त

अयोध्या। योगी सरकार द्वारा अयोध्या जंक्शन ही नहीं, बल्कि इसके आसपास के स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने का खाका तैयार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से मुख्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल और संसाधनों की मांग की गई है। राजकीय रेलवे पुलिस पुराने सुरक्षा व्यवस्था के खाके को पुनरीक्षित करने में जुटी है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बदले हालात के तहत स्थाई सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन शुरू हो गया है। फ़िलहाल प्राण-प्रतिष्ठा और नवनिर्मित स्टेशन भवन के लोकार्पण को लेकर जीआरपी की ओर से अस्थाई तौर पर संसाधनों और पुलिस बल की आवश्यकता का आंकलन किया गया है। इसके तहत मुख्यालय से आवश्यक स्टाफ के साथ ही चार डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) व 20 हैण्ड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी), दो एंटी सेबोटाज (एएस) चेक टीम, डांग स्क्वायड तथा पुलिस बल के रूप में निरीक्षक के साथ महिला-पुरुष उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षी की मांग की गई है।

राजकीय रेलवे थाना अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त किया जा रहा है। अयोध्या में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए मुख्यालय को संसाधनों और अधिकारियों समेत 200 पुलिस बल की मांग भेजी गई है।

वस्तु अधिनियम कालाबाजारी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत

बीकापुर/अयोध्या। बीकापुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत परुआ के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित हो रहे खाद्यान्न में घटिया खाद्य मिलायें जाने की शिकायत पर एक्शन में आये पूर्ति विभाग ने वितरक के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए आवश्यक वस्तु अधिनियम कालाबाजारी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। पूर्व निरीक्षक विनोद यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के अनुक्रम में संबंधित कोटेदार के विरुद्ध घटिया सामग्री मिलकर वितरित करने के आरोप में स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई के लिए मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। पूर्ति निरीक्षक ने यह भी बताया है कि वितरक की दुकान पर ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचकर करीब 50 बोरी चावल सीज करके यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने जानकारी साझा करते हुए बताया कि संबंधित वितरक के संबंध में जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की गई थी जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुक्रम में प्राथमिक की दर्ज करने के लिए कोतवाली में तहरीर दी गई है। कालाबाजारी के इस सनसनीखेज मामले में जानकारी लेने पर प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज द्वारा पूर्ति निरीक्षक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने तथा आगे की कार्रवाई करने की बात बताई गई है।

एनईपी स्नातक परीक्षा में दूसरे दिन 37 हजार 835 परीक्षार्थी शामिल रहे

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक सेमेस्टर परीक्षा के दूसरे दिन तीनों पालियों में 37 हजार 835 परीक्षार्थी उपस्थित और 1045 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने परिसर स्थित प्रचेता भवन के केन्द्र का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं उनके द्वारा परीक्षा केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल कंट्रोल रूम से की गई। इसके अतिरिक्त पांच सचलदल द्वारा कई केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर सघन तलाशी ली। वही दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति के आदेश के अनुपालन में एनईपी परास्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि घोषित की। उक्त परीक्षाएं 18 जनवरी से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि आज की परीक्षा तीन पालियों में हुई। प्रथम पाली की परीक्षा में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की उर्दू, सिंधी भाषा एवं कामर्स विषय एवं द्वितीय पाली में तृतीय सेमेस्टर फिजिक्स तथा तृतीय पाली में पंचम सेमेस्टर की उर्दू, सिंधी भाषा, कामर्स एवं फिजिक्स विषय की परीक्षा कराई गई।

मोदी सरकार ने नौजवान, किसान, आवाम के अरमानों का गला घोटाः पुनिया

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। देश की मोदी सरकार ने नौजवान, किसान, आवाम के अरमानों का गला घोटने का काम किया है। शिपिंग कॉरपोरेशन आफ इंडिया, स्कूटर इंडिया लिमिटेड, कंटेनर कॉरपोरेशन आफ इंडिया, सीमेंट कॉरपोरेशन आफ इंडिया, भारत अर्थ मूवर्स, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, रेलवे, भारतीय जीवन निगम के शेयर सहित देश के तमाम संस्थाओं के बेचने के बाद भी जब उनके दोस्तों की तिजोरी नहीं भरी तो एयर इंडिया को बेच दिया और आखिर में मोदी जी ने देश की आन बान और शान आजादी का प्रतीक लाल किला को भी बेचकर इन्होंने सत्ता में बने रहने का हक खो दिया है। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पुनिया ने आज रामनगर चौराहे पर स्थित देव लॉन में आयोजित रामनगर विधानसभा के बूथ, न्याय पंचायत अध्यक्षों के सम्मेलन में व्यक्त किया। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा संचालन कांग्रेस कमेटी के महासचिव नेकचंद त्रिपाठी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव तनुज पुनिया तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा विशेष रूप से मौजूद थे। उक्त सम्मेलन में सचिन त्रिपाठी को नगर पंचायत रामनगर का कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत किया गया। लोकसभा के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने बूथों पर मजबूत संगठन बनाने की पुरजोर अपील करते हुए कहा कि आज हमारे बूथ अध्यक्षों को भाजपा की और उनके नेताओं की हकीकत बताने की जरूरत है। आज प्रदेश में कानून व्यवस्था बद से बदतर है, हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, फिरौती, दहेज हत्या, महिला उत्पीड़न, किसान आत्महत्या के अपराधों से पूरा प्रदेश कराह रहा है और प्रदेश की योगी सरकार में अपराधियों पर कार्यवाही दलीय निष्ठा के आधार पर की जा रही है यदि अपराधी भाजपा से संबंधित है तो उसके 100 गुनाह माफ है। आने वाले लोकसभा के चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को करारी हार देने जा रही है और देश में कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सरकार बनेगी यह हकीकत अवाम को बताने की है। अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि आज भाजपा द्वारा पूरे देश में नफरत और हिंसा का वातावरण बनाया जा रहा है यह चिंता का विषय है। सम्मेलन में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख देवां जीमल अहमद, अमरनाथ मिश्रा, अनूप सिंह, जुल्फी मिया, अजीत वर्मा, सचिन त्रिपाठी, के.सी.श्रीवास्तव, नेकचन्द्र त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, मैनुद्दीन अंसारी, अमित त्रिवेदी, सुरेन्द्र वर्मा, सौरभ पाण्डेय, सद्दाम हुसैन, संतोष रावत, मो. अहमद पठानी, बदरूद्दीन, फरीद अहमद, शिवम त्रिपाठी, रामसागर भारती, अकील इदरीसी, रामकुमार रावत, लक्ष्मीचन्द्र शुक्ला आदि बूथ अध्यक्ष मौजूद थें।

पसमांदा मुस्लिम समाज को हाशिये पर बनाये रखना सेकुलर दलों की ऐतिहासिक भूलः वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। सेकुलर होने का लबादा ओढ़े कांग्रेस, सपा व बसपा नेतृत्व ने पसमांदा मुसलमान को हाशिये पर रखकर ऐतिहासिक भूल की है। हैरत की बात तो यह मुस्लिम विरोधी होने की छवि में कैद कर दी गई भाजपा ने अलग ही राह पकड़ ली और अब वह पसमांदा मुस्लिम समाज को करीब लाने के भरसक प्रयास में जुटी है। अब पसमांदा मुसलमान के सामने विकल्प खुले हैं और वह अपनी पसंद चुनने को आजाद है। कथित सेकुलर दलों के गिरोह के चंगुल से भला कौन आजाद नही होना चाहेगा वो चाहे पसमांदा हो या अन्य उत्पीड़ित समुदाय। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। अपनी बात विस्तार से रखते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में करीब 225 ऐसी विधान सभाएं रिजर्व, सामान्य मिलाकर हैं, जिनमें 20 फीसदी से लेकर 53 फीसदी तक मुसलमान वोटर हैं और इन मुसलमानों में 80 से 85 फीसदी से ज्यादा वोटर पसमांदा मुसलमान हैं यानी उप्र के कुल वोटर्स में लगभग 16 फीसदी वोटर, लेकिन सभी सियासी पार्टियों के संगठन या विधान सभा टिकटों में इनकी हिस्सेदारी लगभग नहीं के बराबर है। 40 से 53 फीसदी तक मुस्लिम वोटर वाली विधान सभाएं जैसे रामपुर, स्वार, चमरव्वा, बिलासपुर, मिलक, मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद ग्रामीण, कॉठ, धनौरा, ठाकुरद्वारा, कुन्दरकी, बिलारी,अमरोहा, हसनपुर, असमौली, चन्दौसी, संभल, नौगाँव सादात, बेहट, नकुड, पुरकाजी, सहारनपुर नगर, सहारनपुर, देवबंद, गंगोह, रामपुर मनिहारन, नजीबाबाद, नगीना, बूढ़ापुर, धामपुर, नहटौर, बिजनौर, चॉदपुर, नूरपुर, शामली, कैराना, थाना भवन, बुढाना, चरथावल, मुजफ्फरनगर, खतौली, मीरापुर, बहेडी, भोजीपुरा, कैसरगंज, तुलसीपुर, उतरौला, इटवा आदि। 30 से 40 फीसदी वाली सीटें जैसे सिवालखास, सरधना, हस्तिनापुर, किठौर, मेरठ कैंट, मेरठ, मेरठ दक्षिण, मीरगंज, भोजीपुरा, नबाबगंज, फरीदपुर, बरेली, आंवला, मटेरा, नानपारा, महसी, बहराइच, श्रावस्ती, भिनगा, बलहा, डुमरियागंज, बलरामपुर, शोहरतगढ, कपिलवस्तु, खलीलाबाद, मऊ,घोसी, गोरखपुर ग्रामीण, टांडा, मुबारकपुर आदि 20 से 30 फीसदी मुस्लिम वोटरों वाली सीटें जैसे छपरौली, बागपत, बडौत, लोनी, मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मोदीनगर, नोएडा, दादरी, जेवर, धौलाना, गढ मुक्तेश्वर, स्याना, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, कोल, अलीगढ़, सिकंदरामऊ, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, पटियाली, सहसवान, बिल्सी, बदायूं, शेखूपुर, पीलीभीत, बरखेडा, विलासपुर, हापुड़, खुर्जा, इगलास, पूरनपुर, बिसौली, टुंडला, तिलहर लखीमपुर खीरी, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा व सुल्तानपुर,आजमगढ़, बनारस, भदोही, इलाहाबाद, कन्नौज, अमेठी की लगभग सभी विस सीटें और तिलोई, फर्रूखाबाद, भोजपुर, फतेहपुर, हुसैनगंज, रूदौली, बीकापुर, फैजाबाद, बस्ती, महादेवा, बांसी, रूधौली, मेहदावल, जलालपुर, मोहम्मदाबाद, जहूराबाद, पडरौना, लार, पथरदेवा, रामपुर कारखाना वगैरह। उन्होंने कहा कि ये बड़े अफसोस की बात है कि एक ओर जहां भाजपा की छवि सुनियोजित व तथाकथित रूप से पसमांदा या मुस्लिम विरोधी बना दी गई, वही भाजपा इन 16 फीसदी पसमांदा मुस्लिम वोटों की अहमियत समझकर, उनके लगातार कार्यक्रम, पसमांदा सम्मेलन कर और उन्हें अपने संगठन वा सरकार में हिस्सेदारी देने की बात कर उनको अपनी पार्टी से जोड़ने की जी तोड़ कोशिश कर रही है। इसके उलट सपा, बसपा, कांग्रेस जैसी पार्टियां पसमांदा मुसलमानों को अपना मजबूर गुलाम समझ कर, इनको लगातार नजरअंदाज करती चली आ रहीं हैं।

विकास खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विकास खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जमील उर रहमान किदवाई स्मारक स्टेडियम के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया।

खेलकूद प्रतियोगिता मे जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है खेलों से मनुष्य शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होता है तथा खेलों से मनुष्य अपने कई प्रकार के रोगों से मुक्ति पा सकता है।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से जहां बच्चो का शारीरिक एवम् मानसिक विकास होता है। प्रतियोगिता मे प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल व ट्राफी देकर जहां सम्मानित किया गया वही प्रतियोगिता मे अहम भूमिका निभाने वाले खेल अनुदेशकों को प्रशस्ती पत्र देकर समनानित किया गया।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग एवं वालिका वर्ग की एथेलेटिक्स, बालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अधिकारी विकास तिवारी द्वारा किया गया। जूनियर बालक वर्ग की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में 200 मीटर में धर्मपुर कटरा प्रशांत कुमार प्रथम, अभिषेक कुमार द्वितीय, 200 मीटर में बालिका वर्ग की नूरबी प्रथम व हिना द्वितीय। सब जूनियर बालिका वर्ग की 200 मीटर की दौड़ मे डमौरा की स्वेता प्रथम व बड़ागांव की रिशा द्वितीय रही, बालक वर्ग की 800 मीटर कि दौड़ मे शिवमगन प्रथम व ज्ञान सिंह द्वितीय रहे। जूनियर बालिका वर्ग 800 मीटर में कोटवा की आकांक्षा प्रथम व रिया द्वितीय रही सब जूनियर बालिका वर्ग की 800 मीटर की दौड़ मे भयारा की गरिमा प्रथम रही। लंबी कूद प्रथम जूनियर वर्ग मे गौसिया बानो प्रथम व हिना द्वितीय, शशि तृतीय रही, लम्बी कुद सीनियर वर्ग मे नूर वी प्रथम व नेहा द्वितीय रही वही बालक वर्ग मे अर्पित वर्मा प्रथम व सुहेल द्वितीय रहे।

सदस्यों के जागरुकता से मिलेगा अधिकार : पटेल

सूरतगंज, बाराबंकी। ग्राम पंचायत सदस्यों को अधिकार दिलाने के लिए ग्राम पंचायत सदस्य महासभा उत्तर प्रदेश विगत 12 वर्षों से संघर्षरत है। जिसके परिणाम स्वरुप उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने 2022 विधानसभा चुनाव से पूर्व पंचायती राज विभाग को आदेशित किया था। कि प्रत्येक ग्राम पंचायत सदस्य को 100 रूपए मासिक भत्ता और ग्राम पंचायत सदस्य के आकस्मिक निधन पर 2 लाख रुपए बीमा दिया जाएगा। लेकिन सदस्यों के जागरूक न होने के कारण उन्हे भत्ता मिल पा रहा है, और न ही बीमा का लाभ। इसलिए संगठित होकर ही सदस्यों को संघर्ष करने की अहम जरूरत है। उक्त विचार सूरतगंज में आयोजिय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रवि सिंह पटेल ग्राम पंचायत सदस्य महासभा ने कहीं। वहीं महासभा के प्रदेश संयोजक विशिष्ठ अतिथि अशोक कुमार सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास में सदस्यों की अहम भूमिका होती है।

वार्षिकोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम, बच्चों का दिखा हुनर

अवधनामा संवाददाता

बनीकोडर बाराबंकी। बुधवार को ब्लॉक बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत छंदवल के निकट स्थित गुड शेफर्ड स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ नाच गाने के साथ अभिभावकों का मन मोह लिया। स्कूल के प्रबंधक सुरेश राणा ने क्षेत्र के लोगों को बताया कि स्कूल की मान्यता भारत सरकार के द्वारा है। बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए गुड शेफर्ड स्कूल उत्तम है। अध्यापक बच्चों के टैलेंट को उभारने में पूरा योगदान देते हैं।ताकि बच्चों का भविष्य बन सके। खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने पर बच्चों को मेडल से सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजू मैकडोनाल्ड सिंह, रंजना सिंह, विनय राय, सोनाली पाल, सोना देवी,रमेश कुमार, संयोगिता, सोलोमन, पिंकी कुमारी,बाबूलाल प्रजापति सहित विद्यालय का स्टाफ एवं बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई कलात्मक प्रतिभा

अवधनामा संवाददाता

बृजमनगंज (महराजगंज)। क्षेत्र के पं जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज बरगाहपर में बुधवार को कक्षा वार रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया।

सीनियर वर्ग रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा नौ विज्ञान वर्ग की छात्राएं प्रथम व कक्षा ग्यारह विज्ञान वर्ग की छात्राएं द्वितीय और कक्षा नौ कला वर्ग की छात्राएं तृतीय स्थान प्राप्त किए। जूनियर वर्ग में कक्षा 8 सी प्रथम, कक्षा 8 ई द्वितीय और कक्षा 7 की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा बारह विज्ञान वर्ग की छात्रा शालिनी यादव प्रथम, कक्षा बारह कला वर्ग की छात्रा नासरीन द्वितीय और कक्षा बारह विज्ञान वर्ग की छात्रा रिंकू पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनरायन यादव, नियंत्रक राकेश यादव, बुद्धिराम यादव, बसंत प्रसाद, कैलाश यादव, राकेश चौबे, प्रमोद गोंड, महंत यादव, अभय मिश्रा, रविंद्र यादव, लोकेश राय, अमित यादव, विशाल वर्मा, सुधीर यादव, राजेश चौरसिया सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

झोपड़ी में लगी आग अठारह बकरियों की मौत, दो झुलसी

बृजमनगंज (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता) थाना क्षेत्र के दुर्गापुर ग्राम सभा के तेलिया मोड टोले पर बीती रात अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। आग लगने की घटना से 18 बकरियों की झुलसकर मौत हो गई और 2 झुलस गई। ग्रामीणों ने किसी तरह से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुंचे लेखपाल ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दिया। तेलिया मोड निवासी इंद्रजीत पटेल बकरी पालन कर परिवार का भरण- पोषण करते थे। ग्राम प्रधान रमेश अग्रहरी ने बताया कि इंद्रजीत ने एक झोपड़ी में 20 बकरी पाल रखा था। मंगलवार की रात लगभग 11 बजे झोपड़ी में अचानक आग लग गयी। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक 18 बकरियां जलकर मर गई और 2 बकरियां झुलस गई। घटना के बाद इंद्रजीत पटेल और परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर बुधवार को लेखपाल रविंद्र यादव ने बताया कि क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है।

महिला और उसके प्रेमी को बांधकर मारने के मामले में एक गिरफ्तार

महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता) फरेंदा थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम में प्रेमी प्रेमिका को रस्सी से बांधकर मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर फैलते ही पुलिस हरकत में आ गई। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई हैं। मामले में पुलिस ने बताया है कि जिस महिला को बांध कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा हैं उस महिला के पति की मौत 10 वर्ष पहले हो चुका हैं। वह अपने प्रेमी के साथ रहती है। जिसपर गांव के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और महिला और उसके प्रेमी को खंबे में बांधकर पीटने लगे। सोशल मीडिया पर वीडियो को देखते ही पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने फरेंदा थाने में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजिकृत कर कार्यवाही में जुट गई है। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों के तलाश में पुलिस जुट गई हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि महिला और उसके प्रेमी से मारपीट करने के मामले में अभियोग पंजिकृत कर लिया गया हैं। जिसमें एक को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि अन्य अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

रोजगार सेवक पर हमले की घटना में कार्रवाई सिफर, एसपी से गुहार

मसौली बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे मनभावन सिंह के ग्राम रोजगार सेवक पर हुए जानलेवा हमले मे कोई कार्यवाही न होने पर घायल की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। वही ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने साथियो के साथ मिलकर जिला अस्पताल में भर्ती रोजगार सेवक का हाल चाल लिया तथा आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है रोजगार सेवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

बताते चले कि ग्राम पंचायत पूरे मनभावन सिंह निवासी ग्राम रोजगार सेवक धर्मेंद्र सिंह ग्राम पूरेभगई से बीएलओ के काम से रामनगर ब्लाक गये थे तथा काम निपटा कर घर वापस आ रहे थे कि गांव के ही अनुसिंह पुत्र सोमनाथ सिंह ने पुरानी रंजिश के चलते अपने साथियो के साथ ग्राम अमलोरा के निकट हमला कर दिया गंभीर रूप से घायल हुए रोजगार सेवक को परिजन एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले गए जहां पर गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की हालत नाजुक बताई जा रही है इलाज चल रहा है। पीड़ित के परिजनों ने त्रिलोकपुर चौकी प्रभारी कन्हैया कुमार को तहरीर दिया लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर बुधवार को घायल की पत्नी पूजा सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

वही संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने चेतावनी दी है कि अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन की तरफ से पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जाएगा।

हर गांव में होगा स्टेडियम: योगी

- बस्ती में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ
- बस्ती के युवाओं में भारत का प्रतिबिंब दिख रहा है: जेपी नड्डा

अवधनामा संवाददाता

कुदरहा/बस्ती। सांसद खेल महाकुंभ 3 का शुभारंभ शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में बुधवार को मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा व विशिष्ट अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने संबोधित करते हुए कहा कि बस्ती के युवाओं में भारत का प्रतिबिंब दिख रहा है। यहां के खिलाड़ी ओलंपिक में खेल कर पदक हासिल कर जनपद का नाम रोशन करेंगे। 9 सालों में आयोजित हुए ओलंपिक एशियन गेम्स खेलों में पदको की संख्या में वृद्धि हुई है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वपूर्ण योगदान है। 2014 में खेलों के लिए 1219 करोड रुपए की व्यवस्था थी जिसे अब 2023 में 3397 करोड रुपए कर दिया गया। भारत सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए पच्चास हजार रुपया प्रति माह स्पाईपेंड की व्यवस्था की गई। विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण देने के लिए आठ हजार कोच की व्यवस्था की गई है। जिसमें 5 हजार पुरुष व 3 हजार महिलाएं है। खेलो इंडिया के लिए एक हजार करोड रुपए की व्यवस्था की गई है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में पहले भारत 11वें नंबर पर था जो अब पांचवे नंबर पर आ गया। साथ ही साथ नेशनल हाईवे, एक्स प्रेस वे, मेडिकल कॉलेज, एम्स का निर्माण कराया गया। भारतीय सुरक्षा कर्मियों को 5 लाख से अधिक बुलेट प्रूफ जैकेट मुहैया कराया गया। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ने कहा है कि हमारी सरकार खेलों में पदक विजेता 500 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी। प्रदेश में खेल को बढावा देने के लिए प्रत्येक जिले में एक स्टेडियम, ब्लाक में मिनी स्टेडियम तथा ओपेन जिम एवं ग्राम पंचायत में खेल मैदान बनाया जा रहा है। 65 हजार युवक एवं युवती मंगल दल को स्पोटर्स किट वितरित किए जा चुके है। पिछले साढ़े नौ वर्ष में नवभारत का निर्माण हुआ है तथा 142 करोड़ लोगों को बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि मुण्डेरवा चीनी मिल के माध्यम से किसानों को खुशहाल बनाया जा रहा है। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि वर्ष 2023 की खेल नीति पूरी तरह खिलाड़ियों के हित में है। एक जनपद एक खेल योजना के अन्तर्गत प्रत्येक खेल के लिए एक प्रशिक्षक तैनात किया जा रहा है। एकलब्य कोष की स्थापना की गयी है, जिसमें अन्तर्गत एक स्थान से दूसरे स्थान पर खेलने जाने वाले खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता दी जायेंगी।

इस दौरान दुर्घटना होने पर खिलाड़ी को 5 लाख रूपये तक इलाज की सहायता उपलब्ध करायी जायेंगी। प्रदेश के सूक्ष्म लघु, मध्यम उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार में खेल और खिलाड़ियों की सुविधाओं में वृद्धि हुयी है। अतिथियों का स्वागत करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से ग्रामीण पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को आगे बढाने का कार्य इस आयोजन के माध्यम से किया जा रहा है।

धान खरीद केंद्र पर किसानों से तौल के नाम पर हो रही वसूली

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। जनपद में धान क्रय केंद्रों पर किसानों से धान तौल के नाम पर ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं। वहीं, किसान जब वसूली का विरोध करता है तो तौल करने वाले लेबर और इनके ठेकेदार किसानों से मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। आरोप है कि क्रय केंद्र प्रभारी की मिली भगत से यह पूरा खेल हो रहा है। अवैध वसूली का आलम ये है कि सरकार ने धान छनाई के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया है, लेकिन किसानों से 30 रुपये प्रति कुंतल लिया जा रहा है। धान बेचने के लिए किसान परेशान हैं। क्रय केंद्रों पर किसानों के टालियो की लंबी लाइन लगी है। तौल केंद्र पर किसानों का आर्थिक रूप से शोषण किया जा रहा है। तौल शुरू होने से पहले जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अधिकारियों कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया था कि धान की तौल में पारदर्शिता हो और किसानों को किसी तरह की समस्या न हो, लेकिन तौल केंद्र पर जिलाधिकारी के आदेश का पालन होता नही दिख रहा है।धान क्रय केंद्रों पर कर्मचारियों के मनमानी से किसान परेशान हैं। पहले तौल के लिए किसानों को इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं तौल के बाद उनसे तौल के नाम पर ज्यादा पैसे वसूले जा रहे हैं। शासन की तरफ से धान छनाई कर रेट 20 रुपए क्विंटल फिक्स है, लेकिन किसानों का आरोप है कि उनसे 30 रुपए क्विंटल तौल का लिया जा रहा है।धान तौल कराने आए मनोज ने बताया की उनसे तौल के नाम पर 30 रुपए कुंतल लिया गया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाई अपनी प्रतिभा

जलालपुर अवधनामा संवाददाता। नगर के मिर्ज़ा ग़ालिब इंटर कालेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दमखम दिखाया। खो-खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, किक्रेट, घुड़दौड़ आदि खेलों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भूमिका जायसवाल के नेतृत्व में बालिका वर्ग में कक्षा आठ की टीम ने खो खो प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक में बारहवीं कक्षा ने बाजी मारी। कुर्सी दौड़ में ग़ुलाम अकबर हुसैनी ने जीत का परचम लहराया। रस्साकसी में बारहवीं कक्षा व किक्रेट में दसवीं के छात्रो की टीम विजेता रही। घुड़दौड़ में कक्षा सात के मुफस्सिर अव्वल रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने सभी विजेता टीमों को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक मुनीर अहमद, त्रिवेणी मिश्रा, प्रधानाध्यापक ज़ीशान हैदर, बाकर जहीर, एकता सिंह, गोल्डी, आकिब जावेद, संजीव वर्मा, फूलचंद, मोहम्मद साकिब आदि मौजूद रहे।संचालन अली अकबर ने किया।

लखनऊ को हराकर गोरखपुर ने जीता टूर्नामेंट

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। यूपी स्टेट सब जूनियर गर्ल हाकी प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, सीजीएम एनटीपीसी बीसी पोलाई,अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता, सीएमओ राजकुमार, डीडीओ, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश खेतान, डीआईओएस डिप्टी सीएमओ आशुतोष मौजूद रहे जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल सर्व समाज का गौरव बढ़ता है।इस जनपद में राज्य स्तरीय महिला हाकी प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही भव्य ढंग से किया गया इसके लिए आयोजन सचिव डा हनुमान सिंह और उनकी टीम बधाई के पात्र हैं ,हाकी एसोसिएशन ने खेल का अच्छा आगाज किया है आगे बहुत बड़ी खेल गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मुख्यमंत्री जी खेल को बढ़ाने के लिए कृत संकल्पित हैं, उनके दिशा निर्देश में आगे राष्ट्रीय स्तर का खेल भी कराया जाएगा।

बहेरिया में मृदा दिवस पखवारा कार्यक्रम के तहत किसानों को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के बहेरिया गांव में बुधवार को एचडीएफसी बैंक व आरोह संस्था के बैनर तले समग्र ग्रामीण विकास परिवर्तन के अन्तर्गत मृदा दिवस पखवारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें किसानों को मृदा की जांच व उसकी स्वथ्ता को लेकर जागरूक किया गया। गोष्ठी के बाद प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय व संस्था के जुड़े जिम्मेदारों के गांव के सार्वजनिक स्थानों पर विभिन्न प्रजातियों का पौधरोपण किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए दिलीप पाण्डेय ने कहा कि हम सभी को मृदा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। इससे हमारी पूरी जनसंख्या को खाद्य आपूर्ति होती है। यदि मिट्टी सुरक्षित रहेगी तो पर्यावरण भी सुरक्षित होगा, इसलिए आवश्यक है कि मृदा स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान दिया जाये। आरोह संस्था के अभिषेक दूबे ने बताया कि एचएफसी बैंक के सहयोग से आरोह संस्था गांवों को विकसित करने व बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में काम करेगी। बहेरिया सहित डुमरियागंज के 14 अन्य गांव प्रथम चरण में चयनित किए गये है। जहां पर कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा व स्वच्छता जैसे महत्वूर्ण विषयों पर और अधिक सुधार करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान अमरनाथ पाण्डेय, रामअचल यादव, मंजू, मधु गौड़, राजेश पाण्डेय, शिव कुमार, अयोध्या, कौशल, राजन, रक्षाराम, जुग्गीलाल आदि मौजूद रहे।

प्लान इण्डिया डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर। बीआरसी शोहरतगढ़ परिसर में बुधवार को प्लान इण्डिया डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के तहत शोहरतगढ क्षेत्र के चयनित विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता शिक्षा हेतु स्वच्छता सामग्री खंड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संतोष शुक्ला एवं क्षेत्रीय प्रबंधक अमन शर्मा द्वारा वितरण किया गया। प्लान इण्डिया संस्था द्वारा चयनित जिले के 100 विद्यालयों के शिक्षकों का डिटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया है। तदोपरांत विद्यालयों को स्वच्छता संबंधित किट मुहैया किया जा रहा है। चयनित विद्यालय में सप्ताह में एक दिन 45 मिनट का स्वच्छता की पाठशाला चलाया जाएगा। जिसमें बच्चों को स्वच्छता संबंधित टूल के द्वारा स्वच्छता का ज्ञान दिया जाएगा। एवं स्वच्छता के प्रति उनके व्यवहार में परिवर्तन लाया जाएगा। स्वच्छता सामग्री वितरण के दौरान खण्ड शिक्षाअधिकारी संतोष कुमार शुक्ला, प्लान इण्डिया के क्षेत्रीय प्रबंधक अमन शर्मा, मुस्तन शेरुल्लाह, मनोज यादव, उत्तम कुमार, अश्वनी शुक्ला, पुस्पेश, निधि सिंह, प्रदीप सिंह, अमरेश, दधीचि, प्रमोद कुमार, अविनाश, पप्पू यादव, संतोष यादव आदि शिक्षक एव शिक्षकाएँ मौजूद रहे।

आम जन तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना सरकार का मुख्य उद्देश्य: अभिषेक पाल

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के जोगिया विकास खंड अंतर्गत ग्रामसभा जोगीबारी तथा कोइली घाट में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता अभिषेक पाल तथा विशिष्ट अतिथि जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष पवन मिश्रा रहे। नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार श्रीवास्तव के द्वारा सरकार के सभी योजनाओं के बारे में बताया गया।

विकसित भारत संपर्क यात्रा में सभी विभागों के पंडाल लगा कर जहां उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि अभिषेक पाल ने अपने संबोधन में कहा कि मोदी हैं, तो गारंटी है। सरकार की सोच है कि क्षेत्र के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जाये। उद्देश्य पूर्ति हेतु विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक पाल ने कहा कि आज सभी गांव में जनप्रतिनिधि आप लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए स्वयं अधिकारियों के साथ जा रहें है और उनका निस्तारण कर रहे है तथा किन्ही कारण बस जो लोग सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं पा रहे हैं उनको भी रजिस्ट्रेशन कराकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की तरफ से अन्नप्राशन एवं गोदभराई भी कराया गया और गर्भवती महिलाओं को पोषण किट दिया गया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख कौशलेंद्र त्रिपाठी, प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह, प्रधान कामता यादव, महामंत्री पद्?माकर शुक्ल, पतीराज सिंह, सूर्य प्रकाश पांडे उर्फ पहलवान बाबा, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कांति देवी, माधव यादव, नीलू ओझा, शिवकुमार, सुरेन्द्र चौहान, पंचायत सहायक लवकुश चौहान, रफीक, हरिकेश सिंह, हरीश, महेश मणि त्रिपाठी व संतोष वर्मा आदि उपस्थित रहे।

सांसद ने की भगवान बुद्ध के समय के अनुरूप जिले के सौंदर्यीकरण की मांग

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने बुधवार को लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान अमृत भारत रेलवे स्टेशन स्कीम पर सप्लीमेंट्री सवाल पूछते हुए सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन का जिक्र किया। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन को स्कीम के अंदर लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। साथ ही उन्होंने उनसे गुजारिश सिद्धार्थनगर जो की बुद्ध सर्किट का हिस्सा है उसका सौंदर्यकरण बुद्ध भगवान के समय की वास्तुकला एवं संस्कृति के अनुरूप किया जाए। उन्होंने बाकी तीर्थस्थालो में होने वाले सौंदर्यकरण का भी जिक्र किया और सरकार से मांग किया कि सिद्धार्थांगर रेलवे स्टेशन का सौंदर्यकरण उन्हीं मानकों पर किया जाय। रेल मंत्री ने इस मुद्दे को संज्ञान में लिया और जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

डॉक्टर भास्कर को मिला इंटरनेशनल प्रेस्टीजियस अवॉर्ड

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। वैश्विक स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने वाले वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉक्टर भास्कर शर्मा सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य के लिए इंदौर में इंटरनेशन प्रेस्टीजियस अवार्ड से सम्मानित किया गया। 17 दिसंबर 2023 को इंदौर में अयोजित अवार्ड समारोह में सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के डॉक्टर भास्कर शर्मा को इंटरनेशनल प्रेस्टीजियस अवार्ड तथा इक्यावन हजार रुपए का चेक देकर सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में अभिनेता गुलशन, बीजेपी के को कन्वेनर व मेडिकल सेल के सदस्य आयुष मंत्रालय भारत सरकार डॉ दिनेश उपाधाय ने सम्मानित किया।

गौरतलब है कि डॉक्टर भास्कर शर्मा ने होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र पद्धति कीटेक्स्ट बुक ऑर्गनॉन ऑफ़ होम्योपैथिक मेडिसिन, होम्योपैथिक रिपोर्टरी एंड केस टेकिंग, होम्योपैथिक फार्मेसी, प्रैक्टिस ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन, द ह्यूमन एनाटॉमी, द ह्यूमन फिजियोलॉजी, जनरल पैथोलॉजी, होम्योपैथिक साइकोलॉजी, ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी, टेक्सबुक ऑफ़ बायोकेमेस्ट्री, होम्योपैथिक मैटेरिया मेडिका भाग 1 भाग 2 भाग 3, होम्योपैथिक थैरेपीयूटिक्स,कैंसर एंड होम्योपैथी, होम्योपीडिया मैटेरिया मेडिका आदि 156 पुस्तकों का लेखन किया है। डॉ भास्कर शर्मा का नाम लार्जेस्ट होम्योपैथी लेसन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है द्य साथ ही साथ उनके नाम 58 वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज है द्य डॉ भास्कर शर्मा के विश्व के टॉप रिसर्च जनरल पबमेड, स्कॉपस, पीर रिव्यूड, यूजीसी केयर रिसर्च जर्नल में सौ से अधिक शोध प्रकाशित हो चुके हैं। डॉक्टर भास्कर शर्मा ने होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट शोध कार्यो से अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अपने जन्म भूमि का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके अलावा यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन अमेरिका द्वारा डॉक्टर भास्कर शर्मा को प्रशंसा पत्र के साथ एक लाख का पुरस्कार भी दिया गया हैद्य सी बी जी इंटरनेशन महाराष्ट्र ने भी एक लाख का पुरस्कार दे चुके हैं।

डॉ शर्मा को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप जी ने प्रेसीडेंशियल एक्टिव लाइफ स्टाइल अवार्ड तथा प्रेसीडेंशियल यूथ फिटनेस अवॉर्ड विथ गोल्ड मेडल से भी नवाजा जा चुका है। पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीराम नायक जी ने होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा था। डॉ शर्मा को पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव जी ने सर्जना पुरस्कार के साथ बीस हजार रुपए का पुरस्कार भी दे चुके हैं। डॉ शर्मा को पूर्व राज्यपाल असम डॉ भीष्म नारायण सिंह तथा पूर्व राज्यपाल मध्यप्रदेश डॉ महावीर भाई, पूर्व उपप्रधानमंत्री थाईलैंड कॉर्न डब्बारंसी, काठमांडू नेपाल राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी, न्यायाधीश हाईकोर्ट इलाहाबाद रविंद्र सिंह, न्यायाधीश हाईकोर्ट इलाहाबाद शेखर यादव ने भी कई अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित कर चुके हैं। इसके अलावा डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवॉर्ड लंदन, वरिष्ठ होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवॉर्ड सिंगापुर, डॉ एलेन इंटरनेशनल अवॉर्ड थाईलैंड, डॉक्टर कैंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मलेशिया, ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी ऑफ होम्योपैथी दुबई, होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवॉर्ड मस्कट, स्टार आफ होम्योपैथी अवॉर्ड लंदन, ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड फिलीपींस, साहित्य रत्न अवॉर्ड कनाडा, बेस्ट होम्योपैथी अवार्ड नाइजीरिया, ग्लोबल आईकॉन पर्सनालिटी अवार्ड अफ्रीका, इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड इंडोनेशिया, डॉक्टरेट अवॉर्ड अल्जीरिया, होम्यो भूषण काठमांडू, होम्योपैथी श्री गोवा, होम्योपैथी रत्न दिल्ली, चिकित्सा रत्न दिल्ली आदि सम्मान मिल चुके है।

हलौरा व रेकहट में विकसित भारत संकल्पित योजनाओं की दी जानकारी

बढ़नी सिद्धार्थनगर। बढ़नी ब्लॉक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हलौरा व रेकहट में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा संचालित समस्त कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री लालजी यादव द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस दौरान उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अति पिछड़े वंचित व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाए और लाभान्वित किया जाए देश के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाली अति पिछड़े आबादी है जिनको सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी नहीं हो पाती है और लाभ से वंचित रह जाते हैं और उन्हें इस विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है उन्होंने वहां पर उपस्थित जनता जनार्दन को संबोधित करते हुए कहा कि अब इस मोदी और योगी सरकार में कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

पुरानी पेंशन बहाल होने तक जारी रहेगा अनवरत संघर्ष

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। बुधवार को बीआरसी बांसी के परिसर में अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच सिद्धार्थनगर की पुरानी पेंशन आंदोलन को मजबूत एवं सफल बनाने हेतु पेंशन विचार विमर्श संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि-प्रांतीय संयुक्त मंत्री -जनार्दन शुक्ला, विशिष्ट अतिथि, मंडल अध्यक्ष बलवंत चौधरी, प्रदेश आईटी सेल सह प्रभारी वीरेंद्र कुमार, मंडलीय सलाहकार-वकील खान, अटेवा सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष बृजेश द्विवेदी, महामंत्री संजय कर पाठक, जिला कोषाध्यक्ष कृष्ण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता आनन्द कुमार शुक्ल, संगठन मंत्री दधीचि कुमार, जिला मंत्री विनोद चौधरी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संयुक्त मंत्री जनार्दन शुक्ल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली निश्चित रूप से हो कर रहेगी और हम सब पुरानी पेंशन बहाली तक लगातार संघर्ष करते रहेंगे। जिला अध्यक्ष बृजेश द्विवेदी ने संगठन की मजबूती के लिए सबको एक साथ मिलकर के संघर्ष करने के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी साथियों का आह्वान किया।

जिला कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण चौधरी ने सभी की सामूहिक सक्रियता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।मंडल अध्यक्ष बलवंत चौधरी ने तहसील बांसी के अंतर्गत आने वाले सभी के सभी शिक्षक/ कर्मचारी साथियों को अटेवा के साथ मिलकर संघर्ष करने का आह्वान किया।बैठक में ब्लाक बांसी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अजय कुमार यादव को ब्लाक अध्यक्ष, दिनकर नाथ त्रिपाठी को महामंत्री, अब्दुल नबी को कोषाध्यक्ष, सुनील कुमार को संरक्षक,राहुल सरोज को संगठन मंत्री, सुभाष गुप्ता को वरिष्ठ संरक्षक,जय प्रताप पटेल को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र राव को उपाध्यक्ष, राहुल दूवे को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र कुमार नागवंशी को आई.टी.सेल प्रभारी,अहमद अली को सोशल मीडिया प्रभारी, नरसिंह यादव को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। बैठक में अर्चना कुलश्रेष्ठ, श्वेता श्रीवास्तव, श्रुति शुक्ला, निरुपमा यादव वंदना देवी, प्रतिभा सिंह,चारू निगम, पुनीता राय, संजय जायसवाल, कृष्ण कुमार मिश्र, जितेन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र नाथ, गवीश, सुनील कुमार, सुमित वंशल सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

मनाई गई पं केसरी धर द्विवेदी की 26वीं पुण्यतिथि

बांसी सिद्धार्थनगर। नगर स्थित तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज बांसी के पूर्व प्रबंधक, वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता पंडित केसरी धर द्विवेदी की 26वीं पुण्यतिथि प्रताप नगर मोहल्ले में विनोद त्रिपाठी के आवास पर सादगी पूर्वक मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा के आयोजक अधिवक्ता ओमप्रकाश धर द्विवेदी ने कहा कि पूज्य पिताजी का जीवन सादगी पूर्ण तथा दूसरों के सहयोग के लिए समर्पित था, क्षेत्र में सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में आपकी सक्रिय भूमिका रहती थी, वह एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे, वरिष्ठ कवि डॉ रामकृष्ण लाल जगमग ने कहा कि आपके अंदर सृजन की क्षमता थी तथा साहित्यिक क्षेत्र में आपने अपने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया, इस दौरान उनके चित्र पर अधिवक्ता ओमप्रकाश धर द्विवेदी ने पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलित किया व जागेश्वर शुक्ला, श्याम प्रकाश शर्मा, हरीश दरवेश, विनोद कुमार त्रिपाठी ने अपने विचार रखें,, पुण्यतिथि कार्यक्रम में श्री राम मिश्रा, यशोदानंद त्रिपाठी, विनोद कुमार, फूलचंद, संजय वर्मा, रत्नेश कुमार श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

वो वतन बेंचकर मुस्कुराते रहे हम वतन के लिये सर कटाते रहे

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। नगर महोत्सव एवं शहीद मेले में मंगलवार की रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को समर्पित रही। वरिष्ठ कवि डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग' की सरस्वती वंदना '' वीणा वादिनी मां जापे दृष्टि परि गयो, कोटि मूरख कैं कालिदास सा बनावत हैं'' से शुरू कवि सम्मेलन भोर तक चला।

कवि सम्मेलन के आरम्भ में भारतीय जनता पार्टी नेता राना दिनेश प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राना नीलम सिंह ने कवियों, शायरों को अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनन्दन किया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि डॉ. ज्ञानेन्द्र द्विवेदी दीपक और संचालन डॉ. रामकृष्ण लाल 'जगमग' ने विनोदपूर्ण शैली में किया। ओज के वरिष्ठ कवि भूषण त्यागी मंच पर छा गये- उनकी पंक्तियां ''वो वतन बेंचकर मुस्कुराते रहे, हम वतन के लिये सर कटाते रहे' पर देर तक तालियों से पाण्डाल गूंज उठा। डा. सत्यमवदा शर्मा ने कुंछ यूं कहा-एक दरिया को समुन्दर भी बना सकती हूं।प्यार, मनुहार का मंजर भी बना सकती हूं' ने मंच को नई दिशा दी। श्रीमती रूचि द्विवेदी की रचना '' मेरे हक में हो फैसला भी तो कैसे, मुकदमा भी तेरा, अदालत भी तेरी' ने युगीन सत्य को स्वर दिया। डा. हेमा पाण्डेय ने श्रृंगार पर कुछ यूं कहा ' प्यार का रस फिजा में उतर जायेगा, चांदी में नहां कर निखर जायेगा। हास्य कवि ताराचंद तनहा की रचनाओं पर खूब ठहाके लगे ' मैं मन में था जिनके लिये श्रद्धा लिये हुये, एक दिन मिले वो हाथ में अद्धा लिये हुये'' । ओज के सशक्त हस्ताक्षर डा. ओ.पी. वर्मा ओम ने 'भारती पुकारती, कहती है बार-बार, एक-एक पुत्र बोल वंदे मातरम, राग, द्वेष, भेद भाव, धर्म जाति छोड़कर, प्रेम रस राष्ट का घोले वंदे मातरम' सुनाकर राष्टबोध को जागृत कराया। महेश प्रताप श्रीवास्तव की पंक्तियां ' जंग फिर हम हार बैठे हैं, तो लड़ना बंद कर दें..? आसमा से आ गिरे भू-पर तो उड़ना बंद कर दें'' के द्वारा प्रश्न खड़े किये। बिहार से पधारे हास्य कवि नन्द जी नन्दा ने श्रोताओं को खूब हंसाया।

सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

- किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत करायें निस्तारण: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानो द्वारा की जा रही मांग को समय से पूर्ण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराएं। कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाये। नलकूप जल्द से जल्द ठीक करायें जिससे किसान फसल की सिंचाई कर सके। सभी अधिकारी किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। किसानो द्वारा यूरिया खाद अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड द्वारा बताया गया कि नहरो की सफाई करायी जा रही है। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत को उपजिलाधिकारी को कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने छुट्टा पशुओ को गौशाला में संरक्षित करे जिससे किसानो की फसलों को नुकसान न हो। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस बैठक में जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड तथा किसान यूनियन के समस्त पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अनकैप्ड प्लेयर काशवी

इस क्रिकेट नीलामी के इतिहास में यह पहली घटना है कि वीमन प्रीमियर लीग-2024 के नीलामी में कशवी पर सबसे मंहगी बोली लगी पंजाब की 20 वर्षीय लड़की ने जहां उसकी बेस प्राइस सिर्फ 20 लाख थी गुजरात जायंटस द्वारा दो करोड़ रूपये में खरीदी गई। महिला क्रिकेट को बाम्बे क्रिकेट बोर्ड के सचिव शाह का शुक्रगुजार होने चाहिये कि उन्होंने महिला क्रिकेटरो की फीस पुरूष क्रिकेटरो के बराबर लाकर नारी शक्तिक्तिकरण में रचनात्मक योगदान दिया।

पिछले साल महिला प्रीमियर लीग की नीलामी में किसी भी टीम ने काशवी पर दांव नही लगाया। उससे लोग कहते थे क्रिकेट लड़कों का खेल है तुम लड़की होकर खेलती है। बोली न लगने को लेकर काशवी धोर निराशा में डूब गयी और मायूस हो गई। पर जल्द ही भावना पर काबू पा लिया और नये जोश खरोश के साथ अपने को गढ़ना शुरू किया। उसने लड़कों की तरह रहना शुरू कर दिया। बाल लड़कों की तरह कर लिया और लड़कों के साथ क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया। स्काउट गाइड से मिले फीडबैक के आधार पर कर्मियो को दूर करने और कौशल के निखारने में लग गई। उसका नतीजा सामने आया कई टीमो के आकर्षण का केन्द्र बन गई।

दायें हाथ की गेंदबाज बनकर अपने को आलराउन्डर में ढाल लिया। क्रिकेट का शौक उसे पिता से मिला था। पिता के प्रोत्साहन से बचपन से ही लड़को के साथ खेलते हुये लोगो के आकर्षण का केन्द्र बन गई। परिवार ने काशवी को खुल कर समर्थन दिया। पिता ने काशवी के जनून और लगाव को देख उसके लिये कोच की व्यवस्था की। कोच के यहां तक पहुंचने मे काशवी को बहुत लम्बी दूरी तय करना पड़ती थी पिता ने इसे देख मकान बदल कर कोचिंग केन्द्र पास कर लिया। हालाकि अब तक भरतीय टीम के लिये एक भी मैच नही खेला है। पर उसने भारतीय क्रिकेट टीम के सितारो को पीछे छोड़ दिया। नीलामी में वृन्दा दिनेश को 1.3 करोड़ रूपये मिले जबकी काशवी की नीलामी दो करोड़ में हुई। इस समय हर तरह के खेल में इतना पैसा आ गया है कि लड़कें लड़कियां खेल को अपना कैरियर बना लिया है। परिवार की ओर से भी उन्हें पूरा सहयोग मिल रहा। खेलोगे कूदेगे होगे खराब वाली धारण गायब हो चुकी है। खेल कूद से लोग अब नवाब बन रहे है।

2016 में जब काशवी क्रिकेट सीखने के लिये कोचिंग केन्द्र में गई थी तो उसकी उम्र महज 14 साल थी। कोच ने देखा काशवी के गेंद में स्विंग थी। कोच ने गेद में सटीकता और गति बढ़ाने की सीख दी और खुश हो वे काशवी पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने लगे। कोच की सीख और काशवी की लगन और मेहनत ने उसे एक बेजोडे दाहिने हाथ का गेंदबाज बना दिया। अब काशवी को महिला क्रिकेट लीग के मैचो में परिवार कोच और खेल प्रेमियों के सबकी आशाओं को साबित करने की जिम्मेदारी आ गयी है। हालाकि सब तरफसे मिल रही मान्यता से वो काफी उत्साहित है। पर अग्नि परीक्षा लीग के मैचो में होगी। वह भी अपनी काबलियत का मोहर लगवाने के लिये उत्साहित और बेकरार है। कोच ने महसूस किया था कि काशवी के कौशव को निखारने की जरूरत है। पर महिला क्रिकेट ज्यादा खेले नही जाते थे। कोच को लगा लिंग का भेद छोड़ उसे लड़कों को टीम में खिलाना चाहिये जो हर जगह उपलब्ध है। कोच ने काशवी को लड़को के साथ क्रिकेट खिलाकर भारतीय महिला क्रिकेट के जरिये भारतीय क्रिकेट को नायाब तोहफा देने की कोशिश की है। अब सारा दबाव काशवी पर आ गया है। अपने को साबित करने का पर उसने दबावो को झेलना बचपन से ही सीख लिया है। जब उसे इससे पहलें महिला टीम के लिये नीलामी हुई थी तो उस पर कोई बोली नहीं लगी थी। उस दबाव को लोड कर आज वह इस मुकाम पर पहुंची है।

गुजरात जाइटन्स उस पर इतनी बड़ी बोली क्यों लगाई इसकी वजहे है। कोच के अनुसार काशवी एक बार जो सिखा दो वह सीख जाती है। वह मेहनती खिलाड़ी है आलराउन्डर भी है। इसलिये टीम की जरूरत के अनुसार अपने खेल को बदलती रहती है। आलराउन्डर के हिसाब से सीनियर स्टेट नार्थजोन और इन्डिया के लिये बेहतर प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। गुजरात जाइटन्स इसीलिये काशवी की मुरिद हो गयी है। काशवी छात्र के रूप में भी काफी प्रतिभावान मानी जाती है। वह खालसा कालेज में द्वीतीय वर्ष की छात्रा है। उसका घरेलू रिकार्ड शानदार है। वैसे वह बहुत शर्मीली स्वभाव की है पर खेल के मैदान पर उतरते ही आक्रमक हो जाती है। घरेलू क्रिकेट का रिकार्ड उसका शानदार है। इस साल महिला टी-20 ट्राफी में सात मैचों में 4.14 इकनमी रेट पर 12 विकेट झटके सीमित में धरेलू क्रिकेट में यह कारनामा दिखाने वाली वह अकेली महिला है जिन्होंने पुरूष बालरों को पीछे छोड़ दिया। वह 20-20 में महिला टी-20 चैलेन्ज में टेलब्लेज का भी हिस्सा रह चुकी है। वीमेन प्रीमियर लीग में महिला टी-20 के रूप में सबसे ऊंची बोली लगायी जाने की उसको खबर नही थी। अभ्यास टीम के साथ जब बस जा रही थी तभी टीम के एक साथी ने उसको उसकी सबसे ऊंची बोली लगने की खबर दी। उसकी आंखे आश्चर्य फैली रह गई। यह अविष्वसनीय घटना उसे जिन्दगी भर याद रहेगा।

ग्लोबल वार्मिंग

संजीव ठाकुर

बड़े अमीर देशों के ऐशो आराम,
शेष देशों का जीना हुआ हराम।

संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था आईपीसीसी की ताजा रिपोर्ताज के अनुसार विश्व के अमीर देश अकेले ही 60 फीसदी से ज्यादा उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि इसका उल्टा गरीब देशों का कुल गैस उत्सर्जन का 12 से 14 फीसदी ही है और स्थिति यह है कि विश्व ग्लोबल वार्मिंग की 1.5 डिग्री सेल्सियस से 2 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित करने से कोसों दूर हैं। ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े अमीर देशो द्वारा इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय और चौकाने वाली है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन, जापान चीन, रूस की दादागिरी दिखाई देती है, यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं। विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60 फीसदी तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

वेरिएंट जेएन-1 कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट सामने आ रहे हैंहालांकि इस बार जो सब-वेरिएंट म्यूटेट हुआ है, वो बहुत ही खतरनाक और जानलेवा है। अमेरिका, चीन और ब्रिटेन सहित कई देशों में लोग इस नए वेरिएंट के चपेट में आने शुरू हो गए हैं। हैरानी की बात है कि भारत में भी एक मामला सामने आ चुका है। ऐसे में लोगों के भीतर एक बार फिर कोरोना को लेकर डर बैठ गया है। हालांकि एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि अगर सावधानी बरती जाए तो इसे फैलने से रोका जा सकता है।

दुनिया में फिर कोरोना की दहशत

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां ने कोविड - 19 का जबरदस्त दंश झेला है, जिसके कारण अब कोरोना का नाम सुनते ही भयानक मंजर याद आ जाता है, परंतु कोरोना ने अभी तक पीछा नहीं छोड़ा है, अपने भिन्न-भिन्न वेरिएंट के जरिए सामने आ रहा है। पिछले दो सालों से इसके अनेक वेरिएंट आ चुके हैं जिसके कारण समय समय पर दुनियां सहित भारत की सरकारों ने अपने-अपने स्तर पर गाइडलाइंस दिशानिर्देश भी जारी करते रहे हैं। इसी कड़ी में अभी फिर एक बार एक नया वेरिएंट जेएन.1 का संक्रमण अब पूरी दुनियां के अनेक देशों में फैलता जा रहा है अब तक अमेरिका सिंगापुर यूरोप सहित करीब 38 देश में इसने पांव पसार दिए हैं। वहीं भारत में केरल से एक महिला इस वेरिएंट में पॉजिटिव होने की बात सामने आई है जो तेजी से संक्रमित होने के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। जो पहला मामला 8 दिसंबर 2023 को पहचान लिया गया था, केंद्र के संज्ञान में आते ही सरकार एक्शन मोड में है और राज्यों को एडवाइजरी जारी कर दी गई है, चूंकि दुनियां में फिर कोरोना वेरिएंट जेएन.1 की दहशतछाई हुई है,पड़ोसी राज्य केरल और तमिलनाडु में कोविड-19 मामलों की संख्या में वृद्धि के परिणाम स्वरूप, कर्नाटक में स्वास्थ्य और परिवार कल्याणसेवा आयुक्तालय ने मंगलवार दिनांक 19 दिसंबर 2023 को आशंकाओं के बीच साल के अंत के जश्न के दौरान कई दिशानिर्देशों के साथ एक सलाह जारी की। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में कोरोना के नए वेरिएंट जेएन.1 ने पांव पसारना शुरू कर दीया घबराने की नहीं सावधानी रखने की जरूरत है।

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम सब वेरिएंट जेएन.1 की करें तो कोरोना वायरस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कोरोना वायरस के नए सब वेरिएंट सामने आ रहे हैं।हालांकि इस बार जो सब-वेरिएंट म्यूटेट हुआ है, वो बहुत ही खतरनाक और जानलेवा है। अमेरिका, चीन और ब्रिटेन सहित कई देशों में लोग इस नए वेरिएंट के चपेट में आने शुरू हो गए हैं। हैरानी की बात है कि भारत में भी एक मामला सामने आ चुका है। ऐसे में लोगों के भीतर एक बार फिर कोरोना को लेकर डर बैठ गया है। हालांकि एक्सपर्ट ने सलाह दी है कि अगर सावधानी बरती जाए तो इसे फैलने से रोका जा सकता है। विशेषज्ञों ने मीडिया को बताया कि जब तक लोगों में जेएन.1 वेरिएंट के प्रति इम्यून सिस्टम नहीं तैयार होता है, तब तक कोरोना के मामले की बढ़ने की आशंका है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का ये नया वेरिएंट खतरनाक नहीं है लेकिन सर्दी, जुकाम, वायरल में जैसे सावधानियां बरतते हैं और परिवार में एक के होने पर दूसरे लोग इसकी चपेट में न आएं, ऐसे बचाव करते हैं, वैसे करते रहें। हाथों को साबुन से धोएं, भीड़ भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें, जो लोग किसी न किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, कोमोरबिड हैं, वे मास्क पहनें औरसार्वजनिक स्थानों पर कम से कम जाएं। हाल में केरल जैसे कुछ राज्यों में कोरोना के मामलों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है। भारत में कोरोना के सब वैरिएंट जेएन.1 का पहला मामला आठ दिसंबर को केरल में सामने आया था। आगामी त्योहारी मौसम को ध्यान में रखते हुए हमें जरूरी कदम उठाने होंगे। राज्यों से अपील की गई है कि वे केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की कोविड-19 की संशोधित गाइडलाइन का पालन करें और उसका सख्ती से पालन भी कराएं। देश में रविवार को 335 नए कोविड-19 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं, एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई है। सब वेरिएंट जेएन.1 को लेकर कर्नाटक सरकार ने अलर्ट जारी किया है। 8 दिसंबर को केरल के तिरुवनंतपुरम में मिला संक्रत 79 साल की एक महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। महिला में इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी के हल्के लक्षण थे। हालांकि, महिला ठीक हो गई। संक्रमित महिला ने 25 अक्टूबर को सिंगापुर की यात्रा की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत में सोमवार को कोरोनावायरस संक्रमण के कुल 127 नए केस दर्ज हुए, जिसमें अकेले केरल से 111 मामले शामिल थे। इसके साथ ही देश में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 1828 हो गई, जिसमें से 1634 केरल में दर्ज हुए हैं। केरल में कल कोरोना से 1 मरीज की मौत भी हुई।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य सचिवालय द्वारा राज्यों को जारी गाइडलाइंस की करें तो, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में जोर दिया कि केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना होगा। उनके बीच लगातार मामले पर चर्चा होनी चाहिए। साथ मिलकर ही हम कोरोना के मामलों की संख्या कम कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि अभी कोरोना गया नहीं है। वायरस का प्रकोप अब भी जारी है। इसलिए इसे लड़ाई की मुहिम हमें जारी रखनी होगी। केंद्र सरकार द्वारा राज्य को जारी एडवाइजरी में कहा है कि, आगामी त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए, राज्यों को सांस संबंधी स्वच्छता के पालन करने की सलाह दी है। साथ ही राज्यों से कहा है कि बीमारी को फैलने के जोखिम को कम करने के लिए जरूरी पब्लिक हेल्थ के उपाय और दूसरी व्यवस्थाएं को दुरुस्त करें। राज्यों को सलाह दी गई कि वे सभी जिलों में पहले से जारी दिशा निर्देश के अनुसार कोविड -19 टेस्ट करें। साथ ही आरटी पीसीआर और रैपिड एंटीजन टेस्ट की हिस्सेदारी बनाए रखें। उन्होंने राज्यों से मामलों का जल्द पता लगाने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों की निगरानी और रिपोर्ट पर जोर देने को कहा है। राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे सभी जिलों में कोरोना जांच की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। आरटी-पीसीआर और एंटीजन जांच में बैलेंस भी बनाना भी जरूरी है।

साथियों बात अगर हम इस मामले में डब्लूएचओ के बयानों की करें तो, उनके द्वारा इस वेरिएंट को लेकर सावधान किया था इस वॉर्निंग की दो वजहे हैं.द्य। पहली वजह ये है कि इस वेरिएंट में अब तक 40 से ज्यादा म्यूटेशन्स हो चुके हैं, इतनी तेजी से शक्ल बदलने वाला ये कोविड का पहला वेरिएंट कहा जा सकता है। दूसरी वजह ये है कि इस पर वैक्सीन से मिली इम्युनिटी काम नहीं कर रही है।ये वेरिएंट सबसे पहले लक्ज़मबर्ग में मिला जो उत्तर पश्चिमी यूरोप का एक छोटा सा देश है। लेकिन अब इसके शिकार हुए मरीज इंग्लैंड, फ्रांस, आइसलैंड और अमेरिका में भी मिल चुके है। साथियों बात अगर हम इस वेरिएंट से सावधानी, लक्षणों और सुरागों की करें तो कोविड 19 जेएन.1 वेरिएन्ट~ वायरल बुखार से खुद को बचा कर रखें, नए म्यूटेशन को पकड़ना नहीं होगा आसान है, एक्सपर्टस के मुताबिक ये तेजी से फैला है इसलिए सावधान रहना बेहद जरुरी है।

सुरक्षा व्यवस्था में चूक कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं

प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का तो ज़िक्र तक नहीं किया, क्योंकि संसद की सुरक्षा केवल लोकसभा सचिवालय का काम है। संसद में इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने नसीहत दी कि ऐसे विषयों पर वाद-विवाद या प्रतिरोध से सभी को बचना चाहिये। लेकिन इस मामले में जमकर राजनीति हो रही है। जिसके चलते संसद की कार्रवाई बाधित है। इस मसले पर असंसदीय आचरण करने वाले 92 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित किया गया है।

बीती 13 दिसंबर को दो युवकों ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए दर्शक दीर्घा से कूदकर लोकसभा में अराजक माहौल पैदा कर दिया। इस घटना से पूरा देश सन्न रह गया। इस घटना के बाद से अति सुरक्षित माने जाने वाली संसद की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने इस घटना में शामिल लोगों को पकड़ लिया है। जांच एजेंसियां आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही हैं। लेकिन संसद की सुरक्षा जैसे गंभीर मामले में जिस तरह की राजनीति देखने को मिल रही है, वो बड़ी चिंता की वजह है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस घटना को लेकर राजनीति हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, उच्चस्तरीय जांच के लिए समिति बनाई गई है और जांच जारी है। पहले भी जब इस तरह की घटनाएं हुई तो लोकसभा अध्यक्ष के ज़रिए ही उनकी जांच प्रक्रिया आगे बढ़ी।

राजेश माहेश्वरी

11 अप्रैल 1974 में पिस्तौल के साथ संसद में घुसने वाली घटना को जनसंघ या तत्कालीन विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया। लोकसभा अध्यक्ष का इस्तीफ़ा नहीं मांगा ? 5 मई, 1994 प्रेमपाल लोकसभा के दर्शक दीर्घा से कूदकर तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव तक चला गया,भाजपा ने लोकसभा अध्यक्ष का इस्तीफ़ा नहीं मांगा। प्रधानमंत्री व गृहमंत्री का ज़िक्र नहीं किया, क्योंकि संसद की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय का अधिकार है,तत्कालीन लोकसभा के उपाध्यक्ष भाजपा के ही मल्लिकार्जुन थे। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का तो ज़िक्र तक नहीं किया, क्योंकि संसद की सुरक्षा केवल लोकसभा सचिवालय का काम है। संसद में इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने नसीहत दी कि ऐसे विषयों पर वाद-विवाद या प्रतिरोध से सभी को बचना चाहिये। लेकिन इस मामले में जमकर राजनीति हो रही है। जिसके चलते संसद की कार्रवाई बाधित है। इस मसले पर असंसदीय आचरण करने वाले 92 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से निलंबित किया गया है। संसद के बाहर विपक्षी नेता आरोपियों के पक्ष में बयानबाजी कर रहे हैं। अनेक विपक्षी नेताओं ने पकड़े गए लोगों को भटका हुआ बताकर बचाव भी किया और ये प्रचारित करने की कोशिश की कि बेरोजगारी से बढ़ते तनाव के कारण वे ऐसा कदम उठाने मजबूर हुए।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों को संसद की सुरक्षा में चूक की घटना के पीछे कारण बताया। उनके बयान के अनुसार इस घटना की वजह मोदी सरकारी की नीतियां हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा में विजिटर गैलरी से कूदने वाले आरोपी बेरोजगारी की समस्या पर देश का ध्यान खींचना चाहते थे। देश में लाखों-करोड़ों युवा बेरोजगार हैं और औसत परिवार महंगाई के दंश झेल रहा है, तो इसके मायने ये नहीं हैं कि वे संसद पर ही हमला कर दें! यकीनन ये राष्ट्रीय समस्याएं हैं, लेकिन संसद में घुसपैठ करना तो जघन्य अपराध है।

यद्यपि ये दलीलें किसी के गले नहीं उतर रही क्योंकि ये युवक संसद के बाहर अर्थात जंतर-मंतर पर भी धरना-प्रदर्शन कर सकते थे। यदि उनका उद्देश्य महज चर्चाओं में आने का था तो उसके लिए वे और भी कोई उपाय तलाश सकते थे। उन सभी पर यूएपीए जैसे सख्त कानून के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। लेकिन विपक्ष के कुछ नेताओं सहित वामपंथी रुझान वाले यूट्यूब चैनल चलाने वाले पत्रकारों ने उनका बचाव करते हुए इस कृत्य को युवाओं में बढ़ते असंतोष का प्रदर्शन बताया जिससे लगने लगा है कि ये भी शाहीन बाग जैसे किसी प्रयोग की कोशिश है जिसे कांग्रेस, वामपंथी और मुस्लिम कट्टरपंथी ताकतों का मिला जुला समर्थन था। किसान आंदोलन के समय भी आंदोलनकारियों की कारगुजारियों और गैरकानूनी कामों को देषविरोधी गैंग और ताकतों ने सही साबित करने की कोषिष की थी। किसान आंदोलन में लालकिले की घटना को देषवासी कभी भूल नहीं सकते।

विपक्ष की राजनीति और सारे हो-हल्ले के बीच गंभीर प्रश्न छूटने नहीं चाहिएं। सवाल है कि यदि आरोपित घुसपैठिए आतंकी हैं, तो वे किस संगठन से जुड़े हैं? किसकी साजिश पर उन्होंने लोकसभा में कूदने और धुआं-धुआं करने जैसा हमलावर रुख अपनाया? यदि वे बीते डेढ़ साल से संसद में घुसकर उत्पात मचाने या सनसनी फैलाने की साजिश पर विमर्श कर रहे थे और देश के अलग-अलग शहरों में मुलाकातें कर रहे थे, तो उनके खर्चे कौन उठा रहा था? कौन फंडिंग कर रहा था उन्हें? सवाल कई हैं और जांच के दौरान उन्हें जरूर खंगाला जाएगा, लेकिन वे 'बेचारे', 'बेरोजगार' और 'भूले-भटके नौजवान' नहीं माने जा सकते। जब कश्मीर में आतंकवाद और जिहाद चरम पर थे, तब भी युवा आतंकियों को 'भूले-भटके' करार दिया जाता था, लेकिन अकेले उस आतंकवाद ने ही करीब 45,000 जिंदगियां छीन ली थीं। यदि ऐसे विशेषण देकर विपक्ष इन घुसपैठियों का बचाव करेगा और माफ करने की पैरवी करेगा, तो निश्चित ही देश में आतंकवाद कभी समाप्त नहीं हो सकता।

महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी या अन्य समस्याएं दो चार साल में पैदा नहीं हुई हैं। देश की आजादी के समय से ही ये समस्याएं देश व समाज में मौजूद रही हैं। सभी सरकारों ने इन समस्याओं को दूर करने की अपने अपने ढंग से कोशिश की है। और देश में सबसे ज्यादा समय तक सरकार कांग्रेस ने ही चलाई है। ऐसे में देश की हर समस्या और परेशानी में उसकी भूमिका को नजरअंदाज बिल्कुल भी नहीं किया जा सकता। अगर देश की जनता मोदी सरकारी की नीतियों से परेशान है। युवा में बेरोजगारी को लेकर गुस्सा और नाराजगी है, तो विरोध के कई लोकतांत्रिक तरीके हैं। अगले साल लोकसभा चुनाव में जनता मोदी सरकार के खिलाफ जनादेश सुना सकती है। लेकिन जनता जमीनी सच्चाई को समझती है। ऐसे में वो विपक्ष के साथ खड़ी दिखाई नहीं देती है। संसद की सुरक्षा जैसे गंभीर मसले पर क्षुद्र राजनीति करने को उचित नहीं ठहराया जा सकता।

निःसंदेह, संसद दीर्घा तक लोग सांसद द्वारा बनाये पास के जरिये ही पहुंचते हैं। वैसे संसद की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी लोकसभा के अधीन काम करने वाली पार्लियामेंट सिक्योरिटी सर्विस की होती है। सत्र के दौरान बाहर केंद्रीय सुरक्षा बलों, आईटीबीपी, इंटेलिजेंस ब्यूरो, एसपीजी, एनएसजी आदि की उपस्थिति अलग से रहती है। संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर सुरक्षा व्यवस्था और चौक चौबंद होना चाहिए थी। लेकिन लापरवाही बरती गई। यह घटना गंभीर है। 22 वर्ष के बाद भी सुरक्षाकर्मियों ने सबक न लेते हुए अपने कर्तव्य पालन का सही निर्वहन नहीं किया। सुरक्षा व्यवस्था में और सुधार की गुंजाइश है, दर्शक दीर्घा में प्रवेश के लिए जांच और कड़ी करने की आवश्यकता है।

प्रतिबंधित हो मानव बलि लेने वाली तंत्र-मंत्र विद्या

इस विद्या पर भी धर्म व अन्धविश्वास का जामा चढ़ाकर हमारे देश में जमकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। इसी की आड़ में बलात्कार, हत्या, धन ऐंठना, ब्लैक मेलिंग आदि न जाने क्या क्या हो रहा है। शत प्रतिशत झूठ व पाखंड पर आधारित तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि प्रायः पढ़े लिखे लोग यहाँ तक कि मंत्री व अधिकारी भी किसी न किसी लालचवश इस जाल में फँस जाते हैं। देश में तमाम ऐसे तांत्रिक हुए हैं जिनकी पहुँच सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक भी रही है।

भारतवर्ष एक ऐसा अद्भुत देश है जहां 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क अनाज देकर उसी देश के लोगों को यह भी समझा दिया जाता है कि यदि तीसरी पारी में सत्ता हासिल हुई तो देश को विश्व की तीसरी महाशक्ति बना देंगे। शायद इन्हीं राशन लाभार्थियों के बल पर ? जहाँ चंद्रयान छोड़े जा रहे हों विकास की नित नई गाथायें लिखने के दावे किये जा रहे हों। उसी देश में आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में अंधविश्वास व पाखंड से भरी ऐसे अनेक ख़बरें आये दिन सुनाई देती हैं जिन्हें देख पढ़ कर रूह काँप जाती है। इंसान यह सोचने के लिए मजबूर हो जाता है कि धर्म-आस्था व अंधविश्वास के इस घालमेल ने मनुष्य को कितना क्रूर,अमानवीय व हिंसक बना दिया है? रोज़ कहीं न कहीं गांव-मुहल्ले के बलशाली लोग किसी न किसी ग़रीब परिवार के किसी व्यक्ति को ख़ासकर महिला को चुड़ैल, भूतनी या डायन बता कर उसपर मनमाना अत्याचार करते हैं। किसी की पीट पीटकर हत्या कर दी जाती है तो किसी को रस्सियों या लोहे की ज़ंजीरों से जकड़कर किसी पेड़ से बाँध दिया जाता है। उसे भूखा प्यासा रखकर प्रताड़ित किया जाता है। ऐसी अनेक पीड़िताओं के साथ दुष्कर्म भी किये जाते हैं। ऐसे मामलों में नाममात्र कार्रवाई भी होती है। परन्तु इस देश में जितना न्याय किसी ग़रीब को मिलता है यहां भी उतना ही न्याय किसी पीड़ित व प्रताड़ित व्यक्ति को भी मिलता है अर्थात नाममात्र या बिल्कुल नहीं।

निर्मल रानी

इसी अंधविश्वास की श्रेणी में आती है तांत्रिक विद्या। इस विद्या पर भी धर्म व अन्धविश्वास का जामा चढ़ाकर हमारे देश में जमकर हैवानियत का खेल खेला जा रहा है। इसी की आड़ में बलात्कार, हत्या, धन ऐंठना, ब्लैक मेलिंग आदि न जाने क्या क्या हो रहा है। शत प्रतिशत झूठ व पाखंड पर आधारित तांत्रिक विद्या का इतना बड़ा प्रभाव क्षेत्र है कि प्रायः पढ़े लिखे लोग यहाँ तक कि मंत्री व अधिकारी भी किसी न किसी लालचवश इस जाल में फँस जाते हैं। देश में तमाम ऐसे तांत्रिक हुए हैं जिनकी पहुँच सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक भी रही है। परन्तु चूँकि इस तरह की अंधविश्वास,झूठ व पाखंड पूर्ण विद्याओं को विज्ञान कोई महत्व नहीं देता, इसमें किसी तरह की नाममात्र तार्किकता व तर्कशीलता नहीं होती इसलिये झूठ आधारित इस स्वयंभू विद्या को जड़मूल से समाप्त करने में ही हमारे समाज का भला है। परन्तु बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि चुड़ैल, भूतनी या डायन तथा तांत्रिक विद्या के चक्करों में सदियों से उलझे हमारे देश की सरकारें भी इस नासूर रुपी अन्धविश्वास व पाखण्ड से देश को निजात नहीं दिला सकीं। इसका कारण भी बड़ा रोचक है। दरअसल सरकारें व इसमें शामिल तमाम शातिर नेता चाहते भी यही हैं कि देश की भोली भाली जनता इन्हीं बे सिर पैर की बातों में उलझी रहे। अंधविश्वास में डूबी रहे। विज्ञान, तर्क और शिक्षा की बात ही न करे। तंत्र मन्त्र और छू मन्तर के बल पर अपनी समस्याओं का समाधान तलाशे। ऐसा करने से अन्धविश्वास को बढ़ाने व संरक्षण देने वाले तमाम निठल्ले लोगों को रोज़गार मिल जाता है। ऐसे लोगों पर धर्म की अफ़ीम का गहरा रंग चढ़ता है। बाद में यही लोग 80 करोड़ लाभार्थियों की श्रेणी में आकर उस सत्ता के एहसानमंद होते हैं जिसने उन्हें मुफ़्त में राशन देने का वादा किया है।

परन्तु सत्ता के इस स्वार्थ और लोगों को अशिक्षित रखने के चलते इस देश में कुछ ऐसी घटनायें भी हो जाती हैं जिससे हमारे देश की न केवल बदनामी होती है बल्कि दुनिया यह भी सोचने के लिये मजबूर हो जाती है कि चंद्रयान छोड़ने वाले देश में आख़िर हो क्या रहा है? मिसाल के तौर पर गत दिनों कानपुर देहात के घाटम पुर इलाक़े के भदरस गांव की एक क्रूरतम घटना को लेकर एक अदालती फ़ैसला आया जिसने तीन वर्ष पूर्व यानी 14 नवंबर 2020 की भयावह घटना की याद फिर ताज़ा कर दी। दरअसल कानपुर देहात के घाटम पुर इलाक़े के भदरस गांव में 14 नवंबर 2020 को छः वर्ष की एक मासूम बच्ची का अपहरण कर पहले उसके साथ रेप किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई थी। इतना ही नहीं बल्कि आरोपियों ने वहशीपन की सारी हदें पार करते हुए उसका कलेजा निकालकर रोटी के साथ खाया था। इस वहशीपन का कारण यह था कि किसी तांत्रिक ने एक दम्पति को बेटा पैदा करने के लिये यह उपाय बताया था। इसी मामले में स्थानीय अदालत ने चार दोषियों को सज़ा सुनाई है। तीन साल तक चली सुनवाई के बाद पिछले दिनों कानपुर देहात के अपर ज़िला जज शमीम रिज़्वी की अदालत ने आरोपी दंपती परशुराम व सुनैना को आजीवन कारावास और 20-20 हज़ार अर्थदंड की सज़ा सुनाई है। वहीं दंपत्ति के भतीजे अंकुल और उसके साथी वीरेन को पूरे जीवन काल का कारावास और 45-45 हज़ार अर्थदंड का लगाया है।

यह इस देश की पहली घटना नहीं है। ऐसे तांत्रिकों के चक्कर में लाखों लोगों की जानें जा चुकी हैं, सामूहिक आत्म हत्याएं तक देश की राजधानी दिल्ली में हो चुकी हैं। परन्तु इन सबके बावजूद तांत्रिकों का व्यवसाय फल फूल रहा है। तांत्रिक विद्या व व्यवसाय का प्रचार करने वाले तमाम पोस्टर हैंडबिल पम्फलेट सार्वजनिक स्थानों,बसों ट्रेन्स पार्कों में यहाँ वहां चिपके देखे जा सकते हैं। इनमें उनके संपर्क नंबर और पता भी होता है। परन्तु सरकार व प्रशासन आँखें मूँद कर झूठ व मक्कारी आधारित इस व्यवसाय को फलते फूलते देखती रहती है। और देखे भी क्यों न? जब स्वयं सरकार के मंत्री नींबू और हरी मिर्च लटकाकर टोटके करते फिरें, पूजा पाठ दुआ ताबीज़ का सहारा लेकर अवैज्ञानिकता को बढ़ावा देते दिखाई दें तो इसका मक़सद साफ़ है कि ऐसे सभी अंधविश्वासी व पाखंडपूर्ण गतिविधियों को सरकार का संरक्षण हासिल है। और सरकार स्वयं चाहती है कि लोग आज के आधुनिक व वैज्ञानिक दौर में भी अंधविश्वास व पाखंड में उलझे रहें। अन्यथा एक कुशल, प्रगतिशील व वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाली सरकार को तो देशवासियों को अंधविश्वास व पाखण्ड से मुक्ति दिलाने व ग़रीबों की जान माल सुरक्षित करने हेतु पूरे देश में तंत्र मन्त्र विद्या और दूसरे सभी ढोंग, झाड़ा, तावीज़, कण्डा आदि तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर देना चाहिए और लोगों को अंधविश्वास से दूर रखना तथा उनमें वैज्ञानिक सोच का संचार करना चाहिये।

संस्थान को और बेहतर बनाने के प्रस्ताव प्रस्तुत करें निदेशक : आशीष पटेल

संस्थानों में छात्रों का प्रवेश बढ़ाने के साथ-साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय

अवधनामा संवाददाता

- प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री एवं डिप्लोमा सेक्टर के लिए शासन द्वारा जारी बजट का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय

लखनऊ। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने विधान सभा स्थित सभागार में प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री एवं डिप्लोमा सेक्टर की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के डिग्री एवं डिप्लोमा सेक्टर हेतु शासन द्वारा जारी बजट का शत प्रतिशत उपयोग किया जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रों के हित मे नए प्रस्ताव तैयार कर उसके लिए बजट की मांग प्रस्तुत की जाय। छात्रों के लिए कॉलेज में मल्टीपर्पज हॉल का प्रस्ताव तैयार किया जाय, जिससे कि एक ही जगह सभी सुविधाएं छात्रों को उपलब्ध हो सके। सभी कॉलेजों के निदेशक अपने संस्थान को और बेहतर बनाने के प्रस्ताव भी प्रस्तुत करें। संस्थानो में बिजली की खपत कम करने पर जोर दिया जाय। संस्थानो में सोलर रूफ टॉप लगाया जाये। उन्होंने गोण्डा, बस्ती, मिर्जापुर तथा प्रतापगढ़ के नवीन इंजीनियरिंग कॉलेजों की विस्तार से चर्चा की।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि तीनो विश्वविद्यालयों एवं सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों का प्रवेश बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाय। संस्थानो में स्टार्टअप योजना को बढ़ावा देने का कार्य किया जाय। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत छात्रों को कौशल परक प्रशिक्षण प्रदान किया जाय। इसके लिए प्रत्येक कॉलेज में कम से कम 50 छात्रों को प्रशिक्षण देकर उन्हें हुनरमंद बनाया जाय। तीनो विश्वविद्यालयों एवं सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों के निदेशको को निर्देशित किया कि संस्थानो में सभी रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही की जाय। तीनो विश्वविद्यालयों एवं सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में समूह ग के रिक्त पदों के संबंध में अधियाचन 31 दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेज दिया जाय। नियुक्ति प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश शासन से निर्धारित आरक्षण के नियमों का शत-प्रतिशत पालन किया जाय। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से वेतन निर्गत किये जाय। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा एम. देवराज, विशेष सचिव अन्नावि दिनेश कुमार, वेद प्रकाश शर्मा, संयुक्त सचिव कुलपति एकेटीयू लखनऊ, एचबीटीयू कानपुर, एमएमएमटीयू गोरखपुर, समस्त निदेशकगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

11 निरीक्षण भवनों की चहारदीवारी के निर्माण कार्य के लिए 50 लाख स्वीकृत

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा जनपद जनपद सहारनपुर में अपर खंड पूर्वी यमुना नहर, सहारनपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर स्थित कुल 11 निरीक्षण भवनों की चारदीवारों के निर्माण कार्य हेतु 50 लाख रुपए की धनराशि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कर दिया गया हैं।

जारी शासनादेश में यह निर्देश दिए गए हैं। कि मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किए जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/विभाग का होगा। परियोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व विभाग का होगा। विभाग द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां, पर्यावरण क्लीयरेंस सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जायेगा।

वन मंत्री ने किया लखनऊ जू का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- वन्यजीवों के बाड़ों की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चाक-चौबंद करने के निर्देश
- चिड़ियाघर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना भविष्य में घटित होने पाये
- दरियाई घोड़े के हमले में मृतक सूरज की पत्नि को संविदा पद नौकरी देने के लिए निदेशक जू को निर्देश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वन एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 अरूण कुमार सक्सेना ने आज प्रातः नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान (लखनऊ जू) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वन्यजीवों के बाड़ों की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चाक-चौबंद करने के निर्देश दिये। यह भी कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ कर्मचारियों की भी सुरक्षा के बेहतर प्रबंध सुनिश्चित किया जाय। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना भविष्य में घटित होने पाये अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

डॉ सक्सेना ने विगत दिनों चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े के हमले में मृतक सूरज की पत्नि को संविदा पद नौकरी देने के लिए निदेशक जू को निर्देश दिये। डब्ल्यूटीआई एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ एजेन्सियों एवं लेबर डिपार्टमेंट से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिड़ियाघर में साफ-सफाई के बेहतर से बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने जू में स्थित सभी बाड़ों का निरीक्षण करते हुए कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए बनी बैरीकेटिंग को चुस्त-दुरूस्त कराया जाये। कहीं से कोई बैरीकेटिंग क्षतिग्रस्त नहीं होनी चाहिए।

डॉ0 सक्सेना ने कहा कि राज्य सरकार वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ-साथ इनकी देख-भाल में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति बेहद संवेदनशील है। उन्होंने की विशेषज्ञों की देख-रेख में ही कर्मचारियों को बाड़े में जाने की अनुमति दी जाये और दरियाई घोड़े के उग्र होने की जांच चिकित्सक से कराई जाय। साथ ही समय-समय पर सभी वन्यजीवों का चिकित्सकों के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता रहे।

सत्यापन के बाद ही बनेगा 18 साल से अधिक आयु के निवासियों का आधार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अब सत्यापन के बाद ही बनेगा 18 साल से अधिक आयु के निवासियों का आधार। अब राज्य सरकार की अनुमति के बाद वयस्क लोगों के आधार कार्ड बनाए जा सकेंगे। इसके लिए जिला स्तर पर और सब-डिवीजन स्तर पर नोडल अधिकारियों को नामित किया गया है। जिला स्तर पर अपर जिलाधिकारी को और सब-डिवीजन स्तर पर एसडीएम को नामित किया गया है। इनके द्वारा सत्यापन के बाद ही 18 साल से अधिक आयु के लोगों का आधार कार्ड बन सकेगा। इसके लिये अब पासपोर्ट की तरह सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। ऐसे लोगों के लिए आधार नामांकन की सुविधा कुछ चुने हुए आधार केंद्रों पर ही उपलब्ध होगी। जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक जिले का मुख्य डाक घर, उप डाक घर और प्राधिकरण द्वारा संचालित आधार सेवा केंद्र शामिल है जिनकी संख्या 1136 है । इन केंद्रों पर आधार नामांकन के उपरांत सूचना प्राधिकरण को भेज दी जाएगी जहां डेटा क्वालिटी जांच के उपरांत इस आवेदन को सर्विस प्लस पोर्टल पर सत्यापन के लिए भेज दिया जाएगा। सर्विस पोर्टल पर आने वाले आवेदन का सत्यापन एसडीएम अपने स्तर पर करवाएंगे। इसमें लगाए गए सभी दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। अगर सब सही पाया जाता है तो आधार जारी करने की अनुमति दे देंगे जिसके बाद 180 दिनों के अंदर आधार बन जाएगा। अगर सूचना संदिग्ध होगी तो नोडल अधिकारी इसे रिजेक्ट कर देंगे। उप महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि ये दिशानिर्देश 18 साल से अधिक वर्ष के उन निवासियों के लिए है जो पहली बार अपना आधार बनवा रहे है। एक बार आधार बन जाने के बाद वे भी सामान्य प्रक्रिया के अंतर्गत अपना आधार अपडेट करवा सकते है किसी प्रकार के सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी।

बंगाल के स्टाल बने ग्राहकों के आकर्षण का केंद्र

अवधनामा संवाददाता

- अवध शिल्प ग्राम में आयोजित हैण्डलूम एक्सपो-2023 में जम्मू एवं कश्मीर की शॉल, सूट एवं पारम्परिक फिरन ग्राहकों द्वारा सबसे ज्यादा किए जा रहे पसंद

लखनऊ। शहीद पथ स्थित अवध शिल्प ग्राम में आयोजित हैण्डलूम एक्सपो-2023 (गॉधी बुनकर मेला) में आयोजन के पाँचवे दिन अपार भीड़ उमड़ रही है, और बुनकरों के उत्पादों की अच्छी बिक्री हो रही है। एक्सपो में मुख्यतः सर्दी को दृष्टिगत रखते हुए जम्मू एवं कश्मीर की शॉल, सूट एवं पारम्परिक फिरन तथा हिमांचल प्रदेश की कुल्लू टोपियाँ एवं मफलर की अत्याधिक बिक्री हो रही है। इसके अतिरिक्त हरियाणा तथा पं0 बंगाल के आकर्षक स्टालों की तरफ भी आगन्तुक/ग्राहक आकर्षित हो रहे है।

उपायुक्त (प्रवर्तन)/ नेशनल हैण्डलूम एक्सपो के इंचार्ज पी सी ठाकुर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विकास आयुक्त हथकरघा, भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय नई दिल्ली एवं आयुक्त एवं निदेशक हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नेशनल हैण्डलूम एक्सपो में हथकरघा बुनकरों के अनूठे उत्पादों की बिक्री होने से जहां एक तरफ़ उनकी आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी, वहीं बुनकरों का मनोबल भी बढ़ेगा।

एक्सपो में उत्तर प्रदेश के स्टालों यथा बनारसी एवं मऊ की साड़ी, मेरठ के होम फ़र्निशिंग के आईटम एवम बेडशीट्स भी दर्शकों को बरबस अपनी तरफ खींच रहे है। एक्सपो परिसर में बने फूड प्लाजा में भी आगन्तुक विभिन्न मीठे तथा नमकीन व्यंजनों जैसे- चाट, पकौड़ी कॉफी एवं अन्य साउथ इण्डियन व्यंजनों को पसन्द कर रहे है। एक्सपो में बच्चों के खेलने के लिए मैदान एवं गेम जोन भी है। कुल मिलाकर घूमने एवं उच्च कोटि के वस्त्रों की खरीददारी के लिए एक्सपो स्थल आदर्श साबित हो रहा है। रात्रि तक एक्सपो स्थल में ग्राहकों का जमावड़ा लगा रहता है।

पर्यटन मंत्री 21 से 25 तक आगरा, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद के भ्रमण पर

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 21 दिसम्बर से 25 दिसम्बर तक आगरा, फिरोजाबाद तथा मैनपुरी के भ्रमण पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री कल अपराह्न 01 बजे से प्रस्थान कर अपराह्न 04 बजे तक बटेश्वर धाम आगरा पहुंचेगे और वहॉ मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

अगले दिन 22 दिसम्बर को पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक मैनपुरी में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त सरस्वती विद्या मंदिर बंशीगौहरा मैनपुरी में भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम की जयन्ती पर आयोजित गणित विज्ञान प्रदर्शनी एवं मेले में शामिल होंगे। इसके पश्चात नगला निरंजन मैनपुरी में सीडीओ आफिस तक सीसी रोड, सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। पर्यटन मंत्री 24 दिसम्बर रविवार को सिरसागंज फिरोजाबाद कैम्प कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व0 अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती पर शिलान्यास एवं लोकार्पण आदि कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके उपरान्त अपराह्न 03 बजे क्रिश्चियन मैदान मैनपुरी में 72वें यूपी स्टेट सीनियर पुलिस/महिला वॉलीवॉल चैम्पियन कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल होंगे और अगले दिन 26 दिसम्बर को दोपहर तक लखनऊ वापस आयेंगे।

बाल संरक्षण इकाइयों के लिए बाल सहभागिता पर हुआ प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

- बनाई गई कार्य योजना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिला बाल संरक्षण इकाइयों का प्रशिक्षण लखनऊ में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम यूनिसेफ द्वारा सहभागी शिक्षण केंद्र के सहयोग से लखनऊ में चार बैच में आयोजित किया गया जिसका समापन मंगलवार को हुआ। प्रशिक्षण में सभी 75 जनपदों के जिला बाल संरक्षण इकाइयों के 140 सदस्यों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य, जिला एवं ग्राम स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में बच्चों की भागीदारी के महत्व पर वैचारिक स्पष्टता विकसित करना था। यूनिसेफ के बाल संरक्षण विशेषज्ञ मंसूर उमर कादरी ने कहा, जिला बाल संरक्षण इकाइयां बच्चों के संरक्षण के लिए तो कार्य करती ही हैं किन्तु उन्हें बच्चों के साथ मिल कर भी कार्य करना चाहिए। उन्होंने मिशन वात्सल्य योजना के मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की और कहा, जिला एवं ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण कमिटी में बच्चों की सहभागिता होनी चाहिए और उन्हें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए।

यूनिसेफ की संचार विशेषज्ञ निपुण गुप्ता ने कहा, संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार संधि में बच्चों की भागीदारी पर जोर दिया गया है। किन्तु बच्चों की सहभागिता केवल नाम के लिए ही नहीं होनी चाहिए। उन्हें घर, समुदाय, स्कूल, पंचायत आदि में अपनी बात रखने, सुने जाने एवं निर्णय लेने के अवसर भी दिए जाने चाहिए।

बाल सभा के विषय में बताते हुए, यूनिसेफ की सोशल पॉलिसी विशेषज्ञ पीयूष एंटनी एवं कन्सल्टेंट प्रशंसा ने कहा, बाल सभा में 11-18 वर्ष के सदस्य होते हैं जिनमें एक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष होता है एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, खेल, सुरक्षा, खाद्य एवं सुरक्षा मंत्री व उपमंत्री होते हैं। बाल सभा की बैठक वर्ष में 4 बार आयोजित की जाती हैं। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा निर्णय लेने की प्रक्रिया में बच्चों की भागीदारी के महत्व के विषय में बताया गया एवं बाल सभा एवं ग्राम पंचायत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु बाल संरक्षण इकाइयों को प्रशिक्षित किया गया एवं कार्य योजना बनाई गई। सहभागी शिक्षण केंद्र के मनीष ने सतत विकास लक्ष्यों एवं उनके स्थानीयकरण के विषय में बताया।

टीएमयू में जुटेंगी रूस, चीन समेत 11 देशों की आईटी हस्तियां

अवधनामा संवाददाता

- कॉन्फ्रेंस के 15 तकनीकी सत्रों में 10 ट्रैक में देश-विदेश के शोधार्थियों की ओर से पढ़े जाएंगे 105 शोध पत्र

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज़ इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी-सीसीएसआईटी की ओर से 22 और 23 दिसंबर को सिस्टम मॉडलिंग एंड एडवांसमेंट इन रिसर्च ट्रेंड्स-स्मार्ट 2023 पर 12वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस होने जा रही है। सालना यह कॉन्फ्रेंस टीएमयू के सीसीएसआईटी और आईईईई यूपी अनुभाग के साथ तकनीकी सह-प्रायोजन में संयुक्त रूप से ब्लेंडेड मोड में होगी। कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत समेत बांग्लादेश, रूस, यूनाइटेड स्टेट, हाँगकाँग, ऑस्ट्रेलिया, चीन, कनाडा, सऊदी अरब, उज़्बेकिस्तान और इराक़ समेत कुल 11 देशों के आईटी विशेषज्ञ अपने-अपने विचार साझा करेंगे। कॉन्फ्रेंस के 15 तकनीकी सत्रों में 10 ट्रैक में देश-विदेश के शोधार्थियों की ओर से कुल 105 शोध पत्र पढे जाएंगे। भारत के तमिलनाडु, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, मणिपुर और कर्नाटक समेत कुल 12 राज्यों के प्रतिभागी अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कॉन्फ्रेंस में डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग, सूचना सुरक्षा एवं इंजीनियरिंग, उभरती तकनीकी, आईओटी और वायरलेस संचार, ब्लॉक चेन प्रौद्योगिकी, उद्योग 4.0, शिक्षा 4.0, सिस्टम मॉडलिंग और डिज़ाइन कार्यान्वयन उपकरण, सर्किट, सामग्री और प्रसंस्करण, पावर, ऊर्जा और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग और हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी जैसे विभिन्न विषयों पर दुनिया भर के आईटी विशेषज्ञ अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों के डाकघर भी हो रहे हाईटेक : कृष्ण कुमार

अवधनामा संवाददाता

- ग्रामीण डाक सेवकों को मिल रहे स्मार्ट फ़ोन

लखनऊ। डाक विभाग अब गाँवों में स्थित शाखा डाकघरों को और भी हाईटेक करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार की डिजिटल एडवांसमेंट ऑफ रूरल पोस्ट ऑफिस फॉर ए न्यू इंडिया 2.0 (दर्पण) योजना के तहत शाखा डाकघरों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है7 इस योजना के अंतर्गत ब्रांच पोस्टमास्टर्स को एंड्रायड बेस्ड स्मार्ट फोन दिए गए हैं, ताकि डाकघर के काम को और भी सुगमता, सरलता और तत्परता से किये जा सके।यह एंड्रायड बेस्ड स्मार्ट फोन ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) से लैस हैं जो इस्तेमाल करने वाले ग्रामीण डाक सेवक की सटीक लोकेशन रियल टाइम में सेंट्रल सर्वर को देगा। बलिया के दौरे पर आये वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने उक्त के बारे में जानकारी दी। डाक अधिकारियों के साथ बैठक करके उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि गाँव के लोगों को डाक सेवाओं हेतु क़स्बों या शहर तक न आना पड़े।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि दर्पण 2.0 के तहत बलिया के गाँवों में स्थित 307 शाखा डाकघरों को हाइटेक बनाया गया है। सभी शाखा डाकघरों के ग्रामीण डाक सेवकों को मिशन कर्मयोगी के तहत ऑनलाइन एवं ऑफलाइन ट्रेनिंग भी दी गई है ताकि सभी कर्मचारीगण इस आधुनिक माहौल में प्रभावकारी तरीके से कार्य कर सकें। इसका उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर विभाग के सबसे महत्वपूर्ण अंग ग्रामीण डाक सेवकों को तकनीकी सुविधाओं से लैस कर ग्रामीण भारत में नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से आमजन की सुविधाओं में बढ़ोतरी करना है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इण्डिया मिशन को भी पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि एंड्रायड बेस्ड स्मार्ट फोन में स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पार्सल बुकिंग एंड डिलीवरी, मनी ऑर्डर, कोर बैंकिंग, डाक जीवन बीमा, आईपीपीबी इत्यादि एक ही स्क्रीन पर उपलब्ध हैं।

राम कथा मन से सुनी जाती है मस्तिष्क से नहीं : आचार्य

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। दुष्टें का संहार करने, धर्म की स्थापना करने, गौ, साधु-संतों व भक्तों की रक्षा करने के लिये भगवान राम ने अवतार लिया। प्रभु श्रीराम के जन्म लेते ही भक्त झूम उठे और श्रीराम के जयकारों से कथा स्थल गुंजायमान हो गया। सेक्टर-'ए' सीतापुर रोड योजना कालोनी में स्थित श्रीरामलीला पार्क में चल रहे मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामकथा के तीसरे दिन बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं रासलीला में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पंडाल फूल, गुब्बारों, खिलौनों और रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। कथावाचक आचार्य गोविंद मिश्रा ने श्रीराम के जन्म पर अयोध्या में छाए उल्लास व महाराज दशरथ के महल में छाई खुशियों और जन्म की लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान का इंसान रूप में यह अवतार मानव को समाज में रहने के सूत्र सिखाता है। इस जगत में भगवान श्रीराम जैसा दूसरा चरित्र नहीं है। प्रभु श्रीराम की कथा के श्रवण मात्र से ही जीव के तमाम सांसारिक पाप नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि राम कथा मन से सुनी जाती है मस्तिष्क से नहीं, जो भगवान की करुणा व उनके प्रेम को याद करे वहीं सच्चा भक्त होता है। व्यक्ति के अंदर अगर धैर्य नहीं है तो वह रामकथा सुनने के योग्य नहीं है।

अवध के राम आए हैं...

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। एक्सपो के प्रथम दिवस का उद्घाटन राम कथा मैदान आशियाना में केजीएमयू की वरिष्ठ प्रोफेसर अर्चना घील्डियाल व मुनालश्री विक्रम बिष्ट ने दीप प्रज्वलन करके किया गया मेला संयोजक आमिर सिद्दीकी ने मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प व अंग वस्त्र से किया कानपुर न्यू यूथ क्लब के सहयोग से लखनऊ एक्सपो में सांस्कृतिक संध्या मुनाल महोत्सव द्वारा आयोजित की गई संध्या का शुभारंभ कथक नृत्य में गणेश वंदना के साथ कृष्ण लीला तराना मैं सुश्री एश्वनी पाठक तथा अनन्या पाठक ने नृत्य के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति प्रस्तुत किया।

भरतनाट्यम नृत्यांगना मीतू सिंह ने शंकर स्तुति तथा श्री राम पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया यशभारती ऋचा जोशी के संयोजन में आकाशवाणी दूरदर्शन के प्रसिद्ध लोक कलाकार बालकृष्ण शर्मा ने आज अवध में बाजे शहनाई तथा अवध के राम आए हैं सोमनाथ चौरसिया ने अवधी लोकगीत हरे हरे पेड़ लगाओ रे भैया तथा रेलिया बैरन हो गई गीत प्रस्तुत किया प्रदीप पटेल ने लोकगीत फिल्मी गीत चाहूंगा तुझे सांझ सवेरे प्रस्तुत किया।

टैलेंट हंट की विजेता हर्षित चतुर्वेदी ने अपनी मधुर आवाज में छेड़ो ना छेड़ो श्याम तथा झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में गीत गाकर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया कलाकारों का स्वागत सांस्कृतिक प्रभारी प्रेम सिंह बिष्ट व गढ़वाली समाज के अध्यक्ष डॉक्टर आशुतोष नौटियाल, अशोक असवाल,चंदू जोशी ने किया इस अवसर पर समाजसेवी रंग कमी कलाकार आदि उपस्थित थे। मुनालश्री विक्रम बिष्ट ने बताया की द्वितीय दिवस दिनांक 21 दिसंबर को गीत गजल भजन संध्या आकाशवाणी दूरदर्शन के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

काशी विश्वनाथ धाम : भक्तों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

वाराणसी। काशी विश्वनाथ धाम में भक्तों की सुरक्षा पुख्ता करने के साथ ही सहूलियत के लिए पुलिस के साथ निजी सुरक्षा एजेंसी भी तैनात होगी। मंदिर प्रशासन ने इसके लिए सुरक्षा एजेंसी का चयन कर लिया है। नए सुरक्षा प्लान को लागू करने के लिए काशी विश्वनाथ मंदिर की हाई पावर कमेटी में व्यापक चर्चा हुई। इसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की ओर से तैयार की गई कार्ययोजना के अमल पर भी चर्चा हुई।

एडीजी (सुरक्षा) रघुबीर लाल की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में हुई बैठक में सीआईएसएफ की कार्ययोजना के आधार पर सुरक्षा में बदलाव पर चर्चा हुई। इसमें तय हुआ कि स्थानीय टीम संयुक्त रूप से धाम परिसर का निरीक्षण कर यह रिपोर्ट देगी कि सीआईएसएफ के प्लान को एक साथ लागू किया जाए या इसके लिए चरणबद्ध प्रक्रिया अपनाई जाए।

भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली का विजयपूर्ण आरंभ

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। अमेठी में भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली के प्रारंभिक दिन एक अद्भुत जज्बा देखने को मिला, क्योंकि सभी तेरह जिलों - अंबेडकरनगर, बस्ती, कौशांबी, रायबरेली, कुशीनगर, प्रतापगढ़, सिदारथ नगर, संतकबीरनगर, सुलतानपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, अमेठी, और अयोध्या के अभ्यर्थी अग्निवीर क्लर्क/ स्टोर कीपर के पदों के लिए उत्साह से भाग लिया। ब्रिगेडियर प्रणब मिश्रा, भर्ती उपमहानिदेशक, भर्ती मुख्यालय लखनऊ पहले दिन भर्ती के मौजूद रहे।

कुल 620 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था ताकि वह अपनी क्षमताएं प्रदर्शित कर सकें और इन मौजूदा पदों के लिए प्रतिस्थान बना सकें। सर्दी के मौसम की चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बावजूद, अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक और ऊर्जा के साथ भाग लिया।

वैज्ञानिक प्रतिभा दिखाकर बच्चों ने बढ़ाया इटावा महोत्सव का मान

150 मॉडल हुए चयनित, छात्र संख्या के आधार पर महोत्सव का सबसे सफल आयोजन रहा दो दिवसीय विज्ञान मेला

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इटावा महोत्सव में आयोजित दो दिवसीय विज्ञान मेले का बुधवार को समापन किया गया। 5000 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकोंकी प्रतिभागिता के बल पर विज्ञान के क्षेत्र में उनके नए-नए प्रयोग व आयामों को मेले के जरिए प्रदर्शित किया गया। निर्णायक मंडल ने कुल 150 विभिन्न श्रेणी के मॉडल को चयनित किया। दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लखनऊ से आयें वरिष्ठ वैज्ञानिक आईडी राम, डीआईओएस मनोज कुमार सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आनंद एवं सहजिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर मुकेश यादव ने दीप प्रज्वलन व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक आईडी राम ने कहा कि हमें अपनी सोच बदलनी है तथा अपने मस्तिष्क व राष्ट्र को कैसे ऊंचाइयों पर ले जाना है इस पर विचार करना होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपनी दिनचर्या की समय सारणी बना ले और समय सारणी के अनुसार अनुशासनात्मक ढंग से लगन के साथ कार्य करें। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक जिद पैदा करनी है और इसके लिए लगातार प्रयास और निरंतर मेहनत से ही हमें लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन और बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा की भी सराहना की। डीआईओएस मनोज कुमार ने कहा कि जीवन में अधिकतर खुशहाली की देन विज्ञान ही है, क्योंकि हमें जो भी भौतिक सुविधाएं मिल रही है उसमें विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है

उन्होंने शिक्षकों को अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को कोई वैज्ञानिक सोच को आगे बढ़ाएं एवं उनका उत्साह वर्धन करते रहें जिससे यह छात्र देश के भविष्य में अपनी अग्रणी भूमिका निभा सकें। इटावा महोत्सव के अन्य आयोजनों की तुलना में विज्ञान मेले में बच्चों की सहभागिता सर्वाधिक रहती है और इस बार भी पूरा पंडाल भरे होने से यह निश्चित हो गया है कि विज्ञान के प्रति इटावा में जो अलख विज्ञान मेला जगा रहा है वह अपने आप में अभूतपूर्व है, उन्होंने कार्यक्रम संयोजक डॉ आनंद को इसके लिए बधाई दी। दूसरे दिन विज्ञान मेले में कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में रिसोर्स पर्सन कठपुतली से विज्ञान कला सिखाने वाले मनमोहन सिंह, गणित से विज्ञान सिखाने वाले गाजियाबाद से आए मतीन खान, मेरठ से आई विज्ञान के चमत्कार की व्याख्या करने वाली कुमारी रोहिणी व खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करने वाले देवेंद्र नागर, कम खर्च में विज्ञान गतिविधि पर स्मिता शर्मा, रिसोर्स पर्सन बृजेश दीक्षित, रोहिणी, मानवी, स्मिता शर्मा, अंजली, कार्तिक शर्मा, मतीन अंसारी, मनमोहन, देवेंद्र नागर, केके राज को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक प्रधानाचार्य डॉ आनंद व एडीआईओएस डॉ.मुकेश यादव ने सभी अतिथियों, निर्णायक मंडल के सदस्यों, रिसोर्स पर्सन, प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी को विज्ञान मेले के आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन चित्रा परिहार व प्रतीक्षा चौधरी ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले डॉ.देवेंद्र सिंह, हिन्दू विद्यालय जसवंतनगर के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता प्रदीप यादव, डॉ.आशीष त्रिपाठी, कुलदीप कश्यप, डॉ.आशीष कुमार, पंकज, चंद्रशेखर, सुबूर अनवर, देवशक्ति, कवि राजीव राज, नमिता तिवारी को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहोदय सेक्रेटरी प्रधानाचार्य थियोसोफिकल इंटर कॉलेज अनूप मिश्रा, सुदिति ग्लोबल के प्रधानाचार्य कमल कुमार, सेविन हिल्स के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे, डिवाइन लाइट के प्रधानाचार्य मनोज एम एस, प्रधानाचार्य कैलाश यादव, अभिषेक सक्सेना, डॉ धर्मेंद्र शर्मा, असरा अहमद, रितु यादव, सोनिया चौहान मौजूद रहे।

सनशाइन स्कूल की छात्राओं ने ड्रेस प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। नुमाइश पंडाल में घर की बेटी लक्ष्मियां कार्यक्रम के अंतर्गत सनशाइन स्कूल की छात्राओं ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्राइमरी वर्ग में कक्षा-4 की छात्रा उन्नति मिश्रा ने वीरांगना झलकारी बाई तथा कक्षा-3 की छात्रा गौरी चौहान ने रानी पद्मावती की वेशभूषा धारण की तथा उनके किरदार को बाखूबी निभाया। छात्राओं की प्रतिभा सराहनीय रही। समस्त सनशाइन परिवार ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

यू डाइस प्रक्रिया को लेकर बीएसए से मिले प्रबंधक

मथुरा। बाल शिक्षा प्रबंधन समिति के सदस्यों ने यू डाइस प्रक्रिया को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त से मुलाकात की। उन्होंने मांग की की मथुरा जिले में अनेक विद्यालय ऐसे हैं जिनको विभाग ने यू डाइस जारी नहीं किया है। इन विद्यालयों ने अनेक बार अपनी फाइल विभाग को जमा कर दी गई है। परंतु अभी तक यू डाइस जारी नहीं किया। जिसके कारण यू डाइस अपडेट नहीं हो पा रहा है। जबकि संदर्भ में हाई कोर्ट ने भी समिति की मांग पर आदेश जारी किया है किक अपनी सोसाइटी का रिनुअल करके फाइल को बेसिक शिक्षा ऑफिस में जमा कराएं। वहीं से इस आधार पर यू डाइस जारी होगा, परंतु वहां से अभी तक कोई संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं मिला है।

थाने में बैठकर पी शराब, फिर काटा बवाल

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम। बिलग्राम कोतवाली के अंदर बैठकर शराब पीने और उसके बाद नशे में धुत होकर आपस में ही झगड़ा करने वाले तीन लोगों के खिलाफ पुलिस में कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम थाने के मुंशी लोकेश भट्ट के आवास पर बैठकर निशांत शुक्ला और कपिल दिक्षित नाम के दो युवकों ने बैठकर जमकर शराब पी। बताया गया कि इसके बाद किसी बात को लेकर तीनों लोगों में कहा सुनी शुरू हो गई ।मामला ज्यादा बढ़ गया और मारपीट शुरू हुई। बवाल होने लगा। कोतवाल और अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि तीनों व्यक्ति नशे में लग रहे थे। तीनों का मेडिकल टेस्ट कराया गया है। जिसमें निशांत शुक्ला और कपिल दीक्षित को शांति भंग की धाराओं में निरुद्ध किया गया है । मुंशी लोकेश भट्ट के खिलाफ उच्च अधिकारियों को अवगत कराते हुए गलत आचरण की रिपोर्ट भेजी गई है । थाने के अंदर विवाद के बाद पब्लिक में भी तमाम तरह की चर्चाएं होती रही। बताया गया कि यह पीने पिलाने का दौर कई महीनो से लगातार चल रहा था।

सर्वजन सुखाय पार्टी की विशाल सामाजिक न्याय रैली का आयोजन 24 को

- जसकरन सिंह कठेरिया को सर्वजन सुखाय पार्टी में शामिल होने पर उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया

वहाज अली निहाल

इटावा। सर्वजन सुखाय पार्टी की विशाल सामाजिक न्याय रैली का आयोजन 24 दिसम्बर दिन रविवार को सुबह 10:30 बजे रामलीला मैदान में किया जा रहा है, रैली में हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ेगा। उक्त जानकारी सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव ने ज्ञान स्थली एकेडमी में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रैली की अध्यक्षता के सी यादव करेंगे तथा रैली में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.राम बख्श वर्मा पूर्व सांसद, डीपी यादव पूर्व सांसद, विजय यादव पूर्व विधायक, प्रो.मोहम्मद सुलेमान अध्यक्ष इंडियन नेशनल लीग पार्टी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बसपा के पूर्व कोर्डिनेटर जसकरन सिंह कठेरिया को सर्वजन सुखाय पार्टी में शामिल होने पर उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सपा के निकित कांत ने भी साथियों सहित पार्टी ज्वाइन की। सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव ने कहा सैफई परिवार ने 40 वर्ष तक घोसी यादव समाज का शोषण किया और

अपने परिवार को बढ़ावा दिया। सर्वजन सुखाय पार्टी आशा की किरण बनकर समाज के सामने आई है। पार्टी इंसाफ और इंसानियत की बात करती है, लोकसभा चुनाव में हल्लाबोल हटाकर भाईचारा लाना है अभी पार्टी ने 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का खाका तैयार किया है। उन्होंने सर्वसमाज के लोगों से सामाजिक न्याय रैली में भाग लेने की अपील की है। बुधवार 20 दिसंबर को सर्वजन सुखाय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव प्रसाद यादव के जन्मदिन पर वासिफ खां व पार्टी के नेताओं ने उन्हें बधाई भी दी। प्रेसवार्ता में प्रेम सिंह यादव जिला अध्यक्ष सर्वजन सुखाय पार्टी औरैया, जितेंद्र यादव जिलाध्यक्ष सर्वजन सुखाय पार्टी इटावा, रामदास यादव प्रदेश सचिव सर्वजन सुखाय पार्टी, अम्बुज यादव जिला उपाध्यक्ष सर्वजन सुखाय पार्टी औरैया मौजूद रहे।

घर की लक्ष्मी है बेटियाँ कार्यक्रम के परिणाम घोषित

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इटावा महोत्सव प्रदर्शनी पंडाल में 17 दिसम्बर रविवार को आयोजित घर की लक्ष्मी हैं बेटियाँ कार्यक्रम के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ ज्योति वर्मा ने बताया कि प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राथमिक वर्ग विविध वेश-भूषा प्रदर्शन में जास्वी पटेल पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रथम, अवनी कंपोजिट विद्यालय नगला गौर बढ़पुरा द्वितीय, सोनम प्राथमिक विद्यालय मड़ैया पुल ब्लॉक बढ़पुरा व अंशिका पटेल केंद्रीय विद्यालय ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ कनिष्ठ वर्ग में अरविका शाक्य सेंट मैरी इंटर कॉलेज इटावा प्रथम, रिद्धिमा सिंह संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल द्वितीय, परिधि बिस्वास सेंट मैरी इण्टर कॉलेज व अपूर्वा पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन सहित पोस्टर बनाओ मध्यम वर्ग में निधि यादव संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी

पब्लिक स्कूल प्रथम, लवी सिंह सेंट मैरी इंटर कालेज द्वितीय, श्रेयांशी पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अल्पना बनाओ में मानसी सुभाष इंटर कॉलेज विक्रमपुर ने प्रथम, तेजस्वी शर्मा पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल ने द्वितीय, अनुष्का पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल व आंचल सैनिक हायर सेकेंडरी स्कूल कर्री पुलिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया । नृत्य नाटिका कनिष्ठ वर्ग सेविन हिल्स इंटर कॉलेज प्रथम, नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय पुरबिया टोला तृतीय स्थान पर रहे। मध्यम वर्ग नृत्य नाटिका समूह में नारायण कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स प्रथम, सेविन हिल्स इंटर कालेज द्वितीय व सुभाष इंटर कॉलेज विक्रमपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी लगाओ में साक्षी श्री शीतल प्रसाद शोरावाल बालिका इंटर कॉलेज प्रथम, मीनू ज्ञान मंदिर इंटर कालेज द्वितीय, तथा निशि पान कुंवर इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ कल्पना वशिष्ठ, शुभा श्रीवास्तव, पुष्पा वर्मा , शालिनी वर्मा, डॉ शालिनी त्रिपाठी, डॉ रोली माथुर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन जागृति वर्मा ने किया।

बाबूलाल महाविद्यालय में मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

गोवर्धन (मथुरा)। ऑपरेशन जागृति के तहत चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गोवर्धन के श्री बाबू लाल महाविद्यालय में बुधवार को मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा, थानाध्यक्ष मगोर्रा पुष्पेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र सिंह ने माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत बताया गया कि किस तरह से आपसी झगड़ों में गलत रिपोर्ट करके समाज में वैमनस्यता बढ़ रही है। इसलिए गलत का साथ न दें और अपने अधिकारों को पहचानें। अपने अधिकारों का सदुपयोग करें। साइबर क्राइम से बचें तथा वर्तमान में चल रहे साइबर क्राइम पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए मुख्यवक्ता राजेश सैनी (यूनिसेफ) ने कहा कि आपसी झगडों में बालिकाओं को आगे करके गलत शिकायत की जाती हैं जो कि गलत है।कार्यक्रम में एसआई जय सिंह, राजीव तोमर, संतोष सिंह, जिला समन्वयक नवीन कुमार, यूनिसेफ से चारु दुबे, योगेंद्र प्रसाद गोयल, मोनू चौधरी, शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालय से आए प्राध्यापक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा संगिनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट ने सभी आगुन्तकों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. धीरज कौशिक द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण में दैवीय आपदा से बचाव के तरीकों के बारे में बताया जाएगाः डीएम

दैवीय आपदा के मामले में तत्काल घटना स्थल पर जाकर जाँच की जाएः एम.पी. सिंह

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हरदोई व उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत एवं स्कूल/कॉलेज स्तरीय विभिन्न आपदाओं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्रतिभागी अनिवार्य रूप से प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दैवीय आपदा से बचाव के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। वर्तमान में कृषक दुर्घटना योजना में कोई भी मामला लंबित नही है। गरीब परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु होने पर शासनादेश के

अनुरूप सरकार की योजनाओं से उस परिवार को आच्छादित करवाने का प्रयास किया जाए। दैवीय आपदा के मामले में तत्काल घटना स्थल पर जाकर जाँच की जाए। फसल के नुकसान के मामले में नुकसान का आंकलन सही से किया जाए। पात्रता के अनुसार लाभ दिलाने का प्रयास किया जाए। शासनादेशों का भलीभांति अध्ययन किया जाए। प्रत्येक कार्यशाला से कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। सीखने की कोई उम्र नही होती। अपने ज्ञान को कार्य व व्यवहार में उतारने का प्रयास करें। जिलाधिकारी ने फीता काटकर दैवीय आपदा पर आधारित प्रदर्शित प्रदर्शनी का उदघाटन किया।

उन्होंने कुछ प्रतिभागियों को अपने हाथों से प्रशिक्षण किट प्रदान की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मीडिया ही है जो जिम्मेदारों को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाता है

- राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर आईएपीएम के राष्ट्रीय सम्मेलन में हुआ महामंथन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। पत्रकारों के राष्ट्रीय संगठन इंडियन एसोसियशन ऑफ प्रेस-एन-मीडियमैन (आईएपीएम) द्वारा बुधवार को यहां मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि के निकट होटल शीतल रेजीडेंसी में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, मथुरा के मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. सरजीत सिंह डंग, मथुरा के जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह, मथुरा के एसएसपी शैलेश पाण्डेय और मीडिया से जुड़े विशिष्टजनों ने महामंथन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएपीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन सहयोगी थे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि देश के विकास में मीडिया की भूमिका कल्याणकारी होनी चाहिए। मीडिया ही है जो जिम्मेदारों को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाता है और समाज का प्रतिनिधित्व करता है। मीडिया को जहां जनहितकारी समस्याओं को उठाना चाहिए, वहीं निष्पक्ष बात कहनी और लिखनी चाहिए।

मांट क्षेत्र के विधायक राजेश चौधरी ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप आवाज बनिए उसकी जिसकी कोई नहीं सुनता, क्योंकि कमजोर लोगों की जब कोई नहीं सुनता तब मीडिया उसको सबसे बड़ा मददगार लगता है। विभिन्न परिस्थिति में जब कहीं सुनवाई नहीं होती ऐसे में कमजोर व्यक्ति की आस केवल मीडिया है। लेकिन कमजोर की ताकत बनने के लिए पारदर्शिता जरूरी है। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि मीडिया ही एक ऐसा माध्यम है जिसे हर कोई सत्य माना जाता है, इसे प्रमाणित करने के लिए हमें लोगों के विश्वास पर खरा उतरना है।

प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. सरजीत सिंह डंग ने आध्यात्म का सहारा लेते हुए कहा कि हर इंसान राष्ट्रीय इमारत की ईट है। अगर ईट मजबूत हो तो राष्ट्र रूपी इमारत भी मजबूत रहेगी। चाहे हम किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हो हमारी जिम्मेदारी राष्ट्र हित में हो, इसके लिए जरुरी है कि हम खुद श्रेष्ठ बनें तभी राष्ट्र निर्माण की भूमिका भी श्रेष्ठ बनेगी।

बेटियां जागृत हो समझें अपने अधिकार

मथुरा। ऑपरेशन जागृति अभियान के तहत सौंख कस्बा के सांवरिया मिलेनियम पब्लिक स्कूल में बुधवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें थानाध्यक्ष के निर्देशन में पुलिस टीम ने महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन, नारी सम्मान व नारी गरिमा के बारे में बेटियों को जागरूक किया और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शासन की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। पुलिस हेल्पलाइन नंबर, साइबर क्राइम, बाल विवाह,बाल मजदूरी व बाल श्रम के संबंध में विस्तार से बताया। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने कहा महिलाओं और बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी लाने व महिलाओं में सामाजिक जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ऑपरेशन जागृति अभियान चलाया जा रहा है। इसमें यातायात जागरूकता के साथ सामाजिक जागरूकता, साइबर अपराधों, शिक्षा व महिला संबंधी मामलों को लेकर चर्चाएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं और बालिकाओं के सक्षम और जागरूक होने का समय आ गया है। प्रबंधक योगेश कुमार अग्रवाल ने सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य दीपक सिंघल, सतीश कुमार, सत्य प्रकाश, विवेक कुमार, भूरा सिंह, पारुल अग्रवाल, छवि अग्रवाल, प्रीति, खुशबू कुमारी कल्पना कुमारी भीम कुमार आदि मौजूद थे।

कार्यक्रमों में शराब परोसने के लिए लाइसेंस ले

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिला मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद मथुरा के समस्त बार अनुज्ञापन प्राप्त होटलों में मदिरा उपभोग हेतु अनुमन्य स्थलों के अतिरिक्त सार्वजनिक समारोह आयोजन स्थलों जैसे होटल /रिसोर्टस/ क्लब/बैंक्विट हॉल एवं मैरिज होम तथा अन्य प्रकार के आयोजन स्थलों के स्वामियों/ प्रबन्धकों को निर्देशित किया है कि सन्निकट भविष्य में क्रिसमस, नववर्ष आदि के दिन आयोजित होने वाले समारोहों में मदिरा परोसी जानी हो, तो उक्त समारोह के आयोजन से पूर्व upe&ciseportal.in पर ऑनलाइन आवेदन कर एवं निर्धारित अनुज्ञापन शुल्क जमा करके कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मथुरा से नियमानुसार अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ0एल0-11) प्राप्त करें। बिना अकेजनल बार अनुज्ञापन प्राप्त किये किसी भी समारोह में मदिरापान कराये जाने एवं अन्य प्रान्त की मदिरा परोसे जाने का प्रकरण संज्ञान में आने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। समस्त आबकारी निरीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अपराध निरोधक क्षेत्र में आयोजित होने वाले किसी भी प्रकार के समारोहों में बिना अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ0एल0-11) प्राप्त किये, मदिरा का उपभोग कदापि न हो तथा अकेजनल बार लाइसेंस प्राप्त करने के बाद अन्य प्रान्त की मदिरा न परोसी जाए। आबकारी निरीक्षक अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग करते हुए उक्त का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित करें।

यदि उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान उक्त आदेश का उल्लंघन पाया जाता है, तो सम्बन्धित आयोजकों/व्यक्ति / स्थल स्वामियों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। जनपद मथुरा के समस्त बार अनुज्ञापन प्राप्त होटलों में मदिरा उपभोग हेतु अनुमन्य स्थलों के अतिरिक्त सार्वजनिक समारोह आयोजन स्थलों जैसे होटल/ रिसोर्टस/क्लब / बैंक्विट हॉल एवं मैरिज होम तथा अन्य प्रकार के आयोजन स्थलों के स्वामियों/प्रबन्धकों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी आयोजन में मदिरापान कराये जाने से पूर्व उपरोक्तानुसार बार अनुज्ञापन (एफ0एल0-11) प्राप्त करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में नियमानुसार कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

दूध के कारखाने का बॉयलर फटा, मकान की छत टूटी

मथुरा। महावन थाना अंतर्गत ग्राम पचावर में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया है। हालांकि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना पर स्थानीय पुलिस और लेखपाल भी पहुंचे। महावन पुलिस का कहना है कि किसी ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। गांव पचावर में एक दूध का कारखाना है। यहां बडी मात्रा में प्रतिदिन दूध से मावा, पनीर, दही आदि बनती है। बुधवार को अचानक खोआ बनाते समय बॉयलर धमाके के साथ फट गया। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे में पड़ौस के एक मकान की छत फट गई और कई मकानों में दरार आ गई।

अवशेष ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंः डीएम

- एफपीओ की अवशेष अपग्रेडिंग का कार्य पूरा किया जाएः मंगला प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा अवशेष ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। किसानों को प्रेरित किया जाए। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत विकास खण्ड वार डिमाण्ड तैयार की जाए। जनपद के सभी एफपीओ की अवशेष अपग्रेडिंग का

किसान दिवस
HARDOI

कार्य पूरा किया जाए। किसानों के साथ विकास खण्ड स्तर पर नियमित बैठकें की जाएं। गोवंश संरक्षण को लेकर भी नियमित संवाद किया जाए। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया कि गौशालाओं का कोई भुगतान लम्बित न रखा जाए। जिलाधिकारी ने 24 दिसम्बर को जीआईसी में आयोजित होने वाले दिव्यांग कैम्प के बारे में भी बताया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उपनिदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जय गुरुदेव ने करोड़ों को शाकाहारी सदाचारी व भजनानंदी बनायाःसतीश

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। पूज्यपाद स्वामी घूरेलाल जी महाराज ''दादा गुरु जी'' का 75वाँ वार्षिक भण्डारा मेला जो कल से प्रारम्भ हो गया कि पूर्व संध्या पर प्रेमियों को सम्बोधित करते हुये संस्था के राष्ट्रीय उपदेशक सतीश चन्द्र ने कहा कि महापुरुषों की पुण्य तिथि पर भण्डारे का मतलब केवल भोजन प्रसाद ही लेना नहीं होता है। भण्डारे का मतलब कर्मों का भण्डा फोड़ करना क्योंकि जब तक कर्मों की सफाई नहीं होगी तब तक कोई भी जीव अपने निजघर नहीं जा सकता, न ही उसका जन्म-मरण का चक्र छूट सकता है। उन्होंने बताया हमारे दादा गुरु जी महाराज सन् 1948 के अगहन सुदी दशमी तिथि को आधी रात को नश्वर शरीर को त्याग कर सतलोकवासी हो गये। उनके मिशन को बढ़ाते हुये बाबा जयगुरुदेव जी ने करोड़ों लोगों को शाकाहारी-सदाचारी व भजनान्दी बनाया। अब उनके मिशन को पंकज जी महाराज आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी मेहनत का दृश्य आगे आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। देश की बात छोड़ दें विदेशों से भी लोग यहाँ आयेंगे। गुनाहों की माफी मन्दिर के देवता से मांगेंगे दया, दुआ, बरक्कत प्राप्त करेंगे। यह दादा गुरु महाराज का स्मृति चिन्ह् (नाम योग साधना मन्दिर) यहाँ आकर जो लोग सिर्फ शाकाहारी रहने का संकल्प ले लेंगे तो उसकी मनोकामना पूर्ण होगी।

समीर रिज्वी के बीमार पिता के चेहरे पर खुशी, सीएसके ने ऑक्शन में 8.40 करोड़ में खरीदा

मंगलवार को आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने समीर रिजवी को 8.40 करोड़ रुपये में खरीदा है। जिसके बाद समीर के पिता बेहद खुश हैं। शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुके हसीन अपने बेटे पर गौरवान्वित है।

समीर रिज्वी और उनके चाचा तनकीब अख्तर उस समय अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके जब मंगलवार को आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच इस युवा खिलाड़ी के लिए बोली की होड़ दिखी। उत्तर प्रदेश के इस 20 वर्षीय बल्लेबाज को आखिरकार 8.40 करोड़ रुपये की बोली के साथ चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा।

रिज्वी परिवार के लिए बड़े संघर्षों के बाद यह नया मोड़ आया क्योंकि उनके पिता हसीन खराब स्वास्थ्य के कारण काम करने में सक्षम नहीं हैं। अब शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुके हसीन अपने बेटे पर गौरवान्वित है। तीन साल पहले ब्रेन हेमरेज (मस्तिष्क रक्तस्त्राव) का सामना करने वाले हसीन को उम्मीद है कि उनका बेटा अब उनके लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार का खर्च उठाने में सक्षम होगा।

तनकीब ने मेरठ से 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम उम्मीद कर रहे थे कि नीलामी में समीर को कोई टीम चुनेगी। लेकिन हमने कभी नहीं सोचा था कि इतनी बड़ी रकम मिलेगी या चेन्नई सुपर किंग्स उनके लिए बोली लगाएगी। उन्होंने कहा, समीर की बहुत सारी महत्वाकांक्षाएं हैं। एक अच्छा घर, अपने पिता का उचित इलाज और इस तरह की बहुत सी चीजें। अल्लाह दुआ करे, वह इन सभी को पूरा कर सकता है। समीर इस बात से काफी रोमांचित हैं कि आखिरकार वह (महेंद्र सिंह) धोनी से करीब से मिल सकेंगे। धोनी उसके आदर्श खिलाड़ी हैं।

रिज्वी ने भी सुपर किंग्स के लिए खेलने के मौके को लेकर अपना उत्साह साझा किया लेकिन स्वीकार किया कि जब नीलामी में उनका नाम आया तो वह घबरा गए थे। उसने जियो सिनेमा कहा, मैंने देखा कि मुझसे पहले के चार-पांच खिलाड़ियों के लिए बोली नहीं लगी। मैं उस समय घबरा गया था। लेकिन वह (धोनी) हमेशा से मेरे आदर्श रहे हैं। मैं बहुत उत्साहित हूं, फिर भी उनसे मिलने की संभावना को लेकर घबराया हुआ हूं। मैंने उन्हें सामने से कभी नहीं देखा है।''

रिज्वी को घरेलू क्रिकेट सर्किट में छक्के मारने की उनकी क्षमता के लिए जाना जाता है। उत्तर प्रदेश टी20 लीग और अंडर-23 टूर्नामेंट में उनके प्रदर्शन ने उन्हें सुपर किंग्स का अनुबंध दिलाने में अहम भूमिका निभाई। रिज्वी ने यूपी टी20 लीग के दौरान कानपुर सुपर स्टार्स के लिए खेलते हुए नौ मैचों में 455 रन बनाए, जिसमें 47 गेंदों पर टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक भी शामिल है। रिज्वी ने उस फॉर्म को राज्य अंडर-23 टूर्नामेंट में जारी रखा जहां उन्होंने सात मैचों में 454 रन बनाए। इस दौरान इस युवा बल्लेबाज ने उन टूर्नामेंटों में 16 मैचों में 72 छक्के लगाए।

तनखीब ने कहा यह उसका नैसर्गिक खेल है। वह कम उम्र से ही बड़े शॉट लगाने वाला बल्लेबाज है।उसने नीतीश राणा और रिंकू सिंह (यूपी टी20 लीग में) जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ बातचीत की है और खेला है और उन्होंने उसे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की सलाह दी है। तनकीब गांधी बाग क्रिकेट अकादमी में उनके बचपन के कोच भी है। उन्होंने कहा हम खुश हैं कि हमारे प्रयास सफल हुए हैं। आखिरकार यह (आईपीएल अनुबंध) उनके पास आ गया है। घर पर हर किसी की आंखों में आंसू हैं। उम्मीद है कि वह एक दिन भारत के लिए खेलेगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 1-3 से हारी

पांच देशों के टूर्नामेंट में मंगलवार को भारतीय महिला हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ 1-3 की हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के लिए कप्तान नाइक लोरेज (11वें मिनट), हन्ना कैरिना ग्रैनित्जकी (23वें) और चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट (52वें मिनट) ने गोल किए, जबकि निक्की प्रधान (34वें मिनट) ने भारत के लिए इकलौता गोल किया।

भारतीय महिला हॉकी टीम को पांच देशों के टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां जर्मनी के खिलाफ 1-3 की हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी के लिए कप्तान नाइक लोरेज (11वें मिनट), हन्ना कैरिना ग्रैनित्जकी (23वें) और चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट (52वें मिनट) ने गोल किए, जबकि निक्की प्रधान (34वें मिनट) ने भारत के लिए इकलौता गोल किया।

जर्मनी ने पहले क्वार्टर में ही मैच पर दबदबा बना लिया। कप्तान लोरेज ने बिचु देवी खारीबाम को छकाकर जर्मनी को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी। ग्रैनित्जकी ने दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके जर्मनी की बढ़त दोगुनी कर भारत पर दबाव बढ़ा दिया। मध्यांतर के बाद भारतीय टीम ने बेहतर तालमेल दिखाया और जर्मनी पर एक के बाद एक कई हमले किये। टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे निक्की ने गोल में बदल कर मुकाबले में भारत की वापसी करायी।

आखिरी क्वार्टर में स्टेपनहॉर्स्ट के गोल से जर्मनी की टीम ने एक बार फिर अपनी बढ़त दो गोल की कर ली। भारतीय टीम ने इसके बाद वापसी की कोशिश की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने आखिरी मैच में गुरुवार को आयरलैंड से भिड़ेंगी।

पंड्या की जगह लेना कठिन लेकिन गुजरात की कप्तानी के लिये गिल सही : नेहरा

INDIAN PREMIER LEAGUE

उन्होंने कहा हमने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को चुना क्योंकि वह युवा और आने वाले समय का सुपरस्टार होगा। वहीं श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका नयी और पुरानी दोनों गेंद से प्रभावी है। दिल्ली कैपिटल्स ने इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को चार करोड़ रूपये में खरीदा। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा हैरी ब्रूक इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में से है। हम उसे लेने की सोच कर ही गए थे और उसे हासिल भी किया।

गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने स्वीकार किया कि हार्दिक पंड्या जैसे बहुमुखी प्रतिभा के धनी खिलाड़ी की जगह ले पाना कठिन है लेकिन शुभमन गिल अगले आईपीएल में इस जिम्मेदारी को संभालने में सक्षम है। पंड्या ने मुंबई इंडियंस टीम में वापसी की है और उन्हें कप्तान बनाया गया है। नेहरा ने मंगलवार की रात वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ी की जगह ले पाना कठिन है। हमने देखा है कि पिछले तीन चार साल में गिल ने कितनी प्रगति की है। वह 24. 25 साल का है लेकिन इस जिम्मेदारी को उठाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अगले आईपीएल का नतीजा चाहे जो हो, टीम गिल का समर्थन करती रहेगी। उन्होने कहा हमें उन पर भरोसा है और इसी वजह से उन्हें कप्तान बनाया गया है। मैं हमेशा नतीजों पर नहीं जाता।

नतीजे अहम हैं लेकिन कप्तानी के समय दूसरी चीजों को भी देखा जाता है। हमें यकीन है कि गिल कप्तानी के लिये सही हैं। दुबई में हुई नीलामी में टाइटंस ने मिचेल स्टार्क ने भारी दांव लगाया। आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उसे 24.75 करोड़ रूपये में खरीदा। नेहरा ने कहा आईपीएल में महंगा जैसा कुछ नहीं होता। सभी को पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है। हमें एक तेज गेंदबाज की जरूरत थी और हर टीम की अलग रणनीति होती है। हमारे पास जो है, उसी से संतुष्ट रहना चाहिये। स्टार्क जैसे गेंदबाज के लिये यह दाम हैरानी वाले नहीं हैं। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि वह अपने तेज आक्रमण से खुश हैं।

उन्होंने कहा हमने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को चुना क्योंकि वह युवा और आने वाले समय का सुपरस्टार होगा। वहीं श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका नयी और पुरानी दोनों गेंद से प्रभावी है। दिल्ली कैपिटल्स ने इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को चार करोड़ रूपये में खरीदा। मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा हैरी ब्रूक इस समय अंतरररट्रीय क्रिकेट में सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में से है। हम उसे लेने की सोच कर ही गए थे और उसे हासिल भी किया।

हमारी रणनीति ऐसे खिलाड़ियों को लेने की थी जो घरेलू मैदान पर प्रदर्शन में सुधार कर सकें : डुप्लेसी

चौहान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 18 गेंद में 61 रन की पारी खेल बल्ले से भी प्रभावित किया था। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर भी टीम नीलामी में मिले खिलाड़ियों से खुश दिखे। उन्होंने कहा, विराट (कोहली) और फाफ (डुप्लेसी), (रजत) पाटीदार और (ग्लेन) मैक्सवेल के साथ यह वास्तव में एक मजबूत शीर्ष क्रम है। ग्रीन के आने से हमारी बल्लेबाजी और मजबूत हुई है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में फ्रेंचाइजी रणनीति ऐसे खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने की थी जो आगामी सत्र में घरेलू मैदान पर बेहतर प्रदर्शन करने में टीम की मदद कर सके। डुप्लेसी का मानना है कि फ्रेंचाइजी ने दुबई में मंगलवार को जिन छह खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई उससे टीम का संतुलन बेहतर होगा। डुप्लेसी ने यहां जारी बयान में कहा, पिछले सत्र के बाद हमें लगा कि टीम को घरेलू मैदान पर सुधार करना होगा। हम दूसरी टीमों के मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे थे। उन्होंने कहा ऐसे में हमारी रणनीति ऐसे खिलाड़ियों पर बोली लगाने की थी जो हमें घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करें।

हम पिछले दो महीने से इसकी योजना बना रहे थे कि कौन से गेंदबाज और बल्लेबाज हमारी घरेलू परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। डुप्लेसी, विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और रजत पाटीदार की मौजूदगी से टीम का शीर्ष क्रम पहले से काफी मौजबूत है। आरसीबी ने नीलामी से पहले ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियन्स से ट्रेड किया था। नीलामी में टीम ने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (11.5 करोड़ रुपये), न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन (दो करोड़ रुपये) और इंग्लैंड के टॉम कुरेन (1.5 करोड़ रुपये) के लिए बोली लगाकर अपनी गेंदबाजी विभाग को भी मजबूत किया। उन्होंने इसके अलावा यश दयाल (पांच करोड़ रुपये) और स्पिन ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह (20 लाख रुपये) और विकेटकीपर सौरव चौहान (20 लाख रुपये) जैसे भारतीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया।

चौहान ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 18 गेंद में 61 रन की पारी खेल बल्ले से भी प्रभावित किया था। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर भी टीम नीलामी में मिले खिलाड़ियों से खुश दिखे। उन्होंने कहा, विराट (कोहली) और फाफ (डुप्लेसी), (रजत) पाटीदार और (ग्लेन) मैक्सवेल के साथ यह वास्तव में एक मजबूत शीर्ष क्रम है। ग्रीन के आने से हमारी बल्लेबाजी और मजबूत हुई है।

बॉलीवुड का बैंड, बाजा, बारात! आथिया शेट्टी राहुल से लेकर कियारा-सिद्धार्थ तक साल 2023 में ग्रैंड शादियां, रणदीप हुड्डा-लिन ने लूट ली सारी लाइमलाइट

जैसे-जैसे 2023 स्मृति में धूमिल होता जा रहा है, आइए बॉलीवुड सितारों और मशहूर हस्तियों के बैंड, बाजा और बारात के क्षणों के पुनर्कथन के साथ वर्ष का अंत करें।

बॉलीवुड में कई स्वाद हैं और सेलिब्रिटी शादियाँ फैंस के लिए सबसे ज्यादा मनोरंजक होती हैं। 2023 प्रशंसकों के लिए बी-टाउन की कुछ सबसे बड़ी शादियों और उनकी मनमोहक तस्वीरों को देखने का साल बन गया। सीज़न की शुरुआत अथिया शेट्टी और केएल राहुल द्वारा प्रमुख युगल लक्ष्य निर्धारित करने के साथ हुई, जब उन्होंने सुनील शेट्टी के खंडाला फार्महाउस में सात फेरे लिए और पेस्टल-थीम वाली शादियों के बैंड-बाजे को छोड़कर रणदीप हुडा की शादी के साथ ये साल समाप्त हुआ। जैसे-जैसे 2023 स्मृति में धूमिल होता जा रहा है, आइए बॉलीवुड सितारों और मशहूर हस्तियों के बैंड, बाजा और बारात के क्षणों के पुनर्कथन के साथ वर्ष का अंत करें।

अथिया शेट्टी और केएल राहुल

बॉलीवुड और क्रिकेट वर्षों से पर्यायवाची रहे हैं। एक अभिनेता का क्रिकेटर से शादी करना एक पुरानी कहानी है, हालांकि, केएल राहुल के साथ अथिया शेट्टी की शादी सुर्खियों में रही। इस जोड़े ने 23 जनवरी को सुनील शेट्टी के खंडाला फार्महाउस में अपने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी कर ली, जो कि वाकई वाह-वाह है। जहां अभिनेता ने शैंपेन गुलाबी लहंगा पहना था, वहीं क्रिकेटर ने आइवरी शेरवानी पहनी थी।

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा

शेरशाह जोड़ी के नाम से मशहूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी 6 फरवरी को राजस्थान के जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में हुई। शादी के लिए, कियारा ने शैंपेन अंडरटोन के साथ हाथी दांत और गुलाबी रंग का लहंगा पहना और मल्होत्रा ने बेज रंग की शेरवानी पहनी। सोने की जरदोजी कढ़ाई. अपने मिलन की घोषणा करने से पहले, सिड और की ने अपने संबंधित ग्राम पर भावपूर्ण रील वीडियो के साथ अपने प्रशंसकों को चिढ़ाया।

स्वरा भास्कर-फहद अहमद

जबकि इंटरनेट प्रेमी सिड-कियारा और अन्य सेलिब्रिटी शादियों की अटकलें लगा रहे थे, स्वरा भास्कर की समाजवादी पार्टी नेता फहद अहमद के साथ शादी की घोषणा ने इंटरनेट को आश्चर्यचकित कर दिया। इस जोड़े ने डेस्टिनेशन वेडिंग को लेकर होने वाले हो-हल्ला को भुला दिया और 6 जनवरी को विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपने कागजात जमा करके कोर्ट मैरिज कर ली। बाद में, इंटरनेट पर उनके विवाह उत्सवों के माध्यम से हिंदू और इस्लामी दोनों धर्मों का मिश्रण देखा गया।

मसाबा गुप्ता-सत्यदीप मिश्रा

मशहूर फैशन डिजाइनर मसाबा गुप्ता, नीना गुप्ता और विवियन रिचर्ड्स की बेटी, 27 जनवरी, 2023 को सत्यदीप मिश्रा के साथ शादी के बंधन में बंध गई। अपने परिवार के साथ रहते हुए, मसाबा ने हाउस ऑफ मसाबा का एक कस्टम-निर्मित रानी कोर लहंगा पहना था। मां के गहने, जबकि मिश्रा बर्फी गुलाबी कुर्ता और पायजामा में नजर आए।

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा

जब अभिनेता और राजनेता की शादी का निमंत्रण लीक हुआ तो ट्रेंड इंटरनेट पर हावी हो गया। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि महीनों की डेटिंग अटकलें राजस्थान की सुरम्य अरावली पहाड़ियों पर समाप्त हो गई। परिणीति चोपड़ा, जिन्होंने कभी राजनेता पति की उम्मीद नहीं की थी, ने 24 सितंबर को उदयपुर के ताज लेक पैलेस में विधायक राघव चड्ढा से शादी कर ली। यह जोड़ी कलर-कोऑर्डिनेटेड आउट फिट में नजर आई। शादी के लिए, अभिनेता ने अपने दूल्हे के लिए ओ पिया गाना भी गाया, जिसने इसे संभावित जोड़ों की शादी की प्लेलिस्ट में जगह बना ली होगी।

रणदीप हुडा-लिन लैशराम

इस साल की एकमात्र सेलिब्रिटी शादी जो सबसे चर्चित रही वह थी रणदीप हुडा और लिन लैशराम की। इस जोड़े ने 29 नवंबर को मणिपुर के इंफाल में पारंपरिक मैतेई रीति-रिवाज से शादी की। जहां हुडा ने सफेद पहनावा पहना था, वहीं लिन को सोने के गहनों से लदी पोटलोई की पारंपरिक मणिपुरी पोशाक में देखा गया था।

पंकज त्रिपाठी ने अटल बिहारी वाजपेयी की राजनीतिक यात्रा पर प्रकाश डाला, जारी हुई टीजर

पंकज त्रिपाठी आगामी फिल्म मैं अटल हूं में दिवंगत प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 19 दिसंबर को निर्माताओं ने इसका टीजर जारी किया था। फिल्म भारत के तीन बार प्रधान मंत्री के जीवन की एक झलक पेश करती है।

पंकज त्रिपाठी आगामी फिल्म मैं अटल हूं में दिवंगत प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 19 दिसंबर को निर्माताओं ने इसका टीजर जारी किया था। फिल्म भारत के तीन बार प्रधान मंत्री के जीवन की एक झलक पेश करती है।

भारत के तीन बार प्रधान मंत्री के रूप में अपने सराहनीय काम से कई दिलों को छूने वाले अटल बिहारी वाजपेयी आगामी फिल्म मैं अटल हूं के साथ सिनेमा के माध्यम से जीवंत हो उठेंगे। निर्माताओं ने टीज़र जारी किया जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पंकज त्रिपाठी नज़र आ रहे हैं। टीज़र में श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन की झलक मिलती है, जिसमें वह लालकृष्ण आडवाणी के साथ बातचीत करते हैं और उनकी राजनीतिक पार्टी की उत्पत्ति होती है। फिल्म का ट्रेलर 20 दिसंबर को रिलीज होगा।

पुरस्कार विजेता निर्देशक रवि जाधव द्वारा निर्देशित और ऋषि विरमानी और रवि जाधव द्वारा लिखित, मैं अटल हूं, भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और लीजेंड स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत, विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 19 जनवरी 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है।

अभिषेक कुमार ने अंकिता लोखंडे को बताया गोल्ड डिगर, फैन्स ने लगा दी क्लास

रियलिटी शो बिग बॉस 17 इन दिनों दिलचस्प मोड़ पर नजर आ रहा है। एक तरफ मुनव्वर फारुकी को लेकर आयशा खान के खुलासे ने हलचल मचा दी है तो वहीं दूसरी तरफ हर वीकेंड का वार के साथ कंटेस्टेंट्स के बीच झगड़े बद से बदतर होते जा रहे हैं।

रियलिटी शो बिग बॉस 17 इन दिनों दिलचस्प मोड़ पर नजर आ रहा है। एक तरफ मुनव्वर फारुकी को लेकर आयशा खान के खुलासे ने हलचल मचा दी है तो वहीं दूसरी तरफ हर वीकेंड का वार के साथ कंटेस्टेंट्स के बीच झगड़े बद से बदतर होते जा रहे हैं। हाल ही में विक्की जैन और अभिषेक कुमार के बीच झगड़ा देखने को मिला। इन दोनों प्रतियोगियों के बीच न सिर्फ जुबानी जंग हुई बल्कि नौबत हाथापाई तक आ गई। अभिषेक ने ना सिर्फ बल्कि अंकिता को गोल्ड डिगर भी कहा, जो यूजर्स को पसंद नहीं आया। हाल ही में बीबी हाउस में हुई लड़ाई पर अभिषेक ने कहा था कि अंकिता ने विक्की से सिर्फ पैसों के लिए शादी की है। उन्होंने विक्की जैन को 40 साल का बुड्ढा तक कह डाला।

एक टीवी एक्ट्रेस के लिए ऐसे गंदे शब्द सुनकर फैंस अभिषेक कुमार पर भड़क गए हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने अभिषेक को याद दिलाया कि एक समय था जब अंकिता टेलीविजन इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक थीं। कई फैन्स ने अंकिता के सपोर्ट में अपनी राय रखी। एक ने कमेंट किया, अभिषेक कौन हैं? उनके पास नई कमर और इतने सारे एटीट्यूड हैं। हर कोई उनके दुर्व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेगा। एक बार जब वह शो से बाहर आएंगे तो सच्चाई आपको खुद पता चल जाएगी। बाहर आने के बाद आप अंकिता लोखंडे को देखना, तुम उसके बगल में खड़े भी नहीं रह पाओगे।

बता दें, बिग बॉस के घर में अभिषेक कुमार के आक्रामक व्यवहार को लेकर बातें होती रही हैं। इस शो के प्रतियोगी समर्थ जुरेल और ईशा मालविया ने उनके गुस्सैल स्वभाव पर चर्चा की है। अभिषेक का ये गुस्सा विक्की और अंकित के साथ हुई लड़ाई में नजर आ रहा है। इसके अलावा, बिग बॉस के होस्ट सलमान खान भी अभिषेक को उनकी आक्रामकता के लिए डांट चुके हैं और पिछले वीकेंड का वार में उन्हें चेतावनी भी दे चुके हैं।

रणवीर की एनिमल से लेकर विक्की की सैम बहादुर तक, ये हैं नये साल में ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्में

2024 में रिलीज होने वाली 6 सर्वाधिक प्रतीक्षित ओटीटी फिल्में जैसे-जैसे 2023 खत्म हो रहा है, उन बहुप्रतीक्षित फिल्मों पर एक नजर डालें जो अगले साल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होंगी।

2024 में रिलीज होने वाली 6 सर्वाधिक प्रतीक्षित ओटीटी फिल्में बॉलीवुड ने दर्शकों को 2023 के आखिरी कुछ महीनों में समीक्षकों और आर्थिक रूप से कुछ सबसे बड़ी हिट फिल्में दी हैं। फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं ने स्क्रिप्ट और भूमिकाओं के साथ प्रयोग किया और दर्शकों को विभिन्न अवधारणाओं से प्रभावित किया। बड़े पर्दे और ओटीटी प्लेटफॉर्म दोनों। दर्शकों को 2024 में भी हिंदी सिनेमा से काफी उम्मीदें हैं। जैसे-जैसे 2023 खत्म होने वाला है, उन बहुप्रतीक्षित फिल्मों पर एक नज़र डालें जो अगले साल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ होंगी।

एनिमल

एनिमल एक पिता-पुत्र के रिश्ते की गतिशीलता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खट्टा और जुनूनी होने लगती है क्योंकि बेटा उन लोगों से बदला लेने का फैसला करता है जिन्होंने उसके पिता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की थी। फिल्म में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ रश्मिका मंदाना, अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म कथित तौर पर 26 जनवरी, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।

सैम बहादुर

सैम बहादुर भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है और कैसे उनके करियर ने भारत की भू-राजनीतिक सीमाओं को आकार दिया। फिल्म में फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा के साथ विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 26 जनवरी 2024 को जी5 पर रिलीज होगी।

टाइगर 3

टाइगर 3 में सलमान खान और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिकाओं में हैं और इमरान हाशमी मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं। रेवती, आशुतोष राणा, रणवीर शौरी, रिद्धि डोगरा और विशाल जेठवा अहम भूमिका में नजर आये थे। यह फिल्म कथित तौर पर नए साल 2024 के आसपास प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

दो पत्ती

दो पत्ती में कृति सैनन और काजोल मुख्य भूमिका में हैं और यह कृति के अपने प्रोडक्शन हाउस ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स के तहत निर्मित है। यह फिल्म कथित तौर पर उत्तर भारत पर आधारित एक सस्पेंस थ्रिलर है और इसमें बहुत सारे रहस्य और साज़िश होने का वादा किया गया है। यह फिल्म 2024 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

अमर सिंह चमकीला

अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं और यह 2024 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित, फिल्म मोहित चौधरी, सेलेक्ट मीडिया होल्डिंग्स एलएलपी, सारेगामा और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। यह दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकिला के जीवन पर आधारित है, जिन्हें पंजाब का एल्विस भी कहा जाता है।

12वीं फेल

12वीं फेल एक आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी शैक्षणिक यात्रा फिर से शुरू करने और दुनिया की सबसे कठिन प्रतिस्पर्धी परीक्षा यूपीएससी का प्रयास करने का फैसला करता है। यह अनुराग पाठक के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है और इसमें विक्रांत मैसी, मेधा शंकर, संजय बिश्नोई और हरीश खन्ना हैं। यह फिल्म कथित तौर पर जनवरी 2024 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

जाति जनगणना पर फैसला समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद ही होगा: सीएम एकनाथ शिंदे

समुदाय

सीएम ने पत्रकारों से कहा, यहां सभी समुदाय और जातियां एक साथ रहती हैं, एक साथ काम करती हैं और एक साथ जश्न मनाती हैं।

नई दिल्ली। समाज के सभी वर्गों की राय जानने और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जाति आधारित जनगणना पर उचित निर्णय लिया जाएगा। इसकी जानकारी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को दी। शिंदे ने रेशिमबाग इलाके में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केबी हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारकों का दौरा किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को आरएसएस पदाधिकारी श्रीधर गाडगे ने कहा कि जाति आधारित जनगणना नहीं होनी चाहिए और जानना चाहा कि इससे क्या हासिल होगा। विदर्भ सह-संघचालक गाडगे ने कहा, इस तरह की कवायद से कुछ लोगों को राजनीतिक रूप से फायदा हो सकता है क्योंकि इससे एक निश्चित जाति की आबादी के बारे में डेटा मिलेगा, लेकिन सामाजिक रूप से और राष्ट्रीय एकता के लिहाज से यह अच्छा नहीं है।

आरएसएस पदाधिकारी की टिप्पणियों पर एक सवाल पर शिंदे ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र एक प्रगतिशील राज्य है और इसकी संस्कृति और परंपराएं अन्य राज्यों से अलग हैं। सीएम ने पत्रकारों से कहा, यहां सभी समुदाय और जातियां एक साथ रहती हैं, एक साथ काम करती हैं और एक साथ जश्न मनाती हैं। इसलिए समाज के सभी वर्गों की राय लेने के बाद लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा।

भाजपा से जुड़े मंत्री और विधायक हर साल नागपुर में राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के दौरान हेडगेवार और गोलवलकर के स्मारक पर जाते हैं। राज्य में सरकार बनाने के लिए पिछले साल भाजपा के साथ गठबंधन करने वाले शिंदे ने कहा, हम हर साल शीतकालीन सत्र के दौरान डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर जाते हैं। यहां आकर मुझे शांति महसूस होती है और ऊर्जा एवं प्रेरणा मिलती है। इसीलिए हम यहां आये हैं। सीएम ने कहा, मैं भी एक आम आदमी की तरह काम करता हूं, इसलिए लोग हमें और हमारी सरकार को पसंद करते हैं।

लोकसभा में दो और सांसद हुए निलंबित, शीत सत्र में अब तक 141 सांसद हो चुके हैं सस्पेंड

नई दिल्ली। संसद सुरक्षा चूक पर हंगामे के बाद अबतक 141 सांसदों को निलंबित किया गया है। इन निलंबित सांसदों में लोकसभा से 95 और राज्यसभा से 46 सांसद शामिल हैं। सभी सांसदों के निलंबन के बाद, लोकसभा सचिवालय ने निलंबित सदस्यों के लिए प्रतिबंधों की रूपरेखा तैयार करते हुए एक सर्कुलर जारी किया। सर्कुलर में संसद कक्ष, लॉबी और दीर्घाओं में उनके प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। निलंबन अवधि के दौरान, उन्हें समिति की बैठकों में भाग लेने, नोटिस पेश करने और समिति चुनावों में मतदान करने से रोक दिया गया है।

संसद सुरक्षा चूक की घटना पर विपक्ष केंद्रीय मंत्री अमित शाह के बयान की मांग पर अड़ी हुई है। लोकसभा सत्र के दौरान विपक्ष ने बार-बार केंद्रीय मंत्री के बयान की बात कही और जमकर लोकसभा में हंगामा मचाया। विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा से कई सांसदों को निलंबित किया गया। अब तक लोकसभा से 95 और राज्यसभा से 46 सहित कुल 141 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। सांसदों के निलंबन के बाद, लोकसभा सचिवालय ने निलंबित सांसदों के लिए एक परिपत्र जारी किया, जिसमें उन्हें संसद कक्ष, लॉबी और दीर्घाओं में प्रवेश करने से रोक दिया गया।

सर, सर बोल रहे हैं आप जवाब नहीं दे रहे, अब मैं आपको...

जया बच्चन की इस बात पर नाराज हो गए राज्यसभा के सभापति

नई दिल्ली। संसद सुरक्षा चूक पर हंगामे के बाद अबतक 141 सांसदों को निलंबित किया गया है। इन निलंबित सांसदों में लोकसभा से 95 और राज्यसभा से 46 सांसद शामिल हैं। सभी सांसदों के निलंबन के बाद, लोकसभा सचिवालय ने निलंबित सदस्यों के लिए प्रतिबंधों की रूपरेखा तैयार करते हुए एक सर्कुलर जारी किया गया है।

सर्कुलर में संसद कक्ष, लॉबी और दीर्घाओं में उनके प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। निलंबन अवधि के दौरान, उन्हें समिति की बैठकों में भाग लेने, नोटिस पेश करने और समिति चुनावों में मतदान करने से रोक दिया गया है। वहीं, सांसदों के लगातार निलंबित होने को लेकर अब जया बच्चन का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि क्या सोच कर आप नाप रहे हैं कि इन्हें डिसमिस करना है और इन्हें नहीं करना है? उन्होंने आगे कहा, आपको सर-सर बोल रहे हैं लेकिन आप जवाब नहीं दे रहे हैं अब मैं आपको मैडम बोलूंगी। वहीं, बच्चन ने कहा कि कल आपने इतने सारे स्क्क को संस्पेंड कर दिया। मैं वो ही पूछ रही थी चेयरमैन से कि आपका मापदंड क्या है। हम सुबह से चिल्ला रहे हैं

जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए बहुत चिंताजनक है। संसद के अंदर भी और संसद के बाहर भी। मैं अपनी पीढ़ा व्यक्त भी नहीं कर सकता हू। जया लेकिन आप हमें कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। राम गोपाल यादव जैसे सीनियर एमपी को आपने क्या सोच कर सस्पेंड कर दिया? कौन सा मापदंड है आपका।

देश में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

नई दिल्ली। देश में एक बार फिर कोरोना के मामलों में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 614 नए मामले सामने आए हैं। समाचार के अनुसार, केरल में 24 घंटे के दौरान तीन लोगों की मौत हुई है। बता दें कि देश में कोरोना वायरस से मृतकों की संख्या बढ़कर 5 लाख 33 हजार 321 हो गई है। इसके अलावा देश में कोविड-19 मामलों की संख्या

फिर डरा रहा
कोरोना
वायरस

एजेंसी पीटीआई ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के हवाले से बताया कि भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 614 नए केस मिले हैं, जो 21 मई के बाद मिले सबसे अधिक मामले हैं। इसके साथ ही देश में एक्टिव मामलों की संख्या बढ़कर 2,311 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों 4.50 करोड़ हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में बीमारी से ठीक होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,70,346 हो गई है और राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत है, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। बता दें कि देश में अब तक 220.67 करोड़ लोगों को वैक्सीन दी गई है।

मुझे संसद में बोलने की अनुमति नहीं...क्योंकि मैं, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- जाति को हर मुद्दे में घसीटना ठीक नहीं

दलित

मुझे अक्सर राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। क्या मुझे यह कहना चाहिए क्योंकि मैं दलित हूं।

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल पर बुधवार को राज्यसभा के अंदर और बाहर दोनों ही जगह घमासान दिखा। सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी द्वारा उपराष्ट्रपति धनखड़ का उपहास बनाया गया। कल्याण बनर्जी द्वारा मिमिक्री करने के बाद मंगलवार को राजनीतिक विवाद पैदा हो गया, जिसकी सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी निंदा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि जब उन्हें राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है तो क्या उन्हें भी जाति का मुद्दा उठाना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल पर विवाद के बीच उन्होंने कहा, जाति को हर मुद्दे में नहीं घसीटा जाना चाहिए और आश्चर्य जताया कि क्या उन्हें भी हर बार अपने दलित मूल का मुद्दा उठाना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए खरगे ने कहा कि चेयरपर्सन का काम दूसरे सदस्यों को सुरक्षा देना है लेकिन वह खुद इस तरह का बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे अक्सर राज्यसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है। क्या मुझे यह कहना चाहिए क्योंकि मैं दलित हूं। उन्हें बाहर जाति के नाम पर अंदर बात करके लोगों को नहीं भड़काना चाहिए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह देश के लिए बहुत दुखद दिन है जब संवैधानिक पदों पर बैठे लोग अपनी जातियों के बारे में बात करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह का मुद्दा उठाकर संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने पूछा, क्या अब हर किसी को अपनी जाति बताने वाला लेबल पहनकर घूमना चाहिए? वहीं, मिमिक्री विवाद पर राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, ...मुझे इसकी परवाह नहीं है कि आप जगदीप धनखड़ का कितना अपमान करते हैं। लेकिन मैं भारत के उपराष्ट्रपति, किसान समुदाय, अपने समुदाय का (अपमान) बर्दाश्त नहीं कर सकता... मैं यह बर्दाश्त नहीं करूंगा कि मैं अपने पद की गरिमा की रक्षा नहीं कर सका, इस सदन की गरिमा की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है।÷

तूल पकड़ रहा उपराष्ट्रपति धनखड़ की नकल करने का मामला

नई दिल्ली। सदन में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सत्ता पक्ष लगातार धनखड़ की मिमिक्री को लेकर विपक्ष पर हावी हो रहा है। वहीं, अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के वकील विनीत जिंदल ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करने के लिए टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ राज्यसभा और लोकसभा की नैतिक समितियों में शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान अपनी शिकायत में उन्होंने कल्याण बनर्जी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और इसमें शामिल अन्य सभी सांसदों को निष्कासित करने की मांग की है।

सांसदों के निलंबन से ध्यान भटकाने का किया जा रहा प्रयास: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने बुधवार को एक टीएमसी नेता द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल करने की आलोचना के लिए भाजपा पर पलटवार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को उठाकर 140 से अधिक सांसदों के अभूतपूर्व निलंबन से ध्यान भटकाने का प्रयास किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि कांग्रेस का हमला तब आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उपराष्ट्रपति धनखड़ को फोन किया और संसद परिसर में कुछ सांसदों की मिमिक्री करने पर दुख व्यक्त किया। एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, मिमिक्री का मुद्दा उठाकर 142 सांसदों के अभूतपूर्व निलंबन से ध्यान भटकाने की बेताब कोशिश की जा रही है। मिमिक्री का मुद्दा उठाकर 142 सांसदों के निलंबन से ध्यान भटकाने के अंधाधुंध प्रयास हो रहे हैं। संसद के इतिहास में आज तक कभी भी इतने बड़े पैमाने पर सांसदों का निलंबन नहीं हुआ है। लेकिन मिमिक्री की बात करने वाले ज़रा याद करें कि किसने किसकी मिमिक्री की थी और वह भी लोकसभा में? सांसदों के निलंबन के खिलाफ संसद की सीढ़ियों पर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी द्वारा धनखड़ का उपहास करने के बाद मंगलवार को राजनीतिक विवाद पैदा हो गया, जिसकी सत्तारूढ़ भाजपा ने कड़ी निंदा की। बीजेपी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बनर्जी के प्रदर्शन का वीडियो बनाने को लेकर भी विपक्ष पर हमला बोला। अनियंत्रित व्यवहार के लिए मंगलवार को 49 और विपक्षी सांसदों को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया, जिससे संसद के दोनों सदनों में कार्रवाई का सामना करने वाले सांसदों की कुल संख्या 141 हो गई और भारतीय गठबंधन ने शुक्रवार को देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शन की घोषणा की।

BHAR
JOD
YATR
भारत
जोड़ो
यात्रा

गाजा युद्ध के दौरान 17 दिन पहले पैदा हुई फलस्तीनी नवजात बच्ची की मौत

राफा (गाजा)। गाजा युद्ध के दौरान 17 दिन पहले पैदा हुई एक फलस्तीनी बच्ची मारी गई। नवजात बच्ची का जन्म युद्ध के बीच दक्षिणी गाजा शहर के एक अस्पताल में हुआ था। यहां बिजली नहीं थी, यहां रोजाना बमबारी होती थी। उसके परिवार ने उसका नाम अल-अमीरा आयशा और घर का नाम ÷राजकुमारी आयशा÷ रखा था। मरने से पहले उसने अपना तीसरा हफ्ता भी पूरा नहीं किया था। मंगलवार को एक इजरायली हवाई हमले में उसकी मौत हो गई। इजरायली हवाई हमले में नवजात बच्ची के साथ उसका 2 साल का भाई अहमद भी मारा गया। बच्ची की दादी सुजान ज़ोराब ने कहा, ÷जब सुबह होने से पहले इजरायली सेना ने राफा में उनके अपार्टमेंट की इमारत को ध्वस्त कर दिया, तो उनका पूरा परिवार सो रहा था।

उन्होंने कहा कि उनकी अमीरा बस 17 दिन की थी। उसके नाम का भी पंजीकरण नहीं हुआ था। सुजान ने कहा, ÷हमले के दौरान जब वह अपने बेटे के अस्पताल के बिस्तर के किनारे से बोल रही थी, तब मेरी आवाज कांप रही थी। हमले में मैं भी घायल हो गई थी।÷

अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि इजरायली हवाई हमले में करीब 27 लोग मारे गए हैं, जिनमें अमीरा और उसका 2 साल का भाई अहमद भी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा हमले में फलस्तीनी मरने वालों की संख्या 20,000 के करीब पहुंच चुकी है। अधिकांश लोग इजरायली हवाई हमलों में मारे गए हैं, जिन्होंने ढाई महीने से घिरे गाजा क्षेत्र को लगातार तबाह कर दिया है। इजरायली सेना अक्सर घरों के अंदर रहने वाले परिवारों पर हमला करती है।

रूस ने इस महीने पांचवीं बार कीव पर किया हवाई हमला

कीव। रूस ने मंगलवार देर रात यूक्रेन की राजधानी कीव पर हवाई हमला किया है। कीव की सेना ने बुधवार सुबह कहा कि ने यूक्रेन की राजधानी के करीब आने वाले सभी हथियारों को नष्ट कर दिया है। इस महीने रूस द्वारा यूक्रेन की राजधानी कीव पर किया गया यह पांचवां हवाई हमला है। कीव के सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा, ÷प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, राजधानी में कोई हताहत की जानकारी सामने नहीं आई है।÷ इस मामले पर रूस की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। रूस ने अक्टूबर 2022 में यूक्रेन की ऊर्जा, सैन्य और परिवहन बुनियादी ढांचे पर हमले करना शुरू कर दिया।

उत्तर-पश्चिमी चीन में आया जोरदार भूकंप

एपी, बीजिंग। उत्तर-पश्चिमी चीन के पहाड़ी क्षेत्र में रात भर आए तेज भूकंप से घर मलबे में तब्दील हो गए, जिससे कड़ाके की सर्दी की रात में निवासियों को बाहर रहना पड़ा और 9 साल में देश के सबसे घातक भूकंप में 131 लोगों की मौत हो गई। इसकी जानकारी अधिकारियों ने मंगलवार को दी।

अधिकारियों और चीनी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सोमवार आधी रात से ठीक पहले 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें 700 से अधिक लोग घायल हो गए, गांसु और किंघई प्रांतों में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं और बिजली और संचार लाइनें ठप हो गईं। चूँकि आपातकालीन कर्मचारी ढही हुई इमारतों और कम से कम एक भूस्खलन में लापता लोगों की तलाश कर रहे थे, जिन लोगों ने अपने घर खो दिए थे, उन्होंने जल्दबाजी में बनाए गए निकासी स्थलों पर तंबू में ठंडी रात बिताई। मुझे बस चिंता हो रही है, और क्या भावनाएँ हो सकती हैं?÷ मा डोंगडॉन्ग ने कहा, जिन्होंने एक फोन इंटरव्यू में कहा कि उनके घर में तीन शयनकक्ष नष्ट हो गए थे और उनकी दूध चाय की दुकान का एक हिस्सा पूरी तरह से टूट गया था।

भूकंप

भूकंप के झटकों के कारण घर लौटने से डरते हुए, उन्होंने पहली रात अपनी पत्नी, दो बच्चों और कुछ पड़ोसियों के साथ एक खेत में बिताई।

भूकंप के झटकों के कारण घर लौटने से डरते हुए, उन्होंने पहली रात अपनी पत्नी, दो बच्चों और कुछ पड़ोसियों के साथ एक खेत में बिताई। सुबह-सुबह, वे एक तम्बू बस्ती में गए जिसके बारे में मां ने कहा था कि इसमें लगभग 700 लोग रह रहे थे। दोपहर तक वे कंबल और गर्म कपड़ों के आने का इंतजार कर रहे थे। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने कहा कि भूकंप गांसु के जिशिशान काउंटी में 10 किलोमीटर (6 मील) की अपेक्षाकृत उथली गहराई



पर आया, जो कि किंघई के साथ प्रांतीय सीमा से लगभग 5 किलोमीटर (3 मील) दूर है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने कहा कि गांसू में 113 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और प्रांत में 536 अन्य घायल हुए हैं। सीसीटीवी ने बुधवार सुबह एक अपडेट में कहा कि भूकंप के केंद्र के उत्तर में स्थित किंघई में अठारह अन्य लोग मारे गए और 198 घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती भूकंप के लगभग 10 घंटे बाद सुबह 10 बजे तक 3.0 या इससे अधिक तीव्रता के नौ झटके आए, जिनमें से सबसे बड़ा झटका 4.1 तीव्रता का था।

चीनी राज्य के स्वामित्व वाली मीडिया के अनुसार, गांसु में आपातकालीन अधिकारियों ने खोज और बचाव कार्यों के लिए 300 अतिरिक्त कर्मचारियों के लिए अपील जारी की, और किंघई अधिकारियों ने भूस्खलन में 16 लोगों के लापता होने की सूचना दी, जो पहले 20 से कम थी। भूकंप के केंद्र से लगभग 100 किलोमीटर (60 मील) उत्तर-पूर्व में गांसु प्रांतीय राजधानी लान्झू सहित आसपास के अधिकांश क्षेत्र में भूकंप महसूस किया गया। लान्झू विश्वविद्यालय के एक छात्र द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरों और वीडियो में छात्रों को छात्रावास की इमारत से बाहर निकलते और बाहर खड़े देखा गया था।

तस्वीरें पोस्ट करने वाले छात्र वांग शी ने कहा, भूकंप बहुत तेज था।

कोलोराडो की अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति पद के लिए ठहराया अयोग्य

विवेक रामास्वामी ने किया यह एलान

मतदान मतदान

रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने कोलोराडो में GOP के प्राथमिक मतदान से हटने का संकल्प लिया है।

कोलोराडो (अमेरिका)। यूएस कैपिटल हिंसा मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका लगा है। डोनाल्ड ट्रंप को कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य ठहराया है। हालांकि, ट्रंप को आयोग्य ठहराए जाने को लेकर रिपब्लिकन पार्टी के लिए राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने प्रतिक्रिया दी है। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने कोलोराडो में तह्क्क के प्राथमिक मतदान से हटने का संकल्प लिया है। यह फैसला उन्होंने कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर आए हालिया फैसले को लेकर लिया है। जनवरी 2021 के कैपिटल हिंसा में शामिल होने के कारण पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव से आयोग्य ठहराया गया है।

कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने 4-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया है। इसके साथ ही कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रंप को आयोग्य ठहराए जाने के लिए अमेरिकी संविधान की 14वें संशोधन की धारा 3 विद्रोह को लागू किया है। यह धारा हिंसा में शामिल किसी व्यक्ति को को सर्वोच्च पद संभालने से रोकती है।

वहीं, रामास्वामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, %मैं कोलोराडो तह्क्क प्राथमिक से तब तक हटने का संकल्प लेता हूं, जब तक ट्रंप को भी राज्य के मतपत्र पर रहने की अनुमति नहीं दी जाती है। मैं मांग करता हूं कि रॉन डेसेंटिस, क्रिस क्रिस्टी और निक्की हेली तुरंत ऐसा ही करें या फिर वे इस अवैध पैंतरेबाजी का पूरी तरह से समर्थन कर रहे हैं, जिसके हमारे देश के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे।

इन 30 लोगों की जल्द हो रिहाई, हमास से बंधकों की डील के तैयार इजरायल

यरुशलम। इजरायल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने युद्धविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजरायल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। इस समय हमास के कब्जे में 129 लोग हैं। वहीं, इजराइल सरकार के सूत्रों ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि फिलहाल हमारी कोशिश है कि हमास के कब्जे में बुजुर्ग, बीमार, महिलाएं और बच्चे की रिहाई कराई जाए। इजरायल की कोशिश है कि 30 बंधकों की जल्द रिहाई हो।



गाजा पट्टी में हमास की हिरासत में 129 बंधक हैं, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि इनमें से 20 बंधक मर चुके हैं। इजरायली सरकार के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि वह चाहती है कि इस संघर्ष विराम के दौरान उन लोगों को रिहा किया जाए जो शारीरिक या मानसिक रूप से बीमार हैं। जरायली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय युद्धविराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं। बंधकों की रिहाई के लिए सोमवार को पोलैंड की राजधानी वारसा में कतर के प्रधानमंत्री और इजरायल व अमेरिकी की गुप्तचर एजेंसियों के प्रमुखों की एक बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक यह बैठक सकारात्मक रही, लेकिन तत्काल कोई समझौता होने की संभावना नहीं है। हमास ने युद्ध के जारी रहते किसी भी तरह की वार्ता करने से इनकार कर दिया है।

युद्ध के बीच हमास चीफ इस्माइल हानिया आज मिस्र का करेंगे दौरा, युद्धविराम पर बनेगी योजना

गाजा पट्टी। हमास चीफ इस्माइल हानिया आज (20 दिसंबर) मिस्र का दौरा करने वाले हैं। युद्ध विराम और इजरायल के साथ कैदियों की अदला-बदली पर बातचीत के लिए वो मिस्र का दौरा करेंगे।

सूत्र ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि हानिया उच्च स्तरीय हमास प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जहां उन्हें मिस्र के खुफिया प्रमुख अब्बास कामेल और अन्य के साथ वो मौजूद युद्ध पर बातचीत करेंगे।

सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौर में कैदियों की रिहाई के लिए एक समझौता तैयार करने के लिए बातचीत होगी। इसके अलावा युद्ध को रोकने के लिए एवं गाजा पट्टी पर लगाए गए घेराबंदी को समाप्त करने पर चर्चा होगी। पिछले महीने इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम के दौरान इजरायली जेलों में बंद 240 फिलिस्तीनियों के बदले में 80 इजरायली बंधकों की रिहाई की गई थी। हमास के अनुसार, गाजा में अभी भी हमास ने 130 लोगों को बंधक बना रखा है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जबतक सभी बंधकों की रिहाई नहीं हो जाती तबतक युद्ध जारी रहेगा। 7 अक्टूबर को हमास आतंकवादियों द्वारा इजरायल में

रॉकेट हमले किए गए थे। इस हमले में 1,140 लोगों की मौत हो गई। वहीं, इजरायल द्वारा हमास के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई में 19,600 फलस्तीनियों की मौत हुई है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आइडीएफ) ने बताया कि उसने सीरियाई सेना के सैन्य ठिकाने पर हमला किया है क्योंकि वहां से इजरायली क्षेत्र में मिसाइलों से हमला किया गया था। सीरिया की ओर से दागी गईं मिसाइलें इजरायल में खुले स्थानों पर गिरी थीं। युद्धविराम की अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मांग के बीच इजरायली अधिकारियों के साथ ऑस्टिन ने बैठक के बाद कहा कि वह यहां कोई समय सीमा तय नहीं कर सकते और न ही शर्तें थोप सकते हैं। उनकी इस टिप्पणी से समझा जा सकता है कि अमेरिका इजरायल की ढाल बना हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद भारी बहुमत से प्रस्ताव पास कर संघर्षविराम की मांग कर चुका है। वहां फिर से मतदान प्रस्तावित है। सुरक्षा परिषद ने गाजा में संघर्ष रोकने के लिए अरब-प्रायोजित प्रस्ताव पर मतदान में मंगलवार को देरी की, ताकि बड़ी संख्या में नागरिकों को तत्काल आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। सदस्यों ने एक और वीटो से बचने के लिए अमेरिका से बातचीत तेज कर दी है।

कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजीः डॉ. अब्दुल

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। 30वीं जनपदीय स्काउट गाइड रैली में मोहम्मद हसन इंटर कॉलेज ने स्काउट, गाइड एवं बैंड प्रतियोगिता में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया इस उपलब्धि पर आज विद्यालय के प्रबंधक डॉ अब्दुल कादिर खान ने सम्मान समारोह में स्काउट गाइड को सम्मानित करते हुए संबोधित किया कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। सफल होने के लिए परिश्रम के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है। साथ-साथ विगत कई वर्षों से जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर स्काउट गाइड अध्यापक धर्मेंद्र यादव एवं सह स्काउट अध्यापक मोहम्मद जैस अहमद तथा सभी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि सभी अपने जीवन में इसी तरह कठिन परिश्रम निरंतर करते रहें तथा स्काउट गाइड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्काउट गाइड अनेकता में एकता, स्वछता, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य से कार्य करना, टीमवर्क एवं करके सीखने की क्षमता का विकाश हेतु सदैव प्रेरित करता है। अंत में प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सबको अपने पड़ोसियों एवं सहायतार्थ व्यक्तियों की सहायता के लिए निःस्वार्थ भाव से हमेशा तत्पर रहना चाहिए इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक मोहम्मद आजम, रुश्दी, मोहम्मद आमिर खान, सुशील सिंह, सैयद सलाउद्दीन, अनवर अल्वी, तंजीलुर्रहमान, सलमान, मो अहमद, सूफियान, अनुज शर्मा, प्रदीप, महताब, जैद, सईद आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन शहजाद आलम ने किया।

अधिकारी किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर करे निस्तारितः डीएम

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। किसान दिवस के अवसर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में आयोजित किसान दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने किसानों की समस्याओ को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने किसानों से अपील किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर गांव में कैम्प लग रहे है सरकार की योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जा रहा है, जिनका पीएम किसान सम्मान निधि का किस्त नहीं आ रहा है, वे कैम्प में जाकर अपना डाटा सही करवा कर लाभान्वित हो, तथा उज्जवला योजना, पेंशन योजना अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं, पशुओं के टीकाकरण के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी और सभी किसानों से टीका लगवाने के लिए अपील भी की।जिला उद्यान अधिकारी डा.सीमा सिंह राना ने एकीकृत बागवानी, मशरूम यूनिट, शहद और मधुमक्खी पालन से सम्बंधित जानकारी दी। उन्होंने ड्रिप और स्प्रिंकलर और नैनो यूरिया के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। किसानों को फूलों की खेती, मशरूम की खेती, शहद की खेती करने का सुझाव दिया। डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक ने बताया कि जनपद में 01 नवंबर से धान की खरीद की जा रही है। कुल 153 धान क्रय केंद्र बनाए गए। धान के किसानों को 48 घण्टे में भुगतान किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि जिन किसानों का भुगतान नही हो पा रहा है, ऐसे किसान अपने बैंक खाते को आधार से लिंक करा लें। उन्होंने बताया कि 29 फरवरी 2024 तक खरीद की जाएगी। रजिस्ट्रेशन हेतु खतौनी, आधार कार्ड और रजिस्ट्रेशन की प्रति की आवश्यकता होगी। जनपद के किसानों भाई धान क्रय के सम्बंध में 7065660760 नंबर पर अपनी समस्या बता सकते है। एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि यूरिया के लिए 17000 एमटी का लक्ष्य निर्धारित है जिसमे 50 प्रतिशत उपलब्ध है। इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडेय, जिला गन्ना अधिकारी, एक्सईएन सिचाई, डिप्टी पीडी आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव, जिला गन्ना अधिकारी महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वेतन न मिलने पर सभी डॉक्टर हड़ताल पर

प्रयागराज। एसआरएन अस्पताल में बुधवार को डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मरीज काफी परेशान हुए। चार माह से वेतन न मिलने के कारण अस्पताल के सभी चिकित्सक हड़ताल पर चले गए। चार माह से वेतन न मिलने से नाराज स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं। ओपीडी और ओटी सेवा ठप होने से मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। डॉक्टरों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। डॉक्टरों की हड़ताल के चलते इलाज के लिए आए मरीज इधर उधर भटकते देखे गए। पहले से निर्धारित कई आपरेशन नहीं हुए। एसआरएन अस्पताल में रोजाना हजारों मरीजों की भीड़ होती है। बुधवार को डॉक्टरों की हड़ताल के चलते मरीज काफी परेशान हुए। चार माह से वेतन न मिलने के कारण अस्पताल के सभी चिकित्सक हड़ताल पर चले गए। उनका कहना है कि जब तक वेतन नहीं दिया जाता है तब तक वह काम नहीं करेंगे।

विधायक ने वितरित किया दिव्यांगजन सहायक उपकरण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। स्थानीय विकास खण्ड में बुधवार को ब्लॉक परिसर में शिविर के माध्यम से दिव्यांगजन सहायक उपकरण का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रमेश चंद मिश्रा रहे जिन्होंने वितरण के दौरान बताया कि ब्लॉक में ट्राई साइकिल 110, कृत्रिम अंग 20, इलेक्ट्रॉनिक छड़ी 5 व 1348 दिव्यांगजनों को पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। हमारी सरकार दिव्यांग सहित आमजनों को संपूर्ण आवश्यक लाभ दिलाने का काम कर रही है जो पिछली सरकारों से बहुत ज्यादा है। आगे भी हमारी सरकार ऐसे दिव्यांगों लाभ देने का कार्य करती रहेगी।

वहीं हरी झंडी दिखाकर सभी दिव्यांग जनों को रवाना किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन अधिकारी दिव्या शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र कौशिक, सहायक विकास अधिकारी केके पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह लवकुश, प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, राहुल, ग्राम प्रधान विनोद पाल, राहुल मिश्रा, आजाद सिंह, आनन्द उपाध्याय, सुनील मौर्य, उमेन्द्र यादव, सत्येन्द्र सिंह, सत्येन्द्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भूमिहीन किसानों ने किया प्रर्दशन कर दी बूख हड़ताल की दी चेतावनी

आजमगढ़। डा0 अम्बेडकर पार्क में समस्त गरीब भूमिहीन ग्रामवासीगण ग्राम गम्भीरबन, परगना-निजामाबाद, तहसील- सदर जिला-आजमगढ़ की मांगों को लेकर तीन दिन धरना प्रदर्शन होगा। हम गरीब भूमिहीन किसानों को शासन के मंशा के अनुसार अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिये भूमि आवंटन वर्ष 1970, 1976 व 2003 में किया गया था जो गॉव चकबन्दी के दौरान होने के कारण वेकृत की आवंटन की भूमि का अनुपालन चकबन्दी के समस्त अभिलेखों में किया गया था। वर्ष 2018 में गॉव का धारा 6(1) का प्रकाशन अभिलेखों में भू-माफ्यिाओं द्वारा फर्जी फ्राड कर हजारो एकड़ जमीन दर्ज करने तथा अभिलेख जीर्ण-शीर्ण होने के कारण कर दिया गया। धारा 6(1) करने बाद समस्त अभिलेखों का तहसील में अनुपालन कराया गया किन्तु कुछ भाफ्यिों के मिली भगत व विरोध करने के कारण तथा गॉव के ही संजय पुत्र उमादत्त के किसी प्रदेश मुख्यालय मे नियुक्त सचिव ध्आई0ए0एस0 अधिकारी द्वारा जिले के सम्बन्धित अधिकारियों के उपर फोन करके अनाधिकृत दबाव बनाये जाने के कारण उपजिलाधिकारी द्वारा हम प्रार्थीगण के शासन की मंशा ध्शासनादेश के क्रम में स्वीकृत आवंटन का अनुपालन दबाव वश नही किया गया जा रहा है। उप जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह कहकर साफ मना किया जा रहा है कि मेरे उपर बहुत दबाव है। मैं इसका अनुपालन नही करा पाउंगा, जिसके क्रम में पूर्व में भी माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ योगी आदित्यनाथ महाराज जिलाधिकारी आजमगढ़, उप जिलाधिकारी सदर आदि समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गयी।

बदलते परिवेश में सोशल मीडिया ने बनाया महत्वपूर्ण स्थानः यूसुफ

गोष्ठी में निष्पक्ष पत्रकारिता पर दिया गया बल

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (खेतासराय) भारतीय पत्रकारिता में इलेक्ट्रॉनिक चैनलों से ज़्यादा सोशल मीडिया ने अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। सभी संस्थान आज उनका कई फोरम पर अनुसरण कर रहे है। वर्तमान में मीडिया ख़बर को सनसनीखेज के चक्कर मे जमीनी सच्चाई का स्थान नही मिल पाता है। पत्रकार समाज का आईना होता ऐसे में निष्पक्ष पत्रकारिता को तरज़ीह देना आवश्यक है। उक्त विचार युवा पत्रकार यूसुफ खान ने बुधवार को कस्बे में आयोजित पत्रकारिता व वर्तमान चुनौती विषयक कांफ्रेंस में बोलते हुए कही।

उन्होंने कहा कि बदलते वक़्त के साथ बाज़ारवाद और पत्रकारिता के अन्तर्सम्बन्धों के पत्रकारिता की विषय-वस्तु तथा परस्तुति शैली में व्यापक परिवर्तन किये है। खान ने चिंता जताते हुए कहा कि 21 वी सदी में दुनिया विज्ञान और टेक्नोलॉजी की बात कर रही है लेकिन भारतीय मीडिया आज भी जाति धर्म, मन्दिर मस्जिद की तथाकथित राजनीति से आगे नही बढ़ पा रही है। इस तरह की पत्रकारिता समाज मे अंधविश्वास, धार्मिक उन्माद और सामीजिक विघटन ही पैदा करेगी। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार आनंद सिंह, राकेश शर्मा, विवेक श्रीवास्तव और ज़ीशान सिद्दीकी, अशोक यादव ने अपने विचार रखें।

डेढ़ गुना से अधिक लगेंगे जल पुलिस के जवान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की अपेक्षित संख्या विगत कुम्भ के सापेक्ष अधिक होने के दृष्टिगत जल पुलिस द्वारा भी विशेष व्यवस्थायें की जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को अचूक एवं बेहतर बनाने हेतु पिछले कुम्भ के सापेक्ष गोताखारों की संख्या 190 से बढाकर 300 की जा रही है। वहीं बाढ राहत पी0ए0सी0 कम्पनी को भी 08 से बढाकर 10, एनडीआरएफ कम्पनी को 02 से बढाकर 04 तथा एसडीआरएफ कम्पनी को 01 बढाकर 04 किया जा रहा है। 01 एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ कम्पनी में 29 लोग होते हैं। इसके अतिरिक्त होमगार्ड तैराकों की संख्या 200 से बढ़ाकर 400 की जा रही है तथा अन्य पुलिस बल के लगभग 500 तैराक भी लगाये जायेगें। इसी कम में सुरक्षा व्यवस्था में उपयोग करने वाले उपकरणों की संख्या में भी भारी वृद्धि की जा रही है। इसमें लगभग 05 किमी0 डीप वाटर बैरिकेटिंग मय जाल व लंगर, 05 किमी0 रिवर लाइन, 02 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन मय कन्ट्रोल रूम, 20 वाटर स्कूटर, 25 हार्सपावर के 06 मरकरी इंजन तथा 50 हार्सपावर के 05 मरकरी इंजन, 04 वाटर एम्बुलेंस, 10 लकडी वाली चापू नाव, 18 रिचार्जेबल मोबाइल रिमोट एरिया लाइटिंग सिस्टम, 04 एनाकोंडा मोटरबोट मय चेंजिंग रूम, 03 जे0टी0 मय गँग व रेलिंग सहित 20 डाइविंग किट मय मास्क व एक अद्द कम्प्रेशर मशीन सहित 200 लाइफ ब्वाय, 300 लाइव जैकेट, 200 रेस्क्यू ट्यूब 200 थ्रो बैग तथा 25 आस्का लाइट की व्यवस्था की जा रही है।

मजदूर विरोधी नीतियों के विरूद्ध सम्पूर्ण भारत एम आर हड़ताल पर

आजमगढ़। बुधवार को भारत सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के विरूद्ध सम्पूर्ण भारत में दवा प्रतिनिधि वर्ग हड़ताल पर रहा। इसी क्रम में जिले के मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव संगठन ने कुंवर सिंह उद्यान में प्रदर्शन कर कानूनों को समाप्त करने की मांग की। आरोप है कि सरकार की दमनकारी मजदूर विरोधी नीतियों के कारण मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव को मिले कानूनों को सरकार समाप्त कर रही है, जिसके कारण कम्पनियां मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव पर अनैतिक कार्यो के लिए दबाव बना रही है। इलेक्ट्रानिक डिवाइस के द्वारा मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव की निगरानी की जा रही है व अनेकों प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसके कारण अब तक कई मेडिकल रिप्रजेन्टेटिव आत्महत्या कर चुके है। भारत सरकार की गलत नीतियों के कारण दवाओं के दाम में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, जिसके कारण जीवन रक्षक दवायें आम जनता की पहुँच से बाहर है।

अंत्योदय के पथ पर सवार मोदी सरकारः राजेंद्र मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बमरौली गांव में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने हजारों लोगों को विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा अंत्योदय के पथ पर सवार होकर मोदी सरकार गरीबों और वंचितों के जीवन में प्रकाश ला रही है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर यात्रा के अंतर्गत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंधित कैंप लगाए गए। कार्यक्रम के संयोजक चंद्रशेखर ओझा रहे। इस दौरान रामजी शुक्ला, मंजीत कुशवाहा , राजेश केसरवानी, राजेश पटेल मण्डल अध्यक्ष दीनानाथ कुशवाहा, सत्यप्रकाश, पिंटू कुशवाहा, राम नरेश पटेल , रामजश भारतीय, पार्षद तारा देवी, और ढेर सारे कार्यकर्ता बन्धु, जनता जनार्दन, लाभार्थी गण इत्यादि उपस्थित रहे।

अवैध असलहा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

सगड़ी,आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने अवैध असलहा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही बाइक भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक अनिल कुमार मय हमराहियों संग मनकाडींह रोड रजादेपुर चौराहे से करीब एक किलोमीटर पर चेकिंग कर रहे थे। मनिकाडींह की तरफसे रजादेपुर चौराहे की ओर एक व्यक्ति बाइक से आ रहा था जिसे हाथ व टार्च से रूकने के लिये इशारा किया गया। जिसके बाद बाइक चालक पुलिस वाले को देखकर अपनी बाइक को पीछे मोड़कर भागना चाहा। जिसको पुलिस द्वारा उस व्यक्ति को मोड से कुछ दूरी पर ही दौडाकर पकड लिया गया। पकडे गये व्यक्ति ने अपना नाम दिव्यांश तिवारी पुत्र धर्मदेव तिवारी निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर थाना राजेसुल्तानपुर जिला अम्बेडकर नगर बताया उसके कब्जे से एक तमंचा 315 वोर व एक जिंदा कारतूस 315 वोर बरामद हुआ।

केंद्र तथा राज्य स्तरीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु दिए टिप्स

Shot on OnePlus

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान में केंद्र तथा राज्य स्तरीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी को लक्ष्य करके कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रयागराज के एएसपी आईपीएस चिराग जैन रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ रमा गुप्ता, प्रभारी, करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने बताई तथा डॉ रीना यादव ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। चिराग जैन ने छात्राओं को बताया कि सिविल सेवा की तैयारी कैसे करें। उन्होंने परीक्षा के लिए उपयोगी पुस्तकों, मासिक पत्र, पत्रिकाओं के बारे में जानकारी दी एवं बताया कि छात्राओं को किस प्रकार रणनीति बनाकर तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी से सम्बंधित छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनुराग पांडेय ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ माधुरी राठौर, डॉ अनुज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी मऊ को मण्डलायुक्त ने चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने कहा है कि जिन विकास कार्यों में जनपदों की ग्रेडिंग अपेक्षा के अनुरूप नहीं सम्बन्धित अधिकारी तत्काल इस ओर ध्यान देकर प्राथमिकता के आधार पर सुधार लाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने बुधवार को अपने कार्यालय सभागार में मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के आधार पर विकास कार्यों में हुई प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से उन विकास कार्यों को जिनमें बी, सी, डी, ई ग्रेडिंग प्राप्त हुई है, को चिन्हित करते हुए सम्बन्धित विभागों के मण्डलीय अधिकारियों को निरन्तर मानीटरिंग कर आगामी बैठक तक अपेक्षित प्रगति अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लिये जाने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान विदित हुआ कि जनपद मऊ में कृषि रक्षा रसायन डीबीटी हेतु कुल 705 आवेदन में 645 आवेदन अनुमोदित हुए तथा समय सीमा के उपरान्त 60 आवेदन लम्बित हैं, जिससे इस मद में मऊ की रैंकिंग 72 तथा ग्रेडिंग ई प्राप्त हुई है। मण्डलायुक्त ने इस स्थिति पर असन्तोष व्यक्त करते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी मऊ को चेतावनी निर्गत करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा जनपद मऊ में सड़क निर्माण की प्रगति खराब मिलने पर अवगत कराया गया कि इसमें उन सड़कों को भी सम्मिलित कर दिया गया है, जो विगत वर्षों से अपूर्ण हैं तथा वर्तमान में इसके लिए बजट भी प्राविधानित नहीं है। इस पर उन्होंने ऐसी सड़कों को लक्ष्य से डिलिट कराने हेतु अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देश दिया।

मण्डलायुक्त श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि किसी भी सीएचसी, पीएचसी पर दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि यदि जनपद में कोई दवा उपलब्ध नहीं है तो सीएमओ अन्य जनपद से तत्काल सम्पर्क कर वहॉ से दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। दुग्ध मूल्य भुगतान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी बलिया ने बताया कि बलिया में यूनिट काफी अच्छा कार्य कर रही है, परन्तु नियमानुसार भुगतान नहीं हो पाने के कारण यूनिट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

मानक परिषद ने किया तीन दिवसीय विद्यालय अवलोकन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर, प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के संयोजन में तीन दिवसीय विद्यालय अवलोकन कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्या भारती के विद्यालयों की गुणवत्ता विकास के लिए मानक परिषद द्वारा विद्यालयों के अवलोकन के क्रम में जन शिक्षा समिति काशी प्रदेश के मंत्री अनुग्रह नारायण मिश्र एवं पूर्व संभाग निरीक्षक एवं विद्या भारती काशी प्रांत के समय दानी कार्यकर्ता दयाराम यादव द्वारा विद्यालय के विभिन्न शिक्षणेत्तर क्रियाकलापों का अवलोकन, जिसमें विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता पूर्वक कैसे हो, इस हेतु एस.ई.एस.क्यू. के माध्यम से सभी तरह के क्रिया कलापों का तीन दिन अवलोकन किया गया।

अवलोकन के क्रम में अध्यापकों द्वारा शिक्षण करते समय अवलोकन, कार्यालय का अवलोकन, आए हुए अभिभावकों से बातचीत के माध्यम से अवलोकन, अलग-अलग समूहों में छात्र-छात्राओं से वार्तालाप करते हुए अवलोकन सहित समस्त व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अवलोकन की प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व वंदना सभा में आए हुए निरीक्षकों का प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम से सम्मान एवं स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

पशुचर की जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप

बुढ़नपुर, आजमगढ़। तहसील अंतर्गत ग्राम बना खुर्द निवासी लालचंद यादव पुत्र स्वर्गीय सदरी यादव ग्राम प्रधान व कोटेदार पर चारागाह (पशुचर) की जमीन पर खेलकूद की बाउंड्री बना दी गई है जो अवैध हैस उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सोपा है। शिकायतकर्ता लालचंद यादव ने बताया कि निर्माण के समय लेखपाल को फोन द्वारा बताया गया लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की उल्टे निर्माण कार्य की समर्थन दिया गया। जब इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से की गई तो इस संबंध में रिपोर्ट मांगा गया। लेखपाल द्वारा रिपोर्ट लगाया गया कि गाटा संख्या 427 सरकारी अभिलेख में पशुचर अंकित है स लेखपाल द्वारा कहा गया कि जमीन पर वीरेंद्र पुत्र 50 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा कब्जा किया गया है।

सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

प्रयागराज। प्रयागराज में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को सर्वप्रथम लीडर रोड स्टेशन के पास सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया जैसे- सड़क सुरक्षा सम्बन्धी स्लोगन, दो पहिया वाहन चालक, हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगा कर वाहन चलाये, नशे की हाल में वाहन न चलाये, रेड सिग्नल को पार न करें, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करें, तेज रफ्तार से वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, एवं अन्य प्रमुख चैराहों पर चलते हुए पैदल यात्रियों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालने करने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ-साथ सिविल लाइन्स बस अड्डा के पास परिवहन निगम के चालकों एवं परिचालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कैम्प आयोजित कराकर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, सुश्री अल्का शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज प्रथम दल, चिकित्सक डॉ0 पूजा कुशवाहा, डॉ0 रसीद अली, रणवीर सिंह चैहान, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी, जी0एन0 मिश्रा, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी रामसागर, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, यात्रीकर एवं मालकर अधिकारी एवं टैम्पो टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी, महामंत्री रमाकान्त तथा प्रवर्तन सिपाही उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

ओ0टी0एस0 योजना का उठाएं लाभ

जौनपुर। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम/ द्वितीय, जौनपुर द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से उपभोक्ताओं को ओ0टी0एस0 योजना का कम समय में अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु विस्तार से बताया गया। यह भी बताया गया कि सभी उपकेन्द्रों, विभाग के सभी कार्यालयों व जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से जनपद में कहीं पर भी इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि ओ0टी0एस0 योजना का अंतिम चरण चल रहा है, जो कि 31 दिसम्बर, 2023 तक है। चूँकि यह योजना पुनः नहीं आयेगी, अतः अधिकतम उपभोक्ता इसका लाभ उठा लें। जिन व्यक्तियों को पूर्व में बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया है एवं निर्धारित राजस्व उनके द्वारा जमा नहीं किया गया है, वो भी इस योजना में किये गये राजस्व निर्धारण छूट प्राप्त कर लाभ उठा सकते हैं। सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से अनुरोध किया जाता है कि जनपदवासी समय रहते इस योजना का लाभ उठा लें एवं बाद में होने वाली असुविधा से बचें।

तीन सौ से अधिक लोगों की हुई नेत्र जांच



प्रयागराज। वसुधा फाउंडेशन की अंधता निवारण मुहिम में धान्या देवी निम्मालाल इंटर कालेज, सेहुंवाडीह में विशाल नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें करीब तीन सौ ग्रामीणों की नेत्र एवम् चश्मा जांच हुई। करीब अस्सी लोगों को चश्मे की जरूरत थी, जल्द ही उन्हें चश्मा दिया जाएगा। पचास लोगों को मोतियाबिंद निकला जिनको आई लाइफ सेंटर फाफामऊ लाकर प्रख्यात नेत्र सर्जन डा रोहित अग्रवाल से सफल लेंस प्रत्यारोपण कराकर आज उनके घर पहुंचाया गया। सभी आपरेशन सफल रहे प्रबंधक राम सूरत पटेल, वसुधा महासचिव मैथिली सिंह, कोषाध्यक्ष ललिता गुप्ता, संरक्षक संगीता अग्रवाल, अध्यक्ष उर्मिला जायसवाल सचिव अंशू नागर द्वारा कैंप की व्यवस्था की गई। साथ ही महासचिव मैथिली सिंह ने स्कूल में मौजूद पांच सौ छात्र छात्राओं को पर्यावरण एवम् आंखों के बारे में जानकारी दी। पौधे लगाने और पालीथीन से बचने की शपथ दिलाई तथा पूर्व में उन्हें बांटे गए करीब चार हजार पौधो के बारे में पूछताछ की।

रिकॉर्ड स्तर से बाजार में बड़ी मुनाफावसूली

सेंसेक्स 930 अंक टूटा, निफ्टी 21200 से फिसला

नई दिल्ली। 72,000 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंचने के बाद सेंसेक्स बुधवार को 1,100 अंक से अधिक लुढ़क गया। आखिरकार सेंसेक्स 930 अंकों की गिरावट के साथ 70,500 के करीब बंद हुआ जबकि निफ्टी में इस दौरान 303 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में इस गिरावट के कारण बीएसई के निवेशकों को करीब 9.1 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

बुधवार को सेंसेक्स 930.88 (1.30 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 70,506.31 के स्तर पर जबकि निफ्टी 302.95 (1.41 प्रतिशत) अंक टूटकर 21,150.15 के लेवल पर बंद हुआ।

निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांकों में तेज गिरावट दिखी। दोनों में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ऑटो, मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी शेयरों में बड़ी गिरावट दिखी।

अदाणी पोर्ट्स और अदाणी एंटरप्राइजेज दोनों ही कंपनियों के शेयरों को करीब 6 प्रतिशत का नुकसान हुआ, जबकि टाटा स्टील के शेयर 5 प्रतिशत कमजोर हुए। एसबीआई और टाटा मोटर्स में 3-3 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि आरआईएल में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। निफ्टी के 50 में से 46 शेयर लाल निशान पर बंद हुए।

बुधवार के कारोबारी सेशन के दौरान रिलायंस पावर के शेयर 10 पर्सेंट नीचे आए, आईआरएफसी और आईआरसीटीसी के शेयर सात से आठ प्रतिशत तक गिरे वहीं यस बैंक और वोडाफोन आइडिया के शेयरों में भी छह से सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

प्रतिशत के लिहाज से निफ्टी में आज की गिरावट 26 अक्टूबर के बाद एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। पिछले एक महीने में, यह सूचकांक 1,400 अंक या लगभग 7.2 प्रतिशत से अधिक चढ़ा है और नवंबर 2023 निफ्टी के लिए सबसे अच्छा महीना साबित हुआ है।

भारत में कोविड सब-वेरिएंट जेएन.1 के बढ़ते मामलों पर भी बाजार की नजर बनी रही। केरल में कल कोविड-19 के 292 नए सक्रिय मामले सामने आए और तीन मौतें हुईं। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की और कोरोनोवायरस के उभरते वेरिएंट्स के खिलाफ सतर्क रहने पर जोर दिया। हालांकि इस दौरान शेयर बाजार के फार्मा इंडेक्स में भी एक फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

सीजीएसटी से जुड़ा दूसरा संशोधन विधेयक राज्यसभा से पास

नई दिल्ली। केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2023 जो जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के अध्यक्ष की ऊपरी आयु सीमा को मौजूदा 65 वर्ष से बढ़ाकर 67 वर्ष करता है और 10 वर्ष के अनुभव वाले अधिवक्ताओं को सदस्य बनने के लिए पात्र होने की अनुमति देता है, बुधवार को राज्यसभा से पारित हो गया।

राज्यसभा ने सीमा शुल्क या उत्पाद शुल्क लगाने या बढ़ाने से संबंधित विधेयकों में प्रावधानों की सीमित अवधि के लिए तत्काल प्रभाव से प्रावधान करने के लिए करों का अनंतिम संग्रह विधेयक, 2023 पारित किया। यह विधेयक कल 19 दिसम्बर को लोक सभा से पारित किया गया था। विधेयक में न्यायाधिकरण के सदस्यों के लिए न्यूनतम आयु 50 वर्ष तय की गई है। सरकार ने 15 सितंबर को जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की 31 पीठों को अधिसूचित किया था। हालांकि अन्य न्यायाधिरकरणों की तरह अधिवक्ता इसके सदस्य बनने के पात्र नहीं थे।

यह संशोधन कहता है कि अधिवक्ता सदस्य बनने के लिए पात्र हो सकते हैं यदि वह ÷अपीलीय न्यायाधिकरण में अप्रत्यक्ष करों से संबंधित मामलों में मुकदमेबाजी में पर्याप्त अनुभव के साथ दस साल से वकील हैं। जीएसटी परिषद की सात अक्तूबर को हुई 52वीं बैठक में मंजूरी मिलने के बाद इस संशोधन का प्रस्ताव किया गया था।

रिजर्व बैंक ने आईएमएफ से कहा, विनिमय बाजार में हस्तक्षेप का फैसला उतार-चढ़ाव रोकने के लिए

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश की विनिमय दर व्यवस्था को 'पुनर्वर्गीकृत' करने के अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विदेशी मुद्रा बाजार में लगातार हस्तक्षेप का मकसद अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकना है।

आईएमएफ ने भारतीय अधिकारियों के साथ अनुच्छेद-चार के परामर्श के बाद दिसंबर, 2022 से अक्टूबर, 2023 के बीच की अवधि के लिए विनिमय दर व्यवस्था की स्थिति को 'फ्लोटिंग' से 'स्थिर व्यवस्था' में पुनर्वर्गीकृत किया।

आईएमएफ में भारत के कार्यकारी निदेशक केवी सुब्रमण्यन और वरिष्ठ सलाहकार संजय कुमार हंसदा और आनंद सिंह ने विश्लेषण के लिए आईएमएफ द्वारा अपनाई गई चयन की अवधि और देश की विनिमय दर व्यवस्था के पुनर्वर्गीकरण पर भी सवाल उठाया है।

उन्होंने रिपोर्ट के साथ संलग्न बयान में कहा, ''आईएमएफ के कर्मचारियों द्वारा भारत की विनिमय दर को 'स्थिर व्यवस्था' के रूप में वर्णित करना गलत है और यह वास्तविकता से दूर है। पूर्व की तरह विनिमय दर में लचीलापन बाहरी झटकों से बचाव का पहला माध्यम बना रहेगा। विनिमय बाजार में हस्तक्षेप सिर्फ बाजार में 'अव्यवस्था' को दूर करने के लिए किया गया है।

आईएमएफ द्वारा अनुच्छेद चार परामर्श रिपोर्ट किसी देश की वर्तमान और मध्यम अवधि की आर्थिक नीतियों और दृष्टिकोण की समीक्षा करती है। रुपये की विनिमय दर अंतरबैंक बाजार में निर्धारित होती है, जहां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्सर हस्तक्षेप करता है। आरबीआई का घोषित हस्तक्षेप उद्देश्य अत्यधिक अस्थिरता पर अंकुश लगाना है।

दिसंबर, 2022 और अक्टूबर, 2023 के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का कारोबार 80.88-83.42 के दायरे में हुआ। अक्टूबर के बाद विदेशी मुद्रा बाजार में अस्थिरता और कम हो गई और यह 82.90-83.42 के दायरे में आ गया।

रिपोर्ट में रिजर्व बैंक ने कहा है कि वे वित्तीय स्थिरता के लिए उतार-चढ़ाव को सीमित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसमें रुपये के स्तर को लेकर कोई विचार शामिल नहीं है।

इसके अलावा रिजर्व बैंक का मानना है कि 2023 में विनिमय दर में स्थिरता देश की मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद को दर्शाती है। खासकर चालू खाते के घाटे या कैड में कमी आई है और विदेशी मुद्रा भंडार की संतोषजनक स्थिति की वजह से पूंजी प्रवाह की स्थिति में सुधार हुआ है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस आयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से संचालन आरंभ कर रही है, प्रारंभिक उड़ान 30 दिसम्बर को

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने घोषणा की है कि वह आयोध्या अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से सेवाएं शुरू कर रही है, जो एयरलाइन का 45वां गंतव्य है और उत्तर प्रदेश राज्य में तीसरा संचालन क्षेत्र है। 30 दिसम्बर से शुरू होने वाले इस सेवा में, एयरलाइन दिल्ली के लिए सीधी उड़ानें चलाएगी, और भारत और इसके परे कई स्थानों के लिए सुविधाजनक वन-स्टॉप योजनाएँ प्रदान करेगी। यह एयर इंडिया एक्सप्रेस के तेज विस्तार में एक बड़ा क्षण है, जिसे उनके लगातार बढ़ते हुए नेटवर्क और फ्लीट से समर्थन मिल रहा है।

30 दिसम्बर, 2023 को होने वाली प्रारंभिक उड़ान IX 2789 11:00 बजे दिल्ली से उड़ेगी और 12:20 बजे आयोध्या में लैंड करेगी। आयोध्या से, IX 1769 12:50 बजे दिल्ली के लिए उड़ेगी और 14:10 बजे पहुंचेगी।

इस नए गंतव्य की शुरुआत पर टिप्पणी करते हुए, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा, एयर इंडिया एक्सप्रेस आयोध्या से उड़ानों का संचालन शुरू करने के लिए उत्सुक है। यह हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है कि हम संपूर्ण देश के तहत स्तर 2 और स्तर 3 शहरों से जुड़ी कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए हैं। हम आयोध्या की प्रत्याशित विकास के बारे में उत्साहित हैं, जो नजदीक और दूर से आने वाले तीर्थयात्रीओं और यात्रीओं को आकर्षित कर रहा है. हमें गर्व है कि हम अयोध्या के इस विकासपूर्ण कहानी का हिस्सा हैं। एयरलाइन ने दैनिक सीधे उड़ानों की अनुसूची भी जारी की है, जिसमें आप इसके मोबाइल ऐप और पुरस्कृत वेबसाइट airindiaeXpress.com के माध्यम से बुक कर सकते हैं. साथ ही इसे अन्य प्रमुख बुकिंग प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी किया जा सकता है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस आयोध्या को भुवनेश्वर, बेंगलुरु, कोची, गुवाहाटी, गोवा, ग्वालियर, जयपुर, पुणे, सूरत, श्रीनगर, और शारजाह जैसे स्थानों से जोड़ने के लिए सुविधाजनक वन-स्टॉप योजनाएँ भी प्रदान करती है।

वर्तमान में, एयर इंडिया एक्सप्रेस लखनऊ और वाराणसी से उड़ानें चलाती है, जो उत्तर प्रदेश के शहरों को दुबई, शारजाह, दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, और पुणे से सीधे जोड़ती है।

हाल ही में, एयर इंडिया एक्सप्रेस सूरत से दुबई के लिए सीधी उड़ान चलाने वाली पहली एयरलाइन बन गई थी, जिस दिन सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा के नए आंतरराष्ट्रीय टर्मिनल का उद्घाटन हुआ था।

एयर इंडिया ने एयरबस विमान खरीदने के लिए जापान की एसएमबीसी से लिया ऋण

नई दिल्ली। जापान के ऋणदाता एसएमबीसी ने बुधवार को बताया कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने एयरबस से बड़े आकार के विमान खरीदने के लिए उससे 12 करोड़ डॉलर का कर्ज लिया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस सौदे से एयर इंडिया की ओर से एयरबस से ए350-900 विमान की खरीद का आंशिक वित्तपोषण हुआ है, जिसकी आपूर्ति अक्टूबर 2023 में की गई थी। एसएमबीसी ने अपनी सिंगापुर शाखा के माध्यम से एक सुरक्षित ऋण सुविधा के रूप में यह वित्तपोषण किया है। एसएमबीसी के अनुसार एयर इंडिया की गिफ्ट सिटी-मुख्यालय वाली इकाई एआई फ्लीट सर्विसेज ने यह ऋण लिया है। यह खरीदारी टाटा की ओर से बोइंग और एयरबस से कुल 470 विमान खरीदने की घोषणा के बाद हो रही है। इस सौदे में एआई ने इक्विटी का भी योगदान दिया है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, एयरबस ए 350-900 विमान की कीमत 30 करोड़ डॉलर से अधिक है। एसएमबीसी समूह के भारत में कंट्री प्रमुख हिरोयुकी मेसाकी ने कहा, एसएमबीसी समूह इस सौदे के जरिये टाटा समूह के साथ अपने लंबे समय से स्थापित संबंधों का विस्तार करते हुए खुश है। उन्होंने कहा कि विमान वित्त पट्टे के लिए बैंक का यह अपनी तरह का पहला सौदा है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक एवं रूपांतरण अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा कि यह विमान इस साल की शुरुआत में घोषित कंपनी के बड़े विमानों के ऑर्डर में पहली डिलीवरी में से एक है। अग्रवाल ने कहा, ÷यह सौदा भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) गिफ्ट सिटी के माध्यम से हमारे विमान वित्तपोषण व्यवसाय के विस्तार में एक बड़ा कदम है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्रामीण कौशल संवर्धन के लिए टोयोटा तकनीकी प्रशिक्षण और स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया

वाराणसी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर [टीकेएम] ने आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करौंदी, वाराणसी में 64वें टी-टीईपी संस्थान की शुरुआत की घोषणा की। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों का कौशल खासतौर से बढ़ाना है। इस तरह कंपनी की अनूठी प्रशिक्षण पहल, टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) के माध्यम से रोजगार के लिए उनकी योग्यता में वृद्धि करना है। कार्यक्रम की शुरुआत, अरुण कुमार यादव, प्रिंसिपल, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करौंदी, वाराणसी, विक्रम गुलाटी, कंट्री हेड और एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, वी विसलीन सिगमणि, महाप्रबंधक, स्ट्रैटेजिक बिजनेस यूनिट, टीकेएम और श्री राहुल गोयनका, डीलर प्रिंसिपल, राजेंद्र टोयोटा ने की।

टीकेएम में, हम मानते हैं कि भारत में हमारी भूमिका पर्यावरण-अनुकूल कारों के निर्माण और उसके प्रचार से आगे भी है। हम अत्यधिक कुशल और प्रेरित व्यक्ति तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक दशक से अधिक समय से, टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (टीटीटीआई) और टोयोटा टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम (टी-टीईपी) विश्व स्तरीय कुशल तकनीशियनों के निर्माण की दिशा में ग्रामीण, आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए कौशल प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं। इससे एक अंतर पैदा हो रहा है और आसपास के समुदाय और कौशल भारत मिशन में योगदान हो रहा है। कंपनी के प्रयासों को तब स्वीकार किया गया जब टीटीटीआई के उसके कौशल चैंपियनों में से एक, विश्व कौशल प्रतियोगिता 2022 में मेक्ट्रोनिक्स कांस्य पदक विजेता, श्री अखिलेश नरसिम्हामूर्ति को भारत के प्रधान मंत्री, माननीय श्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। टी-टीईपी साल भर चलने वाला एक कार्यक्रम है। इसमें ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) शामिल है। इसे अंतिम वर्ष के आईटीआई/डिप्लोमा छात्रों के लिए उनके पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। इस कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं टोयोटा द्वारा संस्थान के टी-टीईपी के प्रमुख प्रशिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण, बेहतर रोजगार के लिए व्यावहारिक कौशल के लिए टोयोटा डीलरशिप पर ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण (ओजेटी), और उन्नत प्रौद्योगिकी के ज्ञान को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया पाठ्यक्रम है ताकि भारतीय ऑटो उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। टी-टीईपी के माध्यम से, अब तक, टीकेएम 26 राज्यों में 64 आईटीआई/डिप्लोमा संस्थानों से जुड़ा हुआ है। अब तक 12,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 70त्न से अधिक छात्र देश भर में विभिन्न ऑटोमोबाइल कंपनियों और उनके संबंधित डीलरशिप में काम कर रहे हैं। इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, अरुण कुमार यादव, प्रिंसिपल, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, करौंदी, वाराणसी ने कहा, ऑटो उद्योग में बढ़ती प्रौद्योगिकी प्रगति और मोटराइजेशन में अभूतपूर्व वृद्धि के साथ ग्राहकों की सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाओं की उम्मीद है।

एलजी में गहराया संपत्ति विवाद

नई दिल्ली। दुनिया की जानी-मानी कंपनी और दक्षिण कोरियाई समूह एलजी के चेयरमैन कू बॉन-मू का निधन 2018 में हुआ था। उस समय कम से कम सार्वजनिक रूप से ऐसा कोई अंदेशा नहीं था कि कंपनी में आगे चलकर संपत्ति के बंटवारे पर विवाद शुरू हो जाएगा। दस अरब डॉलर के समूह की पुरुषप्रधान परंपराओं को चुनौती देते हुए पूर्व चेयरमैन की विधवा और बेटियों ने उनके गोद लिए हुए बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है। एलजी एक 10 अरब डॉलर का कॉरपोरेट साम्राज्य है जो पुरुष प्रधानता के सिद्धांत पर शासित है। इसका उत्तराधिकार प्रभावी रूप से 14 साल पहले तय किया गया था जब कंपनी के तत्कालीन चेयरमैन कू और उनकी पत्नी ने अपने सबसे बड़े भतीजे, कू क्वांग-मो को गोद लिया था। 1994 में दंपति के किशोर बेटे की मृत्यु के बाद परंपरा के कारण गोद लेने का यह फैसला लिया गया था, क्योंकि उन्हें सिर्फ बेटी थी।

कू परिवार ने 1947 में एलजी की स्थापना के समय से इसे नियंत्रित किया है। कू क्वांग-मो फिलहाल कंपनी के चेयरमैन हैं। कंपनी में कू क्वांग-मो की ताजपोशी सहज लग रही थी लेकिन अब इसके कारण परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर है। क्योंकि उनकी मां और बहनों ने ही उनपर धोखा देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया है। पूर्व अध्यक्ष कू बॉन-मू का 73 वर्ष की आयु में बिना किसी वसीयत के निधन हो गया। इसके बाद कू परिवार और एलजी के बीच उनकी अनुमानित 1.5 अरब डॉलर की संपत्ति की विरासत को लेकर सत्ता संघर्ष शुरू हो गया, जिसमें कंपनी में उनकी 11 फीसदी हिस्सेदारी भी शामिल है। अब, पांच साल बाद, पूर्व अध्यक्ष की विधवा और दो बेटियों ने कू क्वांग-मो पर मुकदमा दायर किया है, जिसमें उन पर और एलजी के अन्य अधिकारियों पर कंपनी में अपने दावे को मजबूत करने और उनकी सही विरासत चुराने के लिए धोखा देने का आरोप लगाया गया है। महिलाओं ने कहा कि वे अपनी पूरी विरासत चाहती हैं, लेकिन वे एलजी का नियंत्रण नहीं मांग रही हैं।

श्रीलंका में जारी आर्थिक सुधारों से विश्व बैंक संतुष्ट, 25 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त को मंजूरी

नई दिल्ली। विश्व बैंक ने श्रीलंका में जारी सुधार कार्यक्रम में लगातार संतोषजनक प्रगति का हवाला देते हुए बुधवार को नकदी संकट से जूझ रहे देश को 25 करोड़ डॉलर की दूसरी किस्त जारी करने का एलान कर दिया। विश्व बैंक के इस कदम से देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

विश्व बैंक ने 50 करोड़ डॉलर की बजटीय सहायता का वादा किया था और नकदी संकट से जूझ रहे श्रीलंका को जून में अपनी पहली किस्त जारी की थी। श्रीलंका पर कुल 46.9 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है।

विश्व बैंक की विज्ञप्ति की विज्ञप्ति के अनुसार, ÷सुधार कार्यक्रम के साथ सरकार द्वारा की गई निरंतर संतोषजनक प्रगति को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका को यह मदद लचीलापन, स्थिरता और आर्थिक बदलाव (रीसेट) विकास नीति संचालन (डीपीओ) के रूप में दी जानी जाने वाली सुविधा के माध्यम से दी गई है।÷

सरकार को बजटीय सहायता प्रदान करने वाले रीसेट डीपीओ को मूल रूप से इस साल जून में मंजूरी दी गई थी। बता दें कि श्रीलंका 2022 में इतिहास के सबसे खराब आर्थिक संकट के दौर से गुजरा जब इसका विदेशी मुद्रा भंडार एक महत्वपूर्ण निचले स्तर पर गिर गया और जनता ईंधन, उर्वरकों और आवश्यक वस्तुओं की कमी का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतर आई थी।

प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग उत्तर प्रदेश को एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान हेतु तैयार

लखनऊ। प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग सतही स्तर पर सामाजिक आर्थिक विकास के साथ स्वरोजगार और कौशल विकास के अवसर पैदा करने की अपनी निहित क्षमताओं के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्धारित रोडमैप के अनुरूप राज्य को वर्ष 2027 तक एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान करने के लिये तैयार है। देश् में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग क्षेत्र की कम्पनियों की शीर्ष संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) ने बुधवार को यहां आयोजित एक समारोह में यह घोषणा की। एसोसिएशन ने कहा कि यह उद्योग विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, व्यक्तियों, स्थानीय कारीगरों और छोटे कारोबारियों को बिना बिचौलियों के उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने के लिए एक मंच भी प्रदान करता है जो राज्य सरकार के उक्त लक्ष्य की रूपरेखा के अनुरूप है। आईडीएसए के अनुसार, वर्ष 2021-22 के आंकड़ों में आधार पर प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग 1926 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ उत्तरी राज्यों में लगातार शीर्ष स्थान पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद तीसरे सबसे बड़े बाजार के पायदान पर है। उद्योग ने राज्य में 17.1 लाख से अधिक लोगों को स्वरोजगार और आजीविका के अवसर प्रदान किये हैं जिनमें 7.5 लाख से अधिक महिलाएं हैं। आईडीएसए ने कहा कि राज्य में प्रत्यक्ष बिकी कारोबार आठ प्रतिशत से अधिक की सालाना विकास दर से बढ़ रहा है तथा इस आधार पर चालू वित्त वर्ष में इसके 2300 करोड़ रुपये को पार करने जाने के प्रबल आसार हैं। उद्योग जहां करों के माध्यम से राज्य के खजाने में लगभग 290 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान करता है वहीं जबकि 19,030 करोड़ रूपये के कुल राष्ट्रीय प्रत्यक्ष बिक्री में इसकी हिस्सेदारी 10% से अधिक है। समारोह में उपस्थित उत्तर प्रदेश के उपभोक्ता मामलों के विभाग के मंत्री आशीष पटेल ने अपने सम्बोधन में देश और राज्य के विकास में उद्योग के सतत योगदान की सराहना की। उन्होंने उद्योग को राज्य में अपनी उत्पादन इकाईयां और भंडारण सुविधाएं स्थापित करने में अधिकाधिक निवेश के लिए आमंत्रित किया और राज्य सरकार की ओर से इसमें हरसम्भव सहयोग मुहैया कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने आईडीएसए को यह भी आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम 2021 में परिकल्पित निगरानी समिति के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाएगी।

आईडीएसए के अध्यक्ष विवेक कटोच ने देश में प्रत्यक्ष बिक्री परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा ÷उत्तर प्रदेश प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के लिये प्रमुख और प्राथमिकता वाले बाजारों में से एक है। आठ प्रतिशत से अधिक की विकास दर स्पष्ट रूप से यह दर्शाती है कि राज्य में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग नये आयाम छूने के लिये तेयार है और इसमें प्रत्यक्ष विक्रेताओं की अथक मेहनत की पुष्टि भी होती है। उन्होंने कहा कि इस उद्योग ने देश में लगभग 84 लाख लोगों के लिये स्थायी स्वरोजगार और सूक्ष्म उद्यमिता के अवसर प्रदान किये हैं और इसे गत चार वर्षों की अवधि में लगभग 13 प्रतिशत की औसतन सीएजीआर के साथ लगातार और निरंतर विकास किया है।

आयुर्वेद से किडनी फेल, लिवर फेल, कैंसर और हार्ट प्रॉब्लम का सफल इलाज हिम्स में है संभवः आचार्य मनीष

लखनऊ। किडनी फेल, लिवर फेल, कैंसर और हार्ट प्रॉब्लम का सफल इलाज आयुर्वेद से पूरी तरह संभव है। यह बातें हिम्स के डॉक्टर ने 20 दिसंबर 2023 को हिम्स लखनऊ में एक प्रेस कांफ्रेंस में कहीं।

हिम्स आयुर्वेद के संस्थापक आचार्य मनीष आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर सक्रिय हैं और लोगों को अपनी पुरानी विरासत से जागरूक कर निरोग काया का मंत्र दे रहे है। हिम्स लखनऊ में की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि हिम्स में शरीर की अंदरूनी शक्ति बढ़ाकर किडनी, कैंसर, लिवर, शुगर, बीपी और दिल के रोगों को रिवर्स करने पर जोर दिया जाता है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर अभिषेक शिवहरे भी शामिल थे। संबोधन के अवसर पर डॉक्टर अभिषेक ने कहा, विभिन्न अस्पतालों में बहुत समय और पैसा खर्च करने के बाद विभिन्न डायलिसिस रोगी हमारे अस्पताल में आते हैं। हिम्स में हमारी टीम उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करती है और हमने अपने कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगियों को कुछ महीनों के भीतर ही पूरी तरह से ठीक किया है।÷ योग और मेडिटेशन गुरु और हिम्स के संस्थापक आचार्य मनीष ने कहा, हिम्स में, हमारा लक्ष्य किसी भी बीमारी के मूल कारण का पता लगाना है। इसके लिए हम विशेष तौर पर इंटीग्रेटेड विज्ञान का इस्तेमाल करके किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी का इलाज कर सकते है। न जाने कितने ही किडनी, लीवर, हार्ट और कैंसर के मरीजों के लिए हमारा आयुर्वेदिक इलाज उनके जीवन में आशा की किरण बनकर आया है। हमारे पास कई ऐसे मरीज भी आये है जो कि ठीक होने की उम्मीद पूरी तरह से खो चुके थे परन्तु आज बिल्कुल स्वस्थ है। हिम्स में आयुर्वेद, एलोपैथी, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा, होम्योपैथी आदि जैसे विज्ञानों का उपयोग करके रोगों का इलाज किया जाता है। यहां बाजरा और जड़ी-बूटियों से बना भोजन रोगियों को उनके सही इलाज और स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रदान किया जाता है। हिम्स पोस्ट्यूरल थेरेपी का उपयोग भी करता है जो डायलिसिस को 70% तक रोक सकता है।

रीजेंसी हेल्थकेयर ने न्यूरो नेविगेशन गाइडेड ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में जीरो एरर प्रिसीजन रिकॉर्ड स्थापित किया



कानपुर। चिकित्सा के क्षेत्र में एक शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए रीजेंसी हेल्थकेयर ने सफलतापूर्वक न्यूरो नेविगेशन गाइडेड ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी की है। इस सर्जरी की सफलता अत्याधुनिक तकनीक और न्यूरोसर्जिकल इंटरवेंशंस में सटीकता के प्रति रीजेंसी हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह केस एक 50 वर्षीय महिला का था जिसके बाएं मस्तिष्क में एक बड़ा मास (द्रव्यमान) आ गया था, जिसके लिए इस मुश्किल सर्जरी को करने की जरूरत पड़ी। रीजेंसी हेल्थकेयर के न्यूरोसर्जनों ने बेहतरीन परिणामों के साथ न्यूनतम इनवेसिव टेक्नीक्स (आक्रामक तकनीकों) का इस्तेमाल किया। न्यूरोनेविगेशन तकनीक द्वारा हुई सर्जरी में जीरो एरर (शून्य त्रुटियां) हुआ इस वजह से हाई प्रीसिजन संभव हुआ, बेहतर लोकलाइजेशन हुआ और आखिरकार ब्रेन ट्यूमर को पूरी तरह से निकाल दिया गया। रीजेंसी हेल्थकेयर के प्रमुख न्यूरोसर्जन डॉ अभिजीत सिंह सचान ने कहा, ÷न्यूरोनेविगेशन के उपयोग ने हमारे न्यूरोसर्जिकल प्रक्रियाओं के दृष्टिकोण और संचालन के तरीके में क्रांति ला दी है। न्यूरोनेविगेशन से सटीकता बढ़ती है, सामान्य संरचनाओं को कम नुकसान होता है, और सर्जरी के सफल और सुरक्षित होने की सम्भावना कई गुना बढ़ती है। यह तकनीक उन सर्जरी में विशेष रूप से काफी उपयोगी होती है जहां मिलीमीटर प्रिसिजन महत्वपूर्ण होती है, जैसे कि जटिल ब्रेन ट्यूमर रिसेक्शन और स्कल बेस इंटरवेंशन में यह तकनीक बहुत कारगर साबित होती है।÷

आपको बता दें कि न्यूरोनेविगेशन एक कंप्यूटर-असिस्टेड टेक्नोलॉजी है जो इंफ्रारेड किरणों से चलने वाली तक्र- सिस्टम की तरह काम करती है। यह न्यूरोसर्जनों को सर्जरी के दौरान मरीज के मस्तिष्क या रीढ़ की हड्डी की शारीरिक रचना का वास्तविक समय में विज्युअल यानी देखने की सुविधा प्रदान करता है। इस बेहतरीन टेक्नोलॉजी की मदद से धमनियों और तंत्रिकाओं जैसी महत्वपूर्ण संरचनात्मक संरचनाओं के सटीक लोकलाइजेशन (स्थानीयकरण) की सहूलियत मिलती है क्योंकि सीधे माइक्रोस्कोप से ये संरचनाएं नहीं दिखाई देती हैं।

न्यूरोसर्जन कंसल्टेंट डॉ. जयंत वर्मा ने न्यूरोसर्जिकल प्रक्रियाओं में न्यूरोनेविगेशन के बेहतरीन लाभ पर बात करते हुए कहा, ÷न्यूरोनेविगेशन से होने वाली ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में हाल में मिली सफलता हमारी उत्कृष्टता में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। न्यूरोनेविगेशन पेंचीदा केस में एक मार्गदर्शक बीकन के रूप में कार्य करता है। यह तकनीक मस्तिष्क की हमारी सटीकता को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाती है। यह उपलब्धि न केवल प्रमुख टेक्नोलॉजी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पर्सनालाइज्ड, मरीज-केंद्रित देखभाल के प्रति हमारे समर्पण को भी बयान करती है। एक्सपर्टीज के साथ इनोवेशन को अच्छे से इंटीग्रेट करके, हम संभावनाओं को फिर से परिभाषित करना जारी रखे हुए हैं और न्यूरोसर्जिकल सर्जरियों में नए स्टैण्डर्ड स्थापित कर रहे हैं।÷

न्यूरोनेविगेशन के उपयोग के फायदे बहुत सारे हैं। इस तरह की टेक्नोलॉजी से रीजेंसी हेल्थकेयर में न्यूरोसर्जरी से गुजरने वाले मरीजों को कई लाभ मिलते हैं। यह टेक्नोलॉजी न केवल सर्जरी की सटीकता और प्रभावकारिता को बढ़ाती है, बल्कि सामान्य संरचनाओं को होने वाले नुकसान को भी कम करती है, और सर्जरी में लगने वाले समय को

भी कम करती है, और छोटी ओपनिंग के माध्यम से ऑपरेशन की सुविधा देती है, जिससे घाव में संक्रमण की सम्भावना कम हो जाती है। इसके अलावा इससे मरीजों को कम दर्द और घाव का अनुभव होता है, जिससे अस्पताल में कम समय तक रहना पड़ता है और सेहत अच्छी होती है।

रीजेंसी हेल्थकेयर का न्यूरोसर्जिकल सर्जरियों में न्यूरोनेविगेशन का सफल तरीके से कार्यान्वयन अपने मरीजों के लाभ के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि इनोवेशन, सटीकता और मरीज-केंद्रित देखभाल पर ध्यान देने के साथ विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए रीजेंसी हेल्थकेयर के समर्पण को भी दर्शाती है।

जिम्मेदारो ने खामोशी से एक अस्पताल को हमेशा के लिए कर दिया खामोश

बंद हो गया कालरा अस्पताल के रूप में प्रसिद्ध संक्रामक रोग चिकित्सालय

मनव्वर रिज़वी

संक्रामक रोग चिकित्सालय गोरखपुर

गोरखपुर। कागजों में भले ही उसकी चंद सांसें बची हों लेकिन हकीकत ये है कि उसका गला घोंट दिया गया है। हम बात कर रहे हैं गोरखपुर जिले के सबसे पुराने अस्पतालों में से एक संक्रामक रोग चिकित्सालय की। 1937 में अस्तित्व में आया ये अस्पताल कोल्ड डायरिया, डायरिया या कालरा के रोगियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं था। इस अस्पताल के रख रखाव से लेकर कर्मचारियों और दवाओं की सारी व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जाती थी सिर्फ डॉक्टर की तैनाती सीएमओ द्वारा होती थी।

बात करें तो कागजों में कहीं भी इस अड़पताल को बंद करने का आदेश किसी अधिकारी द्वारा नही दिया गया और यही वजह है कि आज भी यहां एक फार्मासिस्ट के अलावा वार्ड बॉय, दाई, स्पीपर और गार्ड को मिलाकर कुल 6 कर्मचारी तैनात हैं। कोविड काल में यहां अंतिम डॉक्टर के रूप में डॉ एकबाल अहमद अंसारी ने अपनी सेवाएं दी थी। वह सिर्फ दो माह यहां रहे इसके बाद उनका स्थानांतरण भदोही हो गया और फिर कभी इस अस्पताल में किसी डॉक्टर की तैनाती नही की गई। आंकड़ों की बात करें तो 2017 में 1733 मरीज, 2018 में 1573 मरीज़, 2019 में 2170 मरीज़ और 2020 में जब कोरोना काल शुरू हुआ था तब 716 मरीजों का इलाज यहां किया गया था। इस सम्बंध इन नगर आयुक्त का पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नही हो सकी। वहीं अस्पताल के बंद हो जाने के सवाल पर सीएमओ आशुतोष पाण्डेय का कहना है कि सामने ही जिला अस्पताल की इमरजेंसी है, 25 अस्पताल चलने का कोई मतलब नही है। फिलहाल हमारे पास कोई डॉक्टर नही है, जब डॉक्टर उपलब्ध हो जाएगा तब अस्पताल को चला देंगें। यहां ये बताना जरूरी है कि गर्मियों के दिन में जब मरीजों की तादाद अचानक से बढ़ जाती है तब डायरिया के मरीजों के लिए ये अस्पताल किसी वरदान की तरह हो जाता है। यहां मरीज भर्ती करने के लिए वार्ड बने हैं । अस्पताल में फर्श पर टाइल्स लगी है और बेहद साफ सुथरा नज़र आता है लेकिन अब तस्वीर बदल गई है पहले जहां वार्डों में मरीजों की भर्ती होती थी अब वहां चुना मैलाथान और अन्य सफाई से जुड़ी चीजो को रखने वाला स्टोर बन गया है। बहरहाल एक तरफ सरकार जहां नए अस्पताल को खोलने की क़वायद कर रही है तो वहीं सरकार के मुखिया के अपने शहर में बेहद खामोशी के साथ एक अस्पताल को हमेशा के लिए खमोश कर दिया गया।

- सीएमओ ने नहीं तैनात किया कोई डॉक्टर जबकि नगर निगम के छह कर्मचारी अभी भी हैं तैनात

जरा याद करो कुर्बानी काव्य संगम व गोष्ठी में खूब हुई मुल्क के शहीदों का गुणगान

भाटपार रानी, देवरिया। मंगलवार को भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के पड़री बाजार में देश के महान सपूत व काकोरी कांड के नायकों पण्डित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक उल्ला खान, ठाकुर रौशन सिंह,राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी की शहादत दिवस के मौके पर जरा याद करो कुर्बानी काव्य संगम व गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस दौरान तमाम रचनाकरों ने अपनी रचनाएं पेश की। वहीं तमाम विचारकों ने अपने विचार रखे। इस दौरान मुल्क के अमर शहीदों का खूब गुणगान हुआ। कार्यक्रम में कवि व शायर मक़सूद अहमद भोपतपुरी ने अपनी रचना-मजबूत बनाओ प्यार भाईचारा, वतनपरस्ती और अच्छी आदत को, जिंदगी में कभी न भूलना वीर सपूतों की शहादत को पेश कर शहीदों की वीर गाथाओं को रेखांकित किया। कवि रविन्द्र सिंह, दिनेश सिंह मामा, डॉ वेदप्रकाश तिवारी, पण्डित मधुसूदन द्विवेदी मृदुल, छोटेलाल कुशवाहा, मु मुस्ताक, इं प्रमोद चौधरी, कुमारी अंजलि, शमीम, मु सगीर, लोकगायक सुबाष यादव, पंकज निराला आदि ने अपना गीत व काव्य प्रस्तुत किया।

जनपद में प्रथम स्थान के लिए कसया अधीक्षक हुए सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

कसया सीएचसी अधीक्षक को सम्मानित करते सीएमओ

कुशीनगर। सीएमओ सभागार में सक्रिय टीबी खोज अभियान में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जनपद में प्रथम स्थान के लिए कसया अधीक्षक को सीएमओ ने सम्मानित किया। विदित हो कि जनपद में 23 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक चले सक्रिय टीबी खोज अभियान में बेहतर कार्य के वजह से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद में टीयू कसया प्रथम स्थान, पड़रौना द्वितीय स्थान एवं फाजिलनगर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उक्त टीयू के अधीक्षक सहित एसटीएस, एसटीएलएस एवं एलटी को सीएमओ एवं डीटीओ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सीएमओ डॉ एस के पटारिया ने कहा कि यह अत्यंत ही गर्व की बात है कि आप सभी के बेहतर कार्य से जनपद गौरवान्वित हुआ है इसके लिये मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूँ। उन्होंने कहा कि जब आप अच्छा कार्य करते है तो उसके परिणाम भी सुखद आते है। प्रदेश में प्रथम स्थान आने के बाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि हम इस निरंतरता को हमेशा बनाये रखे। उन्होंने कहा कि आप सभी मिलकर जनपद के नोटिफिकेशन एवं पीटीईआर को और बढ़ाये। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि कार्यक्रम में जनपद की सभी टीमों का कार्य अच्छा रहा परन्तु उसमें भी सबसे अच्छा कार्य करने वाली कसया,पड़रौना एवं फाजिलनगर टीम का विशेष योगदान रहा। उन्होंने ने कहा कि जनपद के सभी टीयू पर कार्यरत चिकित्सक,टीबी के पर्यवेक्षक बेहतर कार्य कर टीबी के सभी इंडिकेटर को बढ़ाने का प्रयास करे। सम्मानित होने वालों में कसया के अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी, फाजिलनगर के प्रभारी डॉ हेमन्त नायक, एसटीएस शाहिद अंसारी, विवेक यादव, आदित्य तिवारी एसटीएल एस आशुतोष कुमार मिश्र, विशाल जयसवाल, सत्येंद्र पाण्डेय, एलटी विजयकृष्ण द्विवेदी, विनोद वर्मा, अनुराग कुशवाहा, दीपक दुबे, कमरुल अंसारी आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का संचालन डीसीपीएम आनन्द त्रिपाठी एवं आगन्तुको के प्रति आभार जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र ने व्यक्त किया।

दिव्यांगों के साथ चेयरमैन ने मनाया जन्मदिन

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। बिटिया के जन्मदिन की खुशी को मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ मना कर नगर पंचायत बड़हलगंज की चेयरमैन प्रीति उमर और उनके पति भाजपा नेता महेश उमर ने समाज को एक नई दिशा देने के पहल का अभिनव प्रयास किया। बुधवार को नगर पंचायत बड़हलगंज की अध्यक्ष प्रीति उमर की छोटी पुत्री आकांक्षा उमर का जन्मदिवस, लक्ष्मी सर्व विकलांग सेवा संस्थान के संरक्षण में पल रहे मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया। अपने पति महेश उमर के साथ दिव्यांग केंद्र पहुची चेयरमैन प्रीति उमर ने दिव्यांग बच्चों में चॉकलेट, ब्रेड, मिष्ठान्न और अन्य उपहारों को वितरित किया। जिन्हें पाकर समाज की उपेक्षा के शिकार दिव्यांग बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के चेहरे पर मुस्कान सबसे बड़ी खुशी का अहसास देता हैद्ध संस्था के प्रबंधक देवराज सिंह, प्रधानचार्य सुमन यादव, सहायिका किरन, यास्मीन, अंजली, व हुमदा के साथ नगर पंचायत कर्मी, मनोज निगम, विकाश गौड़, उमेश यादव, हिमांशू गौड़, प्रकान्त उमर, रचित उमर आदि मौजूद थे।

आईटीएम के शुभम पांडेय ने मैराथन में जीता पदक

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम पाण्डेय ने गोरखपुर विश्वविद्यालय मे आयोजित मैराथन प्रतियोगिता मे टीम मैनेजर ए के सिन्हा के नेतृत्व मे तीन अलग अलग श्रेणियों मे पदक प्राप्त कर अपने परिवार के साथ साथ संस्थान का नाम रोशन किया। इस सफलता पर बधाई देते होते संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने कहा कि कोशिश करने से ही सफलता प्राप्त होती हैं, यदि हम लगातार प्रयास करते रहेंगे तो कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नही हैं। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष निकुंज मातनहेलिया, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने छात्र के इस सफलता पर बधाई दिया।

गुरू के लंगर पाकर निहाल हुई सिक्ख संगत

अमेठी अवधनामा संवाददाता। नगर स्थित रेलवे स्टेशन पर बुधवार को श्री पटना साहिब रेलयात्रियों के लंगर शुरू की गई। गुरु के लंगर पाकर ट्रेन से जा रही सिक्ख संगत निहाल हो गई। रेलवे स्टेशन पर खुशी का माहौल दिखाई पड़ा। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से श्री पटना साहिब जाने वाले रेल यात्रियों के लिए लंगर का वितरण बुधवार से शुरू हो गया है।समिति के सेवादारों ने बाबा मनोहर सिंह के साथ पंजाब मेल ट्रेन से पटना साहिब जा रहे यात्रियों को लंगर बांटे। भाजपा नेत्री व कोवर बोर्ड भारत सरकार की सदस्य रश्मि सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में लंगर वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। नगर के चाणक्यपुरी स्थित लंगर स्थल पर बाबा मनोहर सिंह ने स्वयं सेवादारों के साथ लंगर तैयार किया। उसके बाद रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों को लंगर वितरित किए और चाय पिलाई। इस मौके पर आरपीएफ के शिवसागर सिंह विजय गुप्ता डा धनंजय सिंह संजीव भारती सरदार हरवंश सिंह सदाशिव पांडेय सुनील त्रिपाठी राम फल फौजी धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय आनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में इच्छुक अर्ह वर्ग के मतदाता कर सकतें है प्रतिभाग

देवरिया अवधनामा संवाददाता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि युवा मतदाताओं को पंजीकरण हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के युवा एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता 08 दिसम्बर 2023 से प्रारम्भ की गई है। नैतिक मतदान, केवाईसी, सी-विजिल, वीएसए एवं सक्षम ऐप की उपयोगिता, मतदान क्यों तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाना विषयक आयोजित राज्य स्तरीय आनलाइन पोस्टर/स्लोगन प्रतियोगिता में इच्छुक अर्ह वर्ग के मतदाता 08 जनवरी 2024 तक प्रतिभाग कर सकते हैं। पुरस्कार की घोषणा 20 जनवरी 2024 को की जायेगी। प्रतियोगिता का लिंक तथा क्यू आर कोड मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सोशल मीडिया हैण्डल्स फेसबुक, ट्वीटर व इंस्टाग्राम पर उपलब्ध है। पुरस्कार हेतु ऐसे युवा व दिव्यांग मतदाता ही पात्र होंगे जिनका नाम 05 जनवरी 2024 को प्रकाशित अन्तिम मतदाता सूची में दर्ज होगा।

पुरातन छात्र सम्मेलन में पहुंचे बीएसए, छात्रों व अभिभावकों के कार्य देख की सराहना

अवधनामा संवाददाता

अभिभावकों को सम्मानित करते बीएसए

- फर्द मुंडेरा स्थित संविलियन विद्यालय में आयोजित था पुरातन छात्र सम्मेलन

मथौली बाजार, कुशीनगर। विकास खंड मोतीचक के संविलियन विद्यालय फर्द मुंडेरा में पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राम जियावन मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी मोतीचक जयप्रकाश मौर्य सम्मिलित हुए। पुरातन छात्रों के सम्मान में विद्यालय के छात्र, छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान से हुई तथा पुरातन छात्रों ने मिलकर विद्यालय को चार स्मार्ट टीवी विद्यालय को स्मार्ट बनाने तथा स्मार्ट क्लास संचालित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवती प्रसाद तथा उनके स्टाफ को दान स्वरुप भेंट की जिसमें से एक स्मार्ट टीवी पुरातन छात्र प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र साहनी ने भेंट की तथा एक सीलिंग फैन मुन्ना सिंह एनपीआरसी पुरैनी ने भेंट किया। विद्यालय के अभिभावकों ने विद्यालय को स्मार्ट बनाने के लिए दिल खोलकर जन सहयोग किया जिससे चार स्मार्ट टीवी खरीदी गई जिसमें पूर्व प्रधान गोपाल मिश्रा, पूर्व बीडीसी दिलीप सिंह, कोटेदार लाल बचन चौहान, डॉ रवीश सिंह सावित्री हॉस्पिटल तितला, डॉ राम भवन, महेश सिंह, छोटे लाल कुशवाहा आदि अभिभावकों ने विशेष जन सहयोग किया।

विद्यालय के स्टाफ ने पुरातन छात्रों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुशीनगर राम जियावन मौर्य के शुभ हाथों से एक सॉल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित कराया और बीएसए सर ने स्मार्ट क्लास का रिबन काट कर उद्घाटन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राम जियावन मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी मोतीचक, डीसी ट्रेनर सत्येंद्र मौर्य, हरेंद्र, जूनियर शिक्षक संघ कुशीनगर के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह तथा अभिभावकों ने खूब सराहना की।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राम जियावन मौर्य के सम्बोधन को अभिभावकों ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना, उन्होंने कहा मैंने जिले भर के विद्यालयों का भ्रमण किया परन्तु यहां 200 से अधिक अभिभावक देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई। यह सुनकर अभिभावकों ने खूब खूब तालियां बजाई। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के स्टाफ और अभिभावकों की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन रामवीर सिंह सहायक अध्यापक ने किया।

कार्यदाई संस्था निर्माण कार्य में गुणवत्ता का दे विशेष ध्यान: डीएम

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में 50 लाख के ऊपर लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं को लेकर समीक्षा किया। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य हेतु धनराशि प्राप्त हो गई है उन परियोजनाओं का कार्य निश्चित समय अवधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने तथा गुणवत्तापूर्ण एवं समय के अंदर कार्य पूर्ण किए जाएं उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं से संबंधित निर्माण कार्यो की समीक्षा की तथा समय से काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा मानक विहीन व अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। जिन कार्यो को पूर्ण कराने में बजट की आवश्यकता हो उसके लिए शीघ्र अतिशीघ्र प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजे जिससे कि कार्य में बाधा न उत्पन्न हो व निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके।

नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन कल

अमेठी। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बताया कि जिला विज्ञान क्लब अमेठी द्वारा असंगठित क्षेत्र के नवप्रवर्तकों हेतु जिला स्तरीय नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौरीगंज में 22 दिसंबर को किया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले असंगठित क्षेत्र के प्रवर्तकों हेतु प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले कारीगर मजदूरों को क्रमशः रुपए 8000, 5000, 3000 तथा 2000 के पांच सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नव प्रवर्तक ऐसे वर्ग से आते हैं जिनका शैक्षिक स्तर बहुत अधिक नहीं होता है अधिकांशतः नव प्रवर्तन अभावों और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए अथवा अपने काम को सही तरीके से करने के लिए कोई नवीनतम आविष्कार को जन्म देते हैं और यह अन्वेषण नवप्रवर्तन कहलाता है अधिकतर नव प्रवर्तक किसान मैकेनिक मजदूर या शिल्पकार आदि होते हैं इस प्रकार के नव प्रवर्तकों को मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता परिषद द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है: जयनाथ कुशवाहा

सलेमपुर अवधनामा संवाददाता। विधानसभा सलेमपुर के जमसड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ को उन लोगों तक पहुंचाना है, जो पीछे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने समस्त योजनाओं का जिक्र किया जिसमें स्वच्छ भारत मिशन कि सुविधाएं, आवश्यक वित्त पोषण सुविधाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेय जल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन सहित अटल पेंशन आदि योजनाओं से वंचित पात्र लाभार्थियों को जोड़ते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सहसंयोजक बलबीर सिंह दादा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक ले जाने के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा है। हमारी कोशिश यह होनी चाहिए कि हर नागरिक तक हमारी योजनाओं की जानकारी पहुंचे और लोगों को बताए कि जो सरकार ने वादा किया है वो गारंटी के साथ पूरा किया और करेगी। कार्यक्रम का संचालन बृजेश धर दूबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से त्रिपुणायक विश्वकर्मा, अजय दूबे वत्स, देवेन्द्र सिंह राजू, भूपेन्द्र, घनश्याम कुशवाहा, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

किसान दिवस का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में गांधी सभागार, विकास भवन में किसान दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, देवरिया ने गत माह आयोजित किसान दिवस की बैठक में 03 शिकायतें प्राप्त हुई थीं जिसका अनुपालन कराकर बैठक में अनुपालन आख्या से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया।

किसान दिवस की बैठक में बड़े शाही, जिला अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन द्वारा पीएम-किसान की समस्या उठायी गयी कि अभी कुल कितने किसान ऐसे हैं जो पीएम-किसान योजना के लाभ से वंचित हैं जिस पर उप कृषि निदेशक द्वारा किसान भाईयों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के अन्तर्गत अभी भी लगभग 53000 कृषक हैं जिनका ई0के0वाई0सी0, खाता आधार से लिंक न होने एवं लैण्ड सीडिंग न होने के कारण रूका हुआ है। इसके अतिरिक्त कृषकों द्वारा जनपद में यूरिया की उपलब्धता के बारे में जानकारी चाही गयी जिस पर उप कृषि निदेशक, देवरिया द्वारा बताया गया कि जनपद में 34800 मी0टन यूरिया उपलब्ध है। जिला उद्यान अधिकारी ने किसान दिवस की बैठक में विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत ड्रिप स्प्रिंकलर पर 90 प्रतिशत तक का अनुदान है। आर0के0वी0वाई योजना में बागवानी (आम, अमरूद, केला एवं पपीता) की खेती पर 50 प्रतिशत का अनुदान है। इसके अलावा साक-भाजी की खेती पर 40 प्रतिशत का अनुदान देय है। इसी तरह से अनु0जन जाति के लिए साक-भाजी की खेती पर 75 प्रतिशत अनुदान देने की योजना है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने किसान दिवस की बैठक में विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सभी किसान पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका रोग का टीकाकरण अनिवार्य रूप से करायें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में सभी कृषकों को आश्वासन दिलाया कि बैठक में जिस-जिस बिन्दुओं पर समस्यायें उठायी गयी है उसका अगली बैठक से पूर्व अनुपालन करा लिया जायेगा। बैठक में किसानों द्वारा उर्वरक विकेताओं द्वारा उर्वरकों पर अधिक दाम लेकर बेचने की शिकायत की गयी जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक/जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उर्वरक विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी कर दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करें।

जहां दूसरों की उम्मीद खत्म होती है, वहां मोदी की गारंटी शुरू होती है: संदीप सिंह

अवधनामा संवाददाता

पुरैनी प्रधान पूनम देवी को स्वच्छता के लिए सम्मानित करते मुख्य अतिथि

नारायनपुर चरगहा में लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड देते मुख्य अतिथि

मथौली बाजार, कुशीनगर। विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार वाहन बुधवार को विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत नरायनपुर चरगहा व पुरैनी में पहुंचा जहां प्रधान व सचिव द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हाटा के पूर्व विधायक पवन केडिया ने कहा कि मोदी व योगी सरकार की हर योजना गारंटी के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ मिले। पुरैनी में मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि मोतीचक संदीप कुमार सिंह ने कहा कि जहां अंतिम व्यक्ति की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं वहां से पीएम मोदी व सीएम योगी की गारंटी योजना शुरू होती है। उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी गाड़ी देश के हर कोने तक पहुंच रही है। कार्यक्रम संयोजक भाजपा नेता संजय सिंह मुन्ना ने योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। नरायनपुर चरगहा में कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक अनिल दुबे जबकि अध्यक्षता प्रधान गंगा मद्धेशिया ने किया। पुरैनी में कार्यक्रम का संचालन अध्यापक पवन जबकि अध्यक्षता प्रधान पूनम देवी ने किया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। इस मौके पर बीडीओ फूलचंद सरोज, एडीओ पंचायत अनवारूल सिद्दीकी, एडीओ एजी प्रमोद कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, ज्ञानचंद कुंवर, प्रधानपति छोटेलाल कुशवाहा, प्रधानाचार्य मुन्ना सिंह आकाश जायसवाल, सचिव अशोक सिंह, ज्योति बर्नवाल, अमित कनौजिया, अखिलेश सिंह, बुन्ना प्रसाद, सुनील सिंह, जयगोपाल राजभर, राजेश, पारसनाथ कुशवाहा, अखिलेश यादव, रामानंद, रमेश गौंड, धर्मेंद्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

तमकुहीराज एसडीएम के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

- हाईकोर्ट प्रयागराज ने सीजेएम कुशीनगर को एसडीएम के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी करने का दिया आदेश
- उच्च न्यायालय में अपना पक्ष नहीं रखने के मामले में एसडीएम के खिलाफ हुई कारवाई

कुशीनगर। उच्च न्यायालय प्रयागराज ने कुशीनगर सीजेएम को जिले के तमकुहीराज के एसडीएम विकास चंद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का निर्देश दिया है। कहना ना होगा कि तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के बांसगांव में हुए अतिक्रमण को हटाने के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं करने व न्यायालय में अपना पक्ष नहीं रखने के मामले में एसडीएम के खिलाफ यह कारवाई हुई है। गौरतलब है कि तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के बांसगांव में स्थित भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन एसडीएम तमकुहीराज द्वारा नहीं करने को उच्च न्यायालय ने इसे कोर्ट का अवमानना माना है। पिछले 13 दिसम्बर को उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए एसडीएम तमकुहीराज विकास चंद्र की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए 14 दिसंबर को एसडीएम के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का दोषी मानते हुए सीजेएम कुशीनगर को गैर जमानती वारंट जारी करने व आगामी 8 फरवरी को उच्च न्यायालय के समक्ष उपस्थित करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के इस सख्त निर्देश के बाद तमकुहीराज तहसील प्रशासन में खलबली मची हुई है। एसडीएम विकास चंद्र का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है। उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया जा रहा है।

संत नारबर्ट स्कूल में हुआ सर्व धर्म पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

सभी धर्मो द्वारा मानवता के लिए दिए गए संदेश को प्रतिनिधियों ने किया साझा

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद के संत नारबर्ट स्कूल के ऑडिटोरियम में आज डायोसोशियन सोशल वर्क सोसाइटी लखनऊ द्वारा कैरिटास ऑफ इंडिया के सहयोग से संवाद परियोजना के अंतर्गत जिला बहराइच में सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फादर प्रकाश सौरांग ने की इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि फादर रोनाल्ड डिसूजा रहे। इस दौरान सभी धर्मो के प्रतिनिधियों ने अपने अपने धर्मों द्वारा इंसानियत के लिए दिए गए संदेश को एक दूसरे के साथ साझा किए। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नारबर्ट स्कूल में कार्यक्रम संवाद के अवसर पर अपने संबोधन में सिक्ख धर्म की तरह से मंदीप सिंह वालिया मुस्लिम की तरह से मौलाना अबुल हसन फैजी हिंदू धर्म से लक्ष्मण प्रेमी जैन धर्म से डॉ. डिम्पल जैन तथा ईसाई धर्म द्वारा मानवता के लिए दिए गए संदेश को इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फादर रोनाल्ड डिसूजा ने बहुत ही अच्छे अंदाज में लोगो के समक्ष प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपसी प्रेम शांति सहयोग और सौहार्द की भावना को प्रेषित करके आपसी प्रेमभावना भाईचारे की भावना को समाज में जनकल्याण के उत्थान के लिए कार्य कर सकें इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जन तक ऐसा संदेश दे सके। जिससे समाज के सभी समुदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के आपस में मिल जुलकर रहे और भारत की संप्रभुता अखंडता और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा प्रभावी रूप से बनी रहे। इस कार्यक्रम में संवाद परियोजना की समन्वयक रजनी सुनीता मसीह हसीना बानो और राहुल कुमार का पूर्ण सहयोग रहा। साथ ही साथ में नानपारा में चल रहे उन्नति परियोजना के कर्मचारी फादर आसित मिंज कादिर अली सहित ग्राम प्रधानों सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

धर्म के आधार पर नाम ईश्वर ने नहीं मनुष्यों ने दिए है: फादर रोनाल्ड डिसूजा

जनपद के संत नारबर्ट स्कूल में सर्व धर्म सम्मेलन के दौरान सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित कार्यक्रम संवाद में मुख्य अतिथि फादर रोनाल्ड डिसूजा ने कहा कि धर्म के आधार पर नाम ईश्वर नहीं बल्कि मनुष्य देता है वो किसी से भेदभाव जाने की शिक्षा नही देता बल्कि ईश्वर खुद इंसान का रूप धारण करके हमेशा इंसानियत की रक्षा करते हुए लोगो को अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा दी है। जो संसार में आया है उसे एक दिन संसार को छोड़कर जाना होगा जो जैसा कर्म करेगा कयामत के दिन उसका हिसाब होगा अच्छे और बुरे लोग अलग अलग लाइनों में दिखाई देंगे जो संसार में जैसा कर्म करेगा उसको वैसा ही फल मिलेगा इसलिए दुनिया की मोहमाया को छोड़कर इंसानियत की सेवा करके ईश्वर को प्रसन्न करने वाला कार्य करके इस समाज से उस ईश्वरीय समाज के लिए अपने आपको बेहतर इंसान बनाए इसी का संदेश हमारी बाइबिल और हमारा धर्म शिक्षा देता है। प्यार सेवा शांति क्षमा और न्याय प्रभु ईसा मसीह का मुख्य संदेश है आज हमलोग एक बेहतर समाज राज्य और संसार बनाने का संकल्प लेकर लोगो को मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करने का संकल्प लें।

जियो और जीने दो की शिक्षा देता है जैन धर्म: डॉ. डिम्पल जैन

बहराइच। जनपद के संत नारबर्ट स्कूल में सर्व धर्म सम्मेलन के दौरान सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित कार्यक्रम संवाद में जैन धर्म का प्रीतिनिधित्व कर रही डॉ. डिम्पल जैन ने कहा कि जैन धर्म जियो और जीने दो की शिक्षा देता है कभी भी किसी से क्रोध और ईर्ष्या न करने के साथ मानव की सहायता करने का पाठ पढ़ाता है आज साइंस की बात लोग कर रहे हैं मगर जैन धर्म मुख्य तीन बातों को सदियों से समझा रहा है पानी को छानकर पीना सूर्यास्त के बाद भोजन न करना जैसे मुख्य संदेशों को दे रहा है हिंसा से नहीं अहिंसा से देश का कल्याण होगा इसका सबसे ज्यादा ख्याल जैन धर्मगुरु रखते हैं जो दिगंबर अवस्था में अपने जीवन का यापन करते हैं किसी भी जीव जंतु को नुकसान न होने पाए इसीलिए पैदल यात्रा करके अपने बालो को किसी भी चीज से काटकर नही बल्कि अपने केशो को अपने हाथो से उखाड़ते है। खाने के लिए बर्तनों का उपयोग नही करते हुए अपने हाथो में भोजन लेकर खाते हैं वो भी चौबीस घंटे में सिर्फ एक बार खाना और पानी साथ लेते हैं कितनी भी सर्दी हो या गर्मी दोबारा भोजन पानी न लेकर अपनी आत्मशक्ति का उदाहरण पेश करते हैं।

सिक्ख का असली मतलब शिष्य होता है: मंदीप सिंह वालिया

बहराइच। जनपद के संत नारबर्ट स्कूल में सर्व धर्म सम्मेलन के दौरान सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित कार्यक्रम संवाद में सिक्ख धर्म का प्रीतिनिधित्व कर रहे सरदार संदीप सिंह वालिया ने कहा कि सिक्ख का असली मतलब शिष्य होता है मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना इसको जीवन का आदर्श मानते हुए सिक्ख समाज सभी धर्मों की इज्जत करने के साथ साथ लोगो की सेवा करने का संदेश देता है जिसका उदाहरण हैं हमारे गुरुद्वारे जहां चलने वाले लंगरों में किसी का धर्म पूछकर भोजन नहीं दिया जाता आज भी दूर दराज से आने वाले लोगो के लिए यहां पर निशुल्क रोकने की व्यवस्था चल रही है जहां कानून व्यवस्था के दृष्टिगत केवल आधार कार्ड देखा है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगो द्वारा किए गए इस पहल से हमे एक साथ सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर सभी धर्मों के मानवता के लिए दिए गए संदेशों को जानने समझने का मौका मिला।

किसी भी गरीब की ठंड की वजह से मृत्यु ना हो या हमारा लक्ष्य है

कड़ाके की ठंड में शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पहुंचाया गया जरुरतमंदों को कंबल खाना पानी गर्म कपड़े।

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। शीतलहरी व सर्द हवाओ कड़कती ठंड को देखते हुए अस्पताल रोड गोलाघाट दीवानी चौराहा पंत स्टेडियम जिला हॉस्पिटल आदि जगहों पर मंगलवार देर रात ठंड से परेशान गरीब असहाय निर्धन लोगों को शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर असोसिशन ने देर रात इन जगहों पर सोए हुए लोगों के बीच पहुंच कंबल खाना पानी गर्म कपड़े वितरण किया ठंड से कपकपा रहे लोगों को जब रात में अचानक ये सारी चीजे मिली तो ये लोग खुश हो गए और संस्था के लोगों को बहुत सारी दुआ भी लोगो ने दिया इसी तरीके से संस्था ने यह फैसला किया है की मुसलसल एक महीने इसी तरीके देर रात निकाल कर तमाम इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद किया जाएगा। एसोसिएशन के लोगों ने कंबल वितरण कर खुले आसमान के नीचे रात गुजारने गरीबों को यह एहसास दिलाया कि समाज में मानवता खत्म नहीं हुई है। ये जानकारी शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिलशाद हुसैन ने दी।

डीआईओएस कार्यालय से अधिकारी गायब, अध्यापक धरने पर

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। तदर्थ शिक्षक संयुक्त मोर्चा के द्वारा 17 माह के वेतन भुगतान के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सुल्तानपुर में क्रमिक अनशन का पांचवा दिन चल रहा है। जिला विद्यालय निरीक्षक सुल्तानपुर का कार्यालय खुला हुआ है किंतु कार्यालय का जिम्मेदार अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर और लेखाधिकारी अमित मिश्रा अपने कार्यालय के कर्मचारियों के साथ सुबह से ही गायब हैं। बताते चले कि दिनांक 16.12.2023 को एडीएम प्रशासन पंकज कुमार सिंह ने तदर्थ शिक्षक संयुक्त मोर्चा को आश्वासन दिया था की सोमवार को जिला भी जिला विद्यालय निरीक्षक और सीडीओ साहब की वार्ता की बाद वेतन निर्गत कर दिया जाएगा। तदर्थ शिक्षक संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधि सोमवार को विकास भवन में उपस्थित हुआ और सीडीओ सुलतानपुर द्वारा स्पष्ट कहा गया था की जिलाधिकारी के द्वारा शाम तक अपर मुख्य सचिव माध्यमिक से वार्ता करके भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभी तक प्रदेश के कई जनपदों में तदर्थ शिक्षकों के अवशेष का भुगतान कर दिया गया किंतु सुल्तानपुर जनपद में 17माह का अवशेष वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिसके बाद तदर्थ शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा निर्णय लिया गया कि शासनादेश के अनुसार शिक्षकों का अवशेष वेतन भुगतान तत्काल न किए जाने के कारण अनवरत धरना चलता रहेगा। शासन के पत्र दिनांक09.11.2023 के पृष्ठ 05 पर स्पष्ट किया है कि जिनका विनियमितिकारण नहीं किया गया है शासन ने इनकी सेवा समाप्त किए जाने का निर्णय लिया है। शासनादेश के इस आदेश को डीआईओएस महोदय द्वारा तत्काल क्रियान्वित करते हुए दिनांक 10.12.2023 को पत्र जारी कर दिया जाता है कि तदर्थ नियुक्तियों को समाप्त करने का निर्णय लिया जाता है। किंतु शासनादेश का अगला पैरा तदर्थ शिक्षकों में से वैसे तथा शिक्षक जिनका वेतन भुगतान मा सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में योजित सिविल अपील संख्या 8300/2016 संजय सिंह व अन्य नाम उत्तर प्रदेश राज्य सरकार व अन्य में पारित आदेश दिनांक 26.8.2020 तक होता रहा है एवं उक्त आदेश दिनांक 26.8.2020 कारण प्रभावित अथवा अवरुद्ध हुआ है के अवशेष वेतन का भुगतान शासनादेश निर्गत होने की तिथि तक किए जाने की स्वीकृति एतद द्वारा इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि उक्त तिथि तक उनके द्वारा की गई तदर्थ सेवाएं सभी तत्वों से प्रमाणित व सत्यापित हों।

झांसी मण्डल का प्रथम ललितपुर स्टेशन महोत्सव संपन्न

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। ललितपुर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें ललितपुर रेलवे स्टेशन का इतिहास तथा अमृत भारत योजना में चयनित रेलवे स्टेशन ललितपुर के सर्वागींण विकास के साथ स्टेशन के पुर्ननिर्माण योजना की विस्तृत प्रदर्शनी लगायी गयी। साथ ही स्टेशन महोत्सव मनाकर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रेल परिवार द्वारा किया गया। इस दौरान मां सरस्वती ज्ञान मंदिर इण्टर कॉलेज आजादपुरा तथा रामरतन विद्या मंदिर के बालक-बालिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत, सरस्वती वन्दना और अन्य मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। यह झांसी मण्डल का प्रथम महोत्सव है। इस महोत्सव में राज्यमंत्री मनोहरलाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, मण्डल कार्यालय झांसी से अपर मण्डल रेल प्रंधक आर.डी.मौर्या, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक शशिकांत त्रिपाठी, रेलवे बल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण, मनोज कुमार पीआरओ तथा डा.प्रदीप तिवारी जेड.आर.यू.सी.सी. सदस्य, कमलदीप सिंह भांवरा, अमित संज्ञा, जनसंपर्क निरीक्षक प्रदीप सुड़ेले, मु.वरि.निरी.राघवेन्द्र कुशवाहा, आशीष शर्मा, संजय सोनकर, सोम तिवारी मौजूद रहे। नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन रजनीश श्रीवास्तव एण्ड पार्टी द्वारा किया गया। स्टेशन प्रबंधक डी.के.चतुर्वेदी, परिवहन निरीक्षक पीयूष प्रसाद, उप स्टेशन अधीक्षक शान्तनु पुरोहित, शिवशंकर सैनी, अशोक कुमार की भूमिका कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण रही। अंत में वरिष्ठ मण्डल परिवहन प्रबंधक ने सभी का आभार जताया।

परीक्षा शुल्क व आनलाइन फार्म भरने की तिथि में हुआ संशोधन

बहराइच। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने बताया कि उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फारसी/अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) की वार्षिक परीक्षा 2024 हेतु आनलाइन फार्म एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथियों में संशोधन कर दिया गया है। संशोधित तिथि के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्रों के शुल्क जमा किये जाने की अन्तिम तिथि 23 दिसम्बर एवं परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन किये जाने की अन्तिम तिथि 24 दिसम्बर 2023 निर्धारित है। श्री मिश्र ने जिले के समस्त अनुदानित, आलिया, उच्च आलिया मदरसों के प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य को तदनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है।

किसानों को वितरित किये गये एचडीपीआई पाइप

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। केन्द्रीय भण्डार लघु सिंचाई विभाग में राज्यमंत्री मनोहरलाल एवं सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में ब्लास्ट कूप के लाभार्थियों को डीजल पम्प सेट एवं एच.डी.पी.ई. पाईप, गहरे नलकूप के लाभार्थियों को एच.डी.पी.आई. पाइप का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र एवं जनपद के लिए लागू की गयी सिंचाई योजनाओं की जानकारी देते हुये इससे लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने भी विभागीय कार्यो की सराहना की। मौके पर अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई इंजी. नैय्यर आलम व वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र नारायण शर्मा ने भी अपने संबोधन में विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक अभियंता इंजी. शाश्वत राज, पवन कुमार, अवर अभियंता शिवमोहन रिछारिया, अरूण कुमार, आर.पी शर्मा, वीनेश, ज्ञानेन्द्र, जिनेश निरंजन, सुनील शर्मा, सोनू कुमार के अलावा अनेकों लाभार्थी किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्यामदास सेन ने व आभार अवर अभियंता लघु सिंचाई शिवमोहन रिछारिया ने व्यक्त किया।

रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा क्षय रोगियों को बांटे कंबल

ललितपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन जिला क्षय रोग चिकित्सालय में किया गया जिसमें समिति द्वारा क्षय रोगियों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन सचिव डा.एस.पी.पाठक ने करते हुए कहा कि गरीब मरीजों को ठंड के समय कंबल वितरण करना एक पुनीत कार्य है। हम सभी को मानव सेवा के कार्यो में सदैव आगे रहकर अपनी भूमिका निभाना चाहिए। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आर.एन. सोनी, डा.जे.एस.बक्शी, डा.एस.पी. पाठक, अनिल जैन, राजेश लिटौरिया, डा.अक्षय टडैया, डा.राजेश शर्मा, डा.मनवीर सिंह तोमर, रजनीश चड्ढा, अजय बरया, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.शशांक पाठक, डा.विकास श्रीवास्तव, पवन रिछारिया, मनोज गुप्ता, राकेश कुमार, केशव किशोर, मुकेश, नवीन सोनी उपस्थित रहे। वितरण कार्यक्रम में बुंदेलखंड एकीकरण समिति का विशेष योगदान रहा। अंत में सभी का आभार जिला प्रभारी अजय बरया द्वारा व्यक्त किया गया।

रेलवे पेंशनर्स एसोशियेशन का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

शतायु पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त स्टेशन प्रबंधक का मनाया जन्म दिवस

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। रेलवे पेन्शनर्स एसोशियेशन संघ का वार्षिक अधिवेशन एसोशियेशन अध्यक्ष यू.एस.शर्मा की अध्यक्षता व संस्था संरक्षक डी.पी.मिश्रा, अवध बिहारी उपाध्याय, रमाकान्त तिवारी और सौ वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सेवानिवृत्त स्टेशन प्रबंधक आर.डी.गुप्ता के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम रामदयाल रायकवार पेंटर, मथुरा प्रसाद ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की संगीतमय वन्दना की। सचिव एम.पी. अग्निहोत्री द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी, जिसमें इस वर्ष 55 नये सदस्यों को जोडने का कार्य किया गया। कोषाध्यक्ष रमेश कुमार झां ने वर्षभर का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। संस्था द्वारा सेवानिवृत्त साथियों की लंबित समस्याओं का समाधान कराया, जिसमें उम्मीद कार्ड, बैंक सम्बन्धित समस्या एवं अन्य कार्मिक समस्याओं का निराकरण समय पर कराया जायेगा।

अधिवेशन में सभी का परम सौभाग्य रहा कि 100 वां जन्म दिवस मनाने वाले आर.डी.गुप्ता सेवानिवृत्त स्टेशन प्रबंधक पूर्ण रूप से स्वस्थ्य रहते हुये अधिवेशन में सहभागिता की। सेवानिवृत्त के 10-15 वर्ष पूर्ण करने वाले साथियों का भी सम्मान किया गया। सभी नये सदस्यों का मंच से परिचय कराते हुये सम्मानित किया गया। अधिवेशन में ललितपुर के अलावा बीना, झांसी, तालबेहट, बबीना के लगभग 250 सदस्य उपस्थित हुये। संचालन श्रेयांस चंद्र जैन ने व आभार श्रीराम सेन ने व्यक्त किया। इस मौके पर एस.के.सिन्हा, एम.एल.रावत, प्रीतम सिंह, पी.एन.स्वर्णकार, एन.के.बिलगैंया, हीरालाल सेन, भूपसिंह राजा, शिवशंकर पुरोहित, बालसिंह बुन्देला, हरिचंद्र यादव, सत्तार खां, सुनील सोलोमन, पी.पी.मसीह, देशपत दरौनिया, रघुनाथ यादव, मजबूत सिंह, किरन बाई, मुन्नीदेवी, कृपाराम पाल, मजीद खां आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन पर असुविधाओं का अम्बार

डीआरएम को ज्ञापन सौंपकर उठायी समस्या निस्तारण की मांग

ललितपुर। रेलवे स्टेशन पर पसरी अव्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को नागरिक विकास मोर्चा ने एक ज्ञापन मण्डल रेल प्रबंधक को सौंपा है। ज्ञापन में नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने बताया कि ललितपुर जंक्शन पर टिक्ट घर के सामने रास्ता एक वर्ष से बंद है, जो खोला जाये, स्टेशन पर यात्रियों को 200 मीटर का चक्कर लगाकर स्वचालित सीढियों पर आना पडता है, जिसमें कई यात्रियों की ट्रेन निकल जाती है। स्टेशन के पीछे से टिकट घर से होते हुये रेलवे क्रासिंग तक डाली गई सडक 4 माह में क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिसकी जांच करायी जाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये एवं ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाये। इसके अलावा प्लेटफॉर्म 1 पर कोई शौचालय नहीं है व प्लेटफार्म पर यात्री खुले में बाथरूम करने में मजबूर है। प्लेटफार्म 1 को पुल से टिकट घर का बढ़ाया जाये। प्लेटफार्म 1 पर खाली होने पर भी ट्रेने 2 और 3 प्लेटफॉर्म पर आ रही है, जिसकी कई बार शिकायत की गयी, जिसमें वृद्ध और विकलांग यात्री काफी परेशान है। पेयजल के लिये लगे नलों में टोंटियां काफी खराब है, जिसके प्रेसर से यात्रियों के कपडे खराव हो जाते है। टिकट घर का साईड बोर्ड टिकट घर पर लगाया जाये। इन समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग उन्होंने उठायी। इस दौरान अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, विजय तिवारी, महेन्द्र पनारी, शशिकांत तिवारी, प्रेम शंकर गुप्ता, गोविन्द व्यास, शिवांश तिवारी, महेन्द्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

छेड़खानी पर न्यायालय ने सुनाई तीन साल कैद

सुलतानपुर। बालिका को बाग में लें जाकर अश्लीलता करने वाले को पॉक्सो कोर्ट ने तीन साल कैद की सजा सुनाई है। घटना दस साल पहले कुड़वार क्षेत्र में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक सीएल उपाध्याय ने बताया कि घटना की एफआईआर 9 वर्षीय पीड़िता ने ही 17 जुलाई 2013 को कुड़वार थाने में लिखाई थी। उसके अनुसार वह अनुसूचित जाति की है, उसके पिता कोलकाता में नौकरी करते थे। माँ के कहने पर 3 जुलाई 2017 को वह बकरी चराने गांव के बाहर खेत में गई थी। शाम करीब पांच बजे धर्मेश तिवारी आये और उसके साथ छेड़खानी करने लगे। मना करने पर अश्लील हरकते करते हुए धमकी दिया को जो कर रहा हूं करने दो नहीं तो जान से मार दूंगा। पीड़िता ने जोर से गुहार लगा दी तभी पड़ोस की एक महिला आ गई तो वह भाग गया. वह पहले डर के मारे चुप रही बाद में हिम्मत करके रिपोर्ट लिखाया। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट छेड़खानी पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र न्यायालय भेजा.मुकदमा चला तो पांच गवाह न्यायालय में परीक्षित कराएं गये। साक्ष्यों के आधार पर जज पवन कुमार शर्मा ने दोषी ठहराते हुए कैद के साथ छ हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है।

सड़क जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में न्यायालय में नही तय हुए आरोप

सुलतानपुर। पूर्व विधायक व कांग्रेस जिलाध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमे में मंगलवार को कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। एमपीएमएलए जज एकता वर्मा ने आरोप तय करने के लिए अगली तिथि नियत कर दी है।विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने बताया कि चार साल पहले लखनऊ बलिया मार्ग पर बीए की एक छात्रा पूनम श्रीवास्तव की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जिसके विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व पूर्व विधायक राम चंद्र चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ो लोगो ने मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया था. पुलिस ने मार्ग अवरुद्ध कर शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में एफआईआर लिख लिया था। न्यायालय में दोनों नेताओं के साथ तेरह और लोगो के विरुद्ध आरोप पत्र आया है। इसके दस आरोपियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी जिसके निर्देश पर यहाँ डिस्चार्ज प्रार्थना पत्र देकर मुक्ति का आदेश पारित करने की मांग की थी जो निरस्त होने के बाद मंगलवार को आरोप तय किये जाने थे।

सघन चेकिंग अभियान चलाकर किया गया जागरूक

सुलतानपुर। असरोगा उपखंड के बिजली कर्मचारियों द्वारा बकाया बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया।बंधुआ कला, पुरानी संगत, डिहवा में सघन चेकिंग अभियान चलाकर बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। जूनियर इंजीनियर रंजीत यादव ने बताया की 20 दिसंबर को बंधुआ कला डिहवा पर बिल वसूली व गड़बड़ियों के संशोधन के लिए कैम्प लगाया जायेगा। बकायेदार एकमुश्त समाधान के तहत बिल के अधिभार में छूट का लाभ पा सकते हैं।यह योजना सीमित अवधि के लिए है।मौके पर टीजीटू रंजीत कुमार, लाइनमैन राम केवल, सुलेमान, राम ललन यादव उर्फ ननकऊ आदि मौजूद रहे।

अधिवक्ता की मोटरसाइकिल चोरी

सुल्तानपुर। जिला एवं सत्र न्यायालय सुल्तानपुर के बाहर मोटरसाइकिल चोरी होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन दीवानी न्यायालय परिसर के बाहर खड़ी बाइकों की चोरी होने की सूचना मिलती रहती है। दिनांक 19 दिसंबर 2023 दिन मंगलवार को दीवानी न्यायालय में आए अधिवक्ता अंशुमान मिश्रा प्रेस क्लब के पास अपनी बाइक यूपी 44 डब्लू 2521 खड़ी करके दीवानी में मुकदमों की पैरवी के लिए गए हुए थे। दीवानी न्यायालय से कार्य समाप्त कर जब वह बाहर आए तो मोटरसाइकिल न पाकर दंग रह गए। काफी खोजबीन के पश्चात जब बाइक का पता नहीं चला तो थक हारकर अधिवक्ता अंशुमान ने बाइक चोरी होने की तहरीर नगर कोतवाली में दी। नगर कोतवाली से बाइक के चोरी होने की सूचना सीताकुंड पुलिस चौकी को दी गई, जहां चौकी इंचार्ज ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। बाइक का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए प्रयासरत है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

रोडवेज के परिचालक ने किया आत्महत्या का प्रयास

सुल्तानपुर। प्रिंस कौशल नामक परिचालक ने बस स्टेशन परिसर में फांसी लगाने का प्रयास किया।परिसर में मौजूद सहयोगी साथियों ने उसे किसी तरह बचाया ।आनन फानन में उच्चाधिकारी पहुंचे ।पता चला है कि बीते दो महीने से उसे वेतन नहीं मिला था। इस बीच बिना टिकट के मामले में उस पर कार्रवाई की तलवार भी लटक रही थी । उसने खुद को बेकसूर बताते हुए कहा कि मामले की पूरी जांच हो तो साफ हो जाएगा दूध का दूध और पानी का पानी। उसने बताया कि हमारे परिवार के पालन के लिए संकट उत्पन्न हो गया है।

चालको एवं परिचालको के लिए आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

बहराइच। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओ.पी. सिंह ने बताया कि जनपद में 15 से 31 दिसम्बर 2023 तक संचालित द्वितीय सडक सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत भिनगा प्राइवेट बस स्टैण्ड पर संचालित चालक/परिचालक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर के दौरान 56 चालक/परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों के पालन किये जाने हेतु शपथ दिलाई गयी। श्री सिंह ने बताया कि विभागीय प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा विभिन्न मार्गो पर संचालित किये गये चेकिंग अभियान के दौरान रांग साईड ड्राइव के लिए 40 वाहनों, का रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने के 12 ट्रैक्टर ट्राला, बिना हेलमेट के राइडिंग व सीटबेल्ट के बगैर चार पहिया वाहन चलाने पर 56 वाहनों का चालान किया गया तथा बिना फिटनेस व बिना कर जमा संचालित एम्बुलेंस का चालान कर उन्हें पुलिस की सुपुर्दगी में करने की कार्यवाही की गई। प्रवर्तन की कार्यवाही में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राजीव कुमार, यात्री/मालकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, भिंगा प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी एवं प्रवर्तन दल में आरक्षी मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान योजनाओं का हुआ प्रचार प्रसार

बहराइच। योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत मंगलवार को विकास खण्ड बलहा की ग्राम पंचायत तुलसीपुर व परसाअगैय्या, रिसिया की अलीनगर खुर्द व केवलपुर, शिवपुर की बिटनिया व खैराकला व विशेश्वरगंज की रनियापुर गोबरिहा व गनेशपुर में शिविर का आयोजन कर बड़ी संख्या में आये हुए ग्रामवासियों को लाभान्वित किया

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या :
NER-BSB-SNT-GS-OT-10-2023

मंडल रेल प्रबंधक/सिग एवं दूरसंचार/गति-शक्ति/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली ई-निविदा" आमंत्रित की जाती हैं।

क्रमांक : 1, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम :** NER-BSB-SNT-GS-OT-10-2023 : **कार्य का नाम :** सिधवलिया में माल साइडिंग की व्यवस्था के लिए यातायात सुविधा कार्य के संबंध में सिगनलिंग कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 56,89,870.81, **बयाना की राशि :** रु. 1,13,800.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत :** रु. 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 16.01.2024 को 15:00 बजे।

1. ई-निविदा दिनांक 16.01.2024 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मंडल रेल प्रबंधक/सिग एवं दूरसंचार/गतिशक्ति/
मुजाधि/सिगनल-88 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

छात्र-छात्राओं को बांटे गये स्मार्टफोन

अवधनामा संवाददाता

- टैबलेट से छात्र-छात्राएं ऑनलाइन क्लास के द्वारा उत्तम शिक्षा ग्रहण करें: कुलदीप निषाद
- डिजिटली रूप से दक्ष होकर समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे: प्राचार्या डॉ. शीराज खान

हमीरपुर। प्रदेश के युवाओं की तकनीकी दक्षता हेतु उ.प्र. शासन की फ्री टैबलेट / स्मार्टफोन योजना के अन्तर्गत आज जिले के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा हमीरपुर में स्नातक छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गये। स्मार्टफोन वितरण कार्यकम के मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद उपस्थित रहे। अपने सम्बोधन में कुलदीप निषाद ने कहा कि वास्तव में यह एक स्वर्णिम युग है। आज के इस तकनीकी युग में स्मार्टफोन / टैबलेट वह साधन है जिसके माध्यम से छात्र-छात्राएं ऑनलाइन क्लास के द्वारा उत्तम शिक्षा ग्रहण कर सकते है, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकतें है व अपने रोजगार से सम्बन्धित सूचनाएं भी प्राप्त कर सकतें है। उन्होने साथ ही यह भी बताया कि किसी भी माध्यम के दो पहलू हो सकते है- उसका सकारात्मक पक्ष व नकारात्मक पक्ष। उन्होने छात्रो को स्मार्टफोन के सदुपयोग करने व इसके सकारात्मक पक्ष को ग्रहण करने पर बल दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ शीराज खान ने अपने उदबोधन में बताया कि आज महाविद्यालय में शासन की योजना से लगभग 400 विद्यार्थी लाभान्वित होगें।

विद्यार्थी डिजिटली रूप से दक्ष होकर समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डा. ज्ञानेन्द्र सिंह व डा. सुजीत कुमार सिंह ने इस योजना को छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्थशास्त्र विभाग की असि प्रो.-डा. शिल्पी राय ने किया। इस अवसर पर डा. आलोक कुमार, डा. आनन्द कुमार, डा. देवेश कुमार यादव, डा. बृजेश कुमार, डा. मनीष कुमार तथा अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। यह कार्यकम महाविद्यालय के स्मार्टक्लास रूम में आयोजित किया गया।

हरे पेड़ काटने के साथ मिट्टी ले जाने की शिकायत एसपी से

हमीरपुर। ललपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कलौलीजार निवासी प्रियंका पुत्री लालदीवान ने पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि निजी भूमि पर लगे आम, बेरी, बबूल आदि हरे भरे पेड़ों को गांव के ही झल्लू यादव, विपिन यादव आदि दबंग लोगों ने जबरन रात्रि में जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदवाकर प्लॉट की मिट्टी अपने प्लॉट में डलवा ली। सूचना मिलते ही 112 को फोन किया था लेकिन डायल 112 के आने से पहले ही जेसीबी मशीन वहां से जा चुकी थी, हालांकि इसकी शिकायत ललपुरा थाना में की थी लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी दबंगो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर दबंगो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जनपदीय सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जनपद में संचालित विभिन्न अल्ट्रासाउंड सेंटर के संचालन एवं नवीनीकरण आदि के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने नियमानुसार जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर का नियमित रूप से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी केंद्र नियमानुसार चल रहे हैं। किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर में भ्रूण का लिंग परीक्षण किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए ।उन्होंने कहा कि जो भी अल्ट्रासाउंड सेंटर नियमों के अनुरूप नही चल रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में सर्वे कर अवैध/ फर्जी डायग्नोस सेंटर /पैथोलॉजी /नर्सिंग होम आदि को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने वाले ऐसे सभी फर्जी /अवैध डायग्नोज/ पैथोलॉजी सेंटर पर कार्रवाई की जाए जो मानक एवं नियमों के अनुरूप नहीं है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ गीतम सिंह ,सीएमएस महिला अस्पताल ,सीएमएस पुरुष अस्पताल जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल, जलीश खान तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

रिवर रैचिंग: चेयरमैन ने सोन नदी में छोड़ी मछलियां

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/चोपन। स्थानीय सोन नदी के तट पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत एक विशेष गतिविधि शुरू की गई थी। जिससे सोन नदी में मछली उत्पादन को विस्तार, गहराई, विविधता व पानी का उपयोग करके बढ़ाया जा सके। जिसे देखते हुये बुधवार को सोन नदी में रिवर रैंचिग कार्यक्रम का मत्स्य विभाग की ओर से आयोजन किया गया। जहां नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने कार्यकर्ताओं के साथ एक लाख दस हजार मछलियों को सोन नदी में प्रवाहित किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा रिवर रैंचिंग का कार्य किया जा रहा है। सोन नदी में जो उनकी अपनी प्रजातियां हैं रोहू, कतला, मृगल की जातियां कम हो रही हैं। उनकी समृद्धि के लिए यह कार्यक्रम किया गया है। इससे नदी की सफाई भी होती है और मछुवारों की आय भी होता है। प्रदेश महासचिव दयाशंकर निषाद व जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद ने कार्यक्रम में मौजूद मछुआरों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सोन नदी की जैव विविधता को बनाए रखने एवं मछुआरों के बेहतर जीविकोपार्जन को उचित दिशा देना हैं। कार्यक्रम में नगर के रहने वाले लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रदेश सचिव संतोष साहनी, डॉ विजय साहनी, मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक पारस सिंह, फूलचंद चौधरी, प्रदीप साहनी, मुनेश निषाद, छोटेलाल साहनी, अशोक निषाद, रामभजन निषाद, जितेंद्र बैसवार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

तीन दिवसीय खेल कूद कार्यक्रम का शुभारम्भ

दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह ने किया

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। सुमेरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कुंडौरा में निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर हमीरपुर में खेल-कूद का तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष / प्रधान ग्राम प्रतिनिधि कुण्डौरा अरविन्द प्रताप सिंह के द्वारा किया गयाः जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद, शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद, विजय कुमार, अनिल कुमार मौर्य, कु0 गीता, नरेन्द्र कुमार याज्ञनिक, मनोज कुमार पाण्डेय, आराधना सिंह, प्रीती कुमारी एवं कर्मचारी दीप अग्रवाल, जगदीश, अमर त्रिपाठी, दिनेश, अमित आदि उपस्थित रहें। आज के खेल कार्यक्रम में लम्बी कूद, ऊँचीकूद, त्रिकूद, चक्का फेक, गोला फेक, भाला फेक एवं 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0 एवं 800 मी0 दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए।खेल जूनियर ग्रुप सीनियर ग्रुप लम्बी कूद ऊँची कूद हर्षित, प्रथम विकास, प्रथम ओमजी, द्वितीय प्रमोद, द्वितीय दीपक, तृतीय धनन्जय प्रताप, तृतीय हर्षित, प्रथम दीपक, प्रथम निर्भय सिंह, द्वितीय कपिल, द्वितीय अमन, तृतीय प्रमोद, तृतीय गोला फेक अमन, प्रथम विकास कुमार, प्रथम हदेश, द्वितीय बसन्त राजपूत, द्वितीय हर्षित, तृतीय अम्बुज, तृतीय चक्का फेक 4 अमन, प्रथम देवशरण, प्रथम हर्षित, द्वितीय कमल, द्वितीय दीपक, तृतीय विकास, तृतीय प्राथमिक प्रधानाचार्य राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय दरियापुर हमीरपुर।

प्रशासनिक अधिकारियों ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण

बांदा। डीएम के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट विजय शंकर तिवारी और तहसीलदार सदर समेत सीओ ने तहसील सदर में रैन बसेरा और रोडवेज तथा हरदौली रैन बसेरा का निरीक्षण किया। रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया, ताकि गरीब ओर बेसहारा लोगों को ठंड के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में रुकने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पेयजल आपूर्ति, गैस व रजाई सोने के लिए की व्यवस्था की गई है। हरदौली रैन बसेरा में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ बेड, गद्दा, रजाई, कंबल आदि सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति जिसके पास आवास की सुविधा न हो, सर्दी को देखते हुए खुले आसमान के नीचे न रहें, रैन बसेरा में आकर निवास करें। सदर बसेरा में तहसीलदार सदर मोबाइल नंबर 9454415977 तथा हरदौली के बसेरा के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद 8189078207 से संपर्क कर किसी भी समस्या होने पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

संक्षिप्त समाचार

दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

मौदहा हमीरपुर। कस्बे के जिला ग्राम्य विकास संस्थान में दो दिवसीय आवासीय वाटर शेड प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया जिसके बाद प्रशिक्षण संस्थान की ओर से सभी प्रशिक्षु को बधाई दी गई। कस्बे के स्टेशन रोड स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में वाटर शेड कमेटी प्रयोक्ता का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया।जिसका संचालक दो दिवसों के चार सत्रों में किया गया।प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जल संरक्षण और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना,प्रयोक्ता समूहों, स्वयं सहायता समूहों और कृषि विविधता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इस दौरान सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशिक्षक ओपी प्रजापति,मास्टर ट्रेनर रामसागर सिंह,विनोद, अमध सिंह पटेल,कल्पना वर्मा, धीरेन्द्र कुमार आदि ने प्रशिक्षण दिया।

राम मंदिर में मूर्ति स्थापित होने पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

मौदहा हमीरपुर। जनवरी महीने में अयोध्या में राममंदिर निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही रामलला विराजमान होंगे जिसकों लेकर बीजेपी नेताओं ने एक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों से विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। नये साल की बाईस जनवरी को अयोध्या में बन रहे भब्य राममंदिर में मूर्ति स्थापित होने के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें देशभर से तमाम वीआईपी सहित लाखों लोग अयोध्या जाएंगे।उसी को लेकर कस्बे में एक जागरूकता अभियान निकालकर पीले चावल दिए गए और इस दौरान होने वाले तमाम कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की गई इस दौरान बीजेपी के सैकड़ों महिला पुरुष नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

नवनिर्मित अधिवक्ता/वादकारी विश्रामालय का लोकार्पण

सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो। बुधवार को कचहरी परिसर में नवनिर्मित अधिवक्ता/वादकारी विश्रामालय का लोकार्पण . जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी की उपस्थिति में सोनभद्र बार अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक की अध्यक्षता, व उपाध्यक्ष अनिल द्विवेदी (गिरजाशंकर) एड. तथा महामंत्री आनंद मिश्रा एड. के संचालन में किया गया लोकार्पण के उपरांत मा. जनपद न्यायाधीश महोदय के विदाई सभा का आयोजन किया गया, वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा जनपद न्यायाधीश को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह देकर किया गया जिसमें सदर विधायक .भूपेश चौबे ,नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद , सम्पूर्ण कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अनिल द्विवेदी(गिरजाशंकर),संजय पाण्डेय, दीपक केशरी,प्रदीप पाण्डेय, मनोज मिश्रा, गीता गौर रामचंद्र मिश्रा, कृपा नारायण मिश्रा, गीता गौर,बी. सिंह, अरुण प्रताप सिंह, मानिंद त्रिपाठी, पवन शर्मा, मनोज मिश्र, गोविंद मिश्रा, त्रिपुरारि मिश्रा, आदि उपस्थित रहें।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

बांदा। एक सप्ताह पूर्व घर जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए वृद्ध की मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान कल शाम मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के गुढ़ाकलां के मजरा भुसराहट निवासी श्रीपाल (68) पुत्र मंगी पिछले मंगलवार को राशन की दुकान से घर जा रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, वहां उपचार के दौरान मंगलवार की शाम को उसकी मौत हो गई।

खनिज कार्यालय के सामने से निकल रही हैं ओवरलोड गाड़ियां

- खनिज अधिकारी की कार्यप्रणाली पर उठ रहे हैं सवाल
- लेखपाल राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही

अवधानामा संवाददाता

बाँदा। इन दिनों खनिज अधिकारी बाँदा की कार्यप्रणाली से खनिज विभाग भी चर्चा मे है , वर्तमान खनिज अधिकारी की कार्यशैली से ना तो स्थानीय प्रशासन खुश है और ना ही लखनऊ स्थित खनिज मुख्यालय संतुष्ट है। अभी हाल ही मे लखनऊ से आयी टीम द्वारा अपनी जांच करने के उपरांत खनिज अधिकारि को प्रतिकूल प्रविष्टी देकर अपनी कार्यशैली सुधारने की चेतावनी दी है। वर्तमान खनिज अधिकारी द्वारा कुछ खदानों से निकटता भी उन पर प्रश्नचिन्ह खडा कर रही है , क्योकि इनकी जांच मे जहां सबकुछ चकाचक पाया गया था वहीं लखनऊ से आयी टीम ने अपनी जांच मे खदानों द्वारा अपने क्षेत्र से बाहर खनन करना पाया गया जिसपर लाखो रूपये की पेनाल्टी लगायी गयी थी। खनिज अधिकारी के ऊपर मीडिया द्वारा भी कई संगीन आरोप लगाये गये थे सूत्रो की माने तो खनिज अधिकारी महोदय की खदानो मे पार्टनर शिप भी कई बार समाचारों मे आयी थी जिस पर प्रदेश के खनिज एवं भूतत्व विभाग द्वारा खबरों का संज्ञान लेकर इनकी जांच करवायी गयी जिस पर इन्हे प्रतिकूल प्रविष्टी दी गयी।वैसे इनकी कार्यप्रणाली का अंदाजा इस बात से भी हो जाता है कि जिस अवैध खनन को रोकना इनका काम है उसी से ओवरलोड लदी गाडियां इनके कार्यालय के सामने से गुजरती है। मध्यप्रदेश से उत्तर प्रदेश लायी जा रही अवैध मौरंग और औवरलोड गिट्टियों से लदी सैकडो गाडियां प्रतिदिन खनिज विभाग के आफिस के सामने से निकल रही है जिससे खनिज विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगना स्वाभाविक है कि जब महोदय अपने आफिस के सामने से निकलने वाली अवैध और ओवरलोड मौरंग गिट्टियों की गाडी पर प्रतिबंध नही लगा पा रहे है तब पूरे जनपद मे कैसे अवैध खनिज का आवागमन रूकेगा यह बडा प्रश्न है। अभी अभीः तहसील पैलानी जनपद बांदा के ग्राम साड़ी खादर में पट्टेधारक द्वारा जलधारा में खनन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुयी है, जिसकी जांच उपजिलाधिकारी पैलानी एवं खनिज अधिकारी, बांदा से करायी गयी। प्रथम दृष्ट्या अवैध खनन पाये जाने पर राजस्व निरीक्षक राजेश त्रिपाठी, क्षेत्रीय लेखपाल अशोक कुमार एवं चौकी इंचार्ज खप्टिहाकलां मनोज कुमार पाण्डेय को निलम्बित किये जाने के निर्देश दिये गये तथा उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खनिज अधिकारी बांदा एवं थानाध्यक्ष पैलानी को शिथिल पर्यवेक्षण के लिए स्पष्टीकरण जारी किया गया है।

योजनाओं की डीएम ने सी.एम. डैशबोर्ड के माध्यम से की समीक्षा

निर्धारित,समयावधि में निर्माण कार्य को पारदर्शिता, गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाये पूर्णः जिलाधिकारी

- सड़कों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार सी0एम0 डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए पाया कि विद्युत आपूर्ति की खराब प्रगति पाये जाने पर दायित्वबोध कराते हुए अपने कार्य में सुधार लाने के लिए अधिशसी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किये। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक बढ़ाया जाये और उन्हें बेहतर शिक्षा दी जाये, विद्यालयों में स्मार्ट क्लाश, लैब व अन्य निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये। जिलाधिकारी ने पशुधन विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि अण्डा उत्पादन को और बढ़ाया जाये, ग्रामीण स्तर पर भी समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर इस कार्य में लगाया जाये, जिससे रोजगार के साथ ही अधिकाधिक अण्डा का उत्पादन हो सके और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सके, उन्होंने कहा कि अण्डा के पोल्ट्रीफार्म लगाने हेतु लोगों को जागरूक किया जाये और उससे होने वाले लाभ के सम्बन्ध में उन्हें जानकारी दी जाये, इसके लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियों को भी जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यों को पूर्ण किया, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभाग की प्रगति खराब है, वह कार्यपद्धति में सुधार लाते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करें।

कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्रों का किया गया रजिस्ट्रेशन

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। घोरावल विधानसभा में ब्लॉक करमा के गौरही ग्राम पंचायत व बन्तरा ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, इसमें सरकार के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों के लगाये गए स्टाल के माध्यम से जो लोग कल्याणकारी योजनाओं से अभी तक वंचित हैं ऐसे पात्र लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया,इस अवसर पर एलएडी वैन के माध्यम से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी के विचारों को सुना गया और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया, कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं का गोद भराई व बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाण पत्र व किसान सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया, इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सोनभद्र के पूर्व अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता ने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिंद्धान्तों पर लगातार गाँव गरीब किसान मजदूर के विकास के लिए कार्य कर रही,भारत का प्रत्येक व्यक्ति विकसित हो जिससे हमारा देश 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करें कार्यक्रम में मद्धुपुर मण्डल उपाध्यक्ष शिवदास वर्मा,उमाशंकर सिंह,श्यामलाल गुप्ता, संजय पटेल प्रेमशंकर सिंह त्रिभुवन ग्राम प्रधान मंजू देवी मौर्या,ग्राम प्रधान नीलम देवी जिला पंचायत सदस्य उषा देवी कौशल मौर्य विजय मौर्य नंदलाल पूर्व बीडीसी सदस्य प्रशासनिक स्तर पर नोडल अधिकारी सुरेंद्र यादव गंतव्य मौर्य ग्राम विकास अधिकारी अश्वनी श्रीवास्तव पशुपालन विभाग से डॉक्टर ए एन सिंह आदि अन्य लोग मौजूद थे।

जिला अध्यक्ष बने अभिनय गुप्ता

अवधानामा संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की जनपद शाहजहांपुर इकाई का जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अभिनय गुप्ता को नियुक्त किया गया है। आज कच्चा कटरा स्थित इमरोज़ होटल में हुई बैठक में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजेश त्रिवेदी और महामंत्री रमेश शंकर पांडे ने अभिनय गुप्ता को यह दायित्व सौंपते हुए आशा व्यक्त की कि संगठन की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए पत्रकार साथियों हेतु एवं समस्याओं को उचित मंच पर उठाते हुए निराकरण करने में सदैव सक्रिय रहेंगे तथा संगठन को गतिशीलता प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश द्विवेदी त्रिवेदी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष से कहा कि एक माह के अंदर जिला कार्यकारिणी का गठन कर प्रदेश कार्यालय को सूचित करें ताकि आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा सके। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पांडे ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता के मान दंडों को बचाए रखना बहुत मुश्किल हो गया है, अभिनय गुप्ता एक स्वच्छ छवि वाले पत्रकार हैं आशा है कि उनके निर्देशन में जिला कार्यकारिणी गति प्रदान करेगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि अभिनय गुप्ता की नियुक्ति के बाद संगठन को जिले में संबल प्रदान होगा। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अभिनय गुप्ता को चंद्रदेव अवस्थी ,कौशलेंद्र मिश्र , बलराम शर्मा , राजीव शुक्ला, मोहम्मद शान ,रविंद्र सिंह, पुनीत मिश्रा ,आदि ने शुभकामनाएं दी।

रजाई में अज्ञात लोगों ने लगाई आग, पिता-पुत्र झुलसे

बांदा। मंगलवार की रात को कमरे में सोते समय खिड़की से अज्ञात युवक ने रजाई में आग लगा दी। आग से पिता और पुत्र झुलस गए। दोनो का जिला अस्पताल में उपचार किया गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी लालबाबू (35) पुत्र सुमेरा चारपाई पर अकेले सो रहा था। उसकी पत्नी पान कुमारी अपने पुत्र योगेंद्र के साथ सो रही थी। मंगलवार की रात को खिड़की से अज्ञात लोगों ने रजाई में आग लगा दी। आग से झुलसने पर नींद से जागे लालबाबू ने रजाई फेंकी तो वह पत्नी की चारपाई पर जा गिरी। इस पर सात वर्षीय पुत्र योगेंद्र भी झुलस गया। लालबाबू ने आरोप लगाया कि अज्ञात लोगों ने खिड़की से रजाई में आग लगाकर जान से मारने का प्रयास किया।

उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष हुए पूर्ण

- व्यापारियों की समस्याओं पर खड़ा है व्यापार मंडल: राजेश बंसल

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। बुधवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सोनभद्र द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन शिव शक्ति स्टील सिविल लाइन रोड अजीत जयसवाल के प्रतिष्ठान पर किया गया। पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री राजेश बंसल ने बताया कि

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगठन इसे स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप मैं मना रही है जिसका समापन अधिवेशन उत्तर प्रदेश के बरेली जिले से किया जाएगा। रजत जयंती वर्ष में व्यापार मंडल ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें व्यापार मंडल व्यापारीयो के प्रतिष्ठान, टोल फ्री मिस्ड कॉल अभियान, व पूरे उत्तर प्रदेश में व्यापारिक स्वाभिमान यात्रा निकाली जा चुकी है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्थापना पूर्व सांसद श्रद्धा श्याम बिहारी मिश्रा वृद्धि लाल विशंभर दयाल अग्रवाल ने मां गंगा के पावन तट के किनारे वाराणसी में आज से किया था वर्ष 2023 में अपने 50 वर्ष पूरे होने पर संगठन विविध कार्यक्रमों को करते हुए इसको स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मना रही है। युवा जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने बताया विभिन्न सत्रों के माध्यम से व्यापारियों को बदलते बाजार और संशोधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा वह ऑनलाइन बाजार की चुनौतियों पर भी विषय रखा जाएगा इससे व्यापारियों को बताया जाएगा कि संसाधनों का उपयोग करके अपने बाजार को इससे बड़ा बनना होगा या सब कैसे हो इस पर भी चर्चाएं होंगी। पत्रकार वार्ता में जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल नगर अध्यक्ष आनंद प्रताप युवा जिला उपाध्यक्ष आनंद गुप्ता नगर संगठन मंत्री अभिषेक केशरी मौजूद रहे।

जनसेवा को तत्पर रहते हैं भाजपा कार्यकर्ता: सीएम योगी

अवधनामा ब्यूरो

- भाजपा गोरखपुर क्षेत्र की बैठक में मनोबल बढ़ाते हुए बोले मुख्यमंत्री
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की रही खास मौजूदगी
- लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहें जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता

क्षेत्र समिति बैठक
गोरखपुर क्षेत्र
श्री जगत प्रकाश नड्डा जी

गोरखपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गोरखपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता अपार ऊर्जा के साथ संगठनात्मक कार्य करते हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी भाजपा कार्यकर्ता, सहयोगी भाव के साथ आमजन के साथ सदैव खड़े रहते हैं। कोरोनाकाल इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रहा है। कोरोनाकाल की भयावह विपदा में सेवा ही संगठन है के भाव के साथ काम करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा व उसके कार्यकर्ता ही रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता हर विपदा में जनसेवा को तत्पर रहते हैं।

सीएम योगी बुधवार को गोरखपुर के एनेक्सी भवन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की खास मौजूदगी में पार्टी के गोरखपुर क्षेत्र की कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पार्टीजन का मनोबल बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा के कुशल नेतृत्व में तीन राज्यों की विधानसभा चुनावों में मिले ऐतिहासिक जीत के तुरंत बाद उनके व्यस्ततम समय में से गोरखपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को पाथेय मिलना सैभाग्य की बात है। सीएम योगी ने सभी जनप्रतिनिधियों व संगठन के कार्यकर्ताओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लाभार्थियों के साथ शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से लगातार सम्पर्क स्थापित करें और पात्र लोगों को लाभकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ भी दिलायें। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार के विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाते हुए वर्ष 2024 में एकबार फिर हम लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ केन्द्र में भाजपा सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराते हुए कहा कि गोरखपुर क्षेत्र सदैव से चुनावों में अच्छा परिणाम देने वाला क्षेत्र रहा है।

बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ राधामोहन दास अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद रविकिशन शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक नाथ त्रिपाठी, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह, प्रदेश मंत्री शकुंतला चौहान, पूर्व सांसद नीलम सोनकर, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पुष्पदंत जैन, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री जनार्दन तिवारी, सिद्धार्थ शंकर पांडेय, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजितांशु सिंह आसू व संजीव राय, छट्ठे लाल निगम, क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता, राहुल श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, चंदू सरोज, गोपेश्वर नाथ त्रिपाठी, अमिता गुप्ता आदि की उपस्थिति रही।

एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में बैठक लिये गये अहम निर्णय

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। परिवहन निगम अध्यक्ष एल. वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय में बुधवार को निदेशक मण्डल की 247 वीं बैठक हुई। बोर्ड की बैठक में माननीय परिवहन मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में आज की बैठक में अहम निर्णयों को अनुमोदित किया गया। अध्यक्ष परिवहन निगम ने बताया कि परिवहन निगम की डा0 राम मनोहर लोहिया कार्यशाला कानपुर तथा केन्द्रीय कार्यशाला कानपुर में पूर्व से संचालित पुरानी बसों का मिनी रिनोवेशन कार्य कराये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। शासन से मिलने वाली धनराशि के दृष्टिगत वर्ष 2024-25 के आय-व्यय में 2000 नई बी0एस0-6 डीजल बसें, 3000 फुल्ली बिल्ट ए0सी0 इलेक्ट्रिक बसों को क्रय कर बस बेड़े में सम्मिलित किया जाना तथा 5000 नई इलेक्ट्रिक बसों को अनुबन्ध पर लिये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

लू ने बताया कि परिवहन निगम के 48 बस स्टेशनों को द्वितीय चरण में पी0पी0पी0 पद्धति पर आधुनिक बस टर्मिनल एवं कॉमर्शियल कॉम्पलैक्स के रूप में विकसित कराये जाने के दृष्टिगत सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों हेतु परिचालक कार्य के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के माध्यम से महिला परिचालकों को आबद्ध किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

व्यक्तिगत श्रेणी में बालक वर्ग में अभि सिरोही, दिल्ली बने चैम्पियन

- पदक तालिका में दिल्ली 4 स्वर्ण, 2 रजत एवं 1 कांस्य के साथ शीर्ष पर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा अंडर-14 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की 67वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2023-24 के आज दिनांक 20.12.2023 को अन्तिम दिवस के समापन पर पदक तालिका में 04 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य पदक के साथ दिल्ली शीर्ष पर रहा एवं हरियाणा 04 स्वर्ण, 01 रजत और 01 कांस्य के साथ द्वितीय स्थान पर रहा साथ ही पदक तालिका में उत्तर प्रदेश पांचवे स्थान पर रहा।

समापन समारोह का कार्यक्रम मुख्य अतिथि दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन एवं अध्यक्ष, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, विशिष्ट अतिथि कंचन वर्मा, आई.ए.एस. महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि केके गुप्ता, विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन के करकमलों द्वारा सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं मेडल वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को शुभकामना देते हुए कहा कि अपने परिश्रम का क्रम बनाये रखें और आने वाले समय में और बड़ी उपलब्धियों को हासिल कर अपने देश को गौरवान्वित करें। जो पदक नहीं जीत सके उन प्रतिभागियों का हौसला बुलन्द करते हुए कहा कि जीतना और हारना खेल का एक हिस्सा है, महत्वपूर्ण है आपका आत्मविश्वास और सामर्थ्य बना रहे।

ट्रेन संचालक रोहित कुमार एंप्लॉय ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित

लखनऊ। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने लखनऊ एवं कानपुर में 50 हजार किलोमीटर से ज्यादा मेट्रो ट्रेन चलाने वाले ट्रेन संचालक रोहित कुमार को नवम्बर महीने के लिए एंप्लॉय ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया। रोहित कुमार ने कानपुर मेट्रो के ट्रायल रन की पहली ट्रेन का संचालन भी यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक एवं अन्य अधिकारियों के साथ किया था। इससे पहले रोहित कुमार ने लखनऊ मेट्रो ट्रेन के सफलतापूर्वक संचालन में भी अपनी अहम भूमिका निभाई थी। यूपीएमआरसी के लॉस्ट एंड फाउंड सेल से सुरक्षा विभाग की ममता विश्वकर्मा को भी नवम्बर महीने के लिए सम्मानित किया। ममता विश्वकर्मा ने सीसीएस एयरपोर्ट पर ईमानदारी से काम करते हुए सोने के आभूषणों से भरा बैग सुरक्षित स्टेशन कंट्रोलर को लौटाया। उनकी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा की वजह से मेट्रो यात्री के उनके खोये सोने के 2 कंगन, नेकलेस एवं लैपटॉप सुरक्षित वापस मिल गया।

हर समस्या के समाधान की यात्रा है विकसित भारत संकल्प यात्रा

मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, हर समस्या के समाधान की गारंटी है: केशव

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रत्येक व्यक्ति की हर समस्या के समाधान की यात्रा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी,हर समस्या के समाधान की गारंटी है। केशव प्रसाद मौर्य आज विकास खण्ड बख्शी का तालाब के ग्राम -सोनवा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ, मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, देश व प्रदेश के कोने-कोने में पहुंच रही है।अब आम लोगों ने इस यात्रा की कमान संभाल ली है। हर व्यक्ति इस यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित है। एक जगह जहां पर यात्रा खत्म होती है, वहां से दूसरे गांव या शहर के लोग इस यात्रा की अगुवाई करने लग जाते हैं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ीश् के सत्कार की भी एक बड़ी स्पर्धा चल रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी युवा शक्ति और नारी शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है।इसका अधिक से अधिक लाभ आप सब लोग उठाएं और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाएं।हमारा संकल्प, विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस यात्रा का उद्देश्य वंचितों तक पहुंचना है ,उन कमजोर लोगों तक पहुंचना है,जो विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हैं लेकिन अभी तक लाभ नहीं उठाया है।और योजनाओं के बारे में जानकारी का प्रसार और जागरूकता पैदा करना है और लाभ दिलाना है।इसका उद्देश्य देश के कोने-कोने में लोगों को केंद्र सरकार योजनाओं के बारे में बताना और उसका लाभ उठाने के लिए उन्हें प्रेरित करना है। इस अवसर पर उन्होंने गांव, गरीब, वंचितों शोषितों महिलाओ, नौजवानो व समाज के प्रत्येक वर्ग की भलाई व कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला । कहा देश में 4करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिये गये हैं, जो शेष रह गये होंगे, उनको भी आवास देने की गारंटी है। स्वयं सहायता समूहों की 2करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाना है।कहा कि मा0मोदी जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत बनने की गारंटी है। कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। उन्होंने नारी शक्ति वन्दन अधिनियम की चर्चा करते हुए महिलाओं को दिये जा रहे अधिकारों के बारे में प्रकाश डाला।

बंधे के विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास व डूडा में कराया पंजीकरण

कुकरैल नदी के बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकानें आवंटित की जा रही हैं: ज्ञानेन्द्र वर्मा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कुकरैल नदी और बंधे के विस्थापितों को आवास और दुकानें आवंटित करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से अकबरनगर में लगे विशेष पंजीकरण शिविर में बुधवार को 13 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास और 9 लोगों ने डूडा की आसरा योजना के लिए पंजीकरण फार्म भरा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी के बंधे के विस्थापितों को आवास व दुकानें आवंटित की जा रही हैं। बुधवार को 46 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के फार्म लिए। बुधवार को अकबरनगर प्रथम की शमा बानो, रामचन्द्र, मोहम्मद नईम, मोहम्मद कफील अहमद, सुरेश गौड़, रईस अहमद, अमित कुमार गौड़, अमित कुमार कश्यप, राम पाल, सईदा सलमानी और राबिया व अकबरनगर द्वितीय के मोहम्मद रईस, मोहम्मद हारून ने सभी दस्तावेजों के साथ 5 हजार रुपये जमा कर प्रधानमंत्री आवास का पंजीकरण कराया। इसके अलावा 9 विस्थापितों ने डूडा की आसरा योजना के लिए पंजीकरण कराया। श्री वर्मा ने बताया कि अकबरनगर में लगे शिविर में अब तक कुल 57 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास और 87 ने डूडा के आवास के लिए पंजीकरण कराया है।

जनता अदालत आज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर 21 दिसम्बर को प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत आयोजित होगी। प्राधिकरण के गोमती नगर के विपिन खण्ड स्थित प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत आयोजित होगी। प्राधिकरण दिवस में जनसामान्य की समस्याओं की सुनवाई व निराकरण किया जाएगा।

बिजनौर रोड पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को अवैध निर्माण/प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरोजनीनगर में बिजनौर रोड पर की जा रही अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करायी। प्रवर्तन जोन-2 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि राडा इन्फ्राकॉन के प्रबंधक दिव्यांशु त्रिपाठी की ओर से सरोजनीनगर में बिजनौर रोड स्थित पुराना गुडौरा में लगभग 3 बीघा क्षेत्रफल में प्लाटिंग करते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। विहित न्यायालय के आदेश पर बुधवार को सहायक अभियंता वाई.पी. सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता नागेन्द्र मिश्रा व ऋतुपाल ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान विकासकर्ता की स्थल पर विकसित की गयी सड़कें, नालियां, बिजली के खम्भे और बाउण्ड्रीवॉल आदि को पूरी तरह ध्वस्त किया गया।

85 आवंटियों की हुई रजिस्ट्री

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगे विशेष निबंधन शिविर में बुधवार को 85 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। शिविर में 10 नये आवेदन भी प्राप्त हुए। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि बुधवार को दिन भर चली कार्रवाई के दौरान 85 आवंटियों की रजिस्ट्री हुई, जिसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट्स, प्रधानमंत्री आवास, व्यवसायिक, बल्क सेल, बसंतकुंज, शारदा नगर व कानपुर रोड सहित अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं। उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर आवंटियों से समन्वय बना रजिस्ट्री की कार्रवाई की जा रही है। आवंटियों को रजिस्ट्री के लिए सूचना भी भेजी जा रही है। शिविर में विशेष कार्याधिकारी राजीव कुमार, देवांश त्रिवेदी, रविनंदन सिंह, रोहित सिंह व उपसचिव माधवेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

बज्म-ए-उर्दू ने उर्दू के साहित्यकारों को किया सम्मानित

लखनऊ। बज्म-ए-उर्दू की ओर से बुधवार को उर्दू साहित्य जगत में अपना उल्लेखनीय योगदान देने वाली कई हस्तियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रख्यात शायर प्रो॰ वसीम बरेलवी को संस्था की ओर से जोश-ए-उर्दू अवार्ड से अलंकृत किया गया। बरेली में जन्मे जाहिद हसन उर्फ वसीम बरेलवी ने उर्दू शायरी से देश विदेश में अपना नाम रौशन किया है। इस मौके पर पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ.अम्मार रिजवी और बज्म-ए-उर्दू के संस्थापक रेहान खान ने उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ.साबिरा हबीब, पूर्व आईपीएस जावीद अहमद, पूर्व आईपीएस रिजवान अहमद, आरिफ सिद्दीकी, अलु हुदा स्कूल की प्रधानाचार्य तबस्सुम और समाजसेवी ताहिरा हसन आदि मौजूद रहे।

कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

लखनऊ। भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के सांगीतिक कार्यक्रम संगीत उत्सव के दूसरे दिन भी कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। सुर, लय और ताल का प्रदर्शन कैसरबाग के कलामंडपम सभागार में पिण्डत विष्णु नारायण भातखण्डे की जयंती समारोह के रूप में किया जा रहा है। बुधवार को पण्डित राम मोहन महाराज के निर्देशन में समूह कथक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। सुमेधा मिश्रा और अंशिका ने कथक नृत्य के विभिन्न आयामों को मंच पर पेश किया। इस प्रस्तुति में आरिफ खान हारमोनियम और गायकी व वायलिन पर संजरी साहू और सितार पर पूजा मिश्रा ने संगत दी तथा पढ़ंत के लिए खुद राम मोहन महाराज मौजूद रहे। वहीं कोलकाता से आये न्दिुस्तानी शास्त्रीय गायक ब्रजेश्वर मुखर्जी ने गायन पेश किया। उन्होंने ए कान्हा मोरे और अब तोरट लागी, जैसे गीत प्रस्तुत किये। उनके साथ संगत के लिए प.अरविंद आजाद मौजूद रहे। मुम्बई से आये उस्ताद आफाक हुसैन के शिष्य पण्डित अनिंदो चटर्जी ने तबला वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने लयकारी के साथ पेशकार और लय का कायदा पेश किया। उनके साथ हारमोनियम पर राजेन्द्र कुमार बनर्जी ने संगत दी।

पूजा-अर्चना के साथ कांग्रेस ने शुरू की यूपी जोड़ो यात्रा

- महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का किया स्वागत

अवधनामा ब्यूरो

सहारनपुर/लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा बुधवार को सहारनपुर के शाकुंभरी मंदिर पर पूजा अर्चना से शुरू हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रसिद्ध सिद्धपीठ शाकुंभरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर यात्रा आरम्भ की। पहले दिन यात्रा बेहट होते हुए गंगोह नगर पालिका के गणेश शंकर विद्यार्थी चौक पर सम्पन्न हुई। यात्रा के पहले यात्रा को अपार जनसमर्थन मिला। जगह-जगह पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता ने घरों से निकल कर यात्रा का फूल-माला और पंखुड़ियों से स्वागत किया। गंगोह नगर पालिका से यात्रा के गुजरते वक्त महिलाओं ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का स्वागत किया। यात्रा के अंत में गणेश शंकर विद्यार्थी चौक पर यात्रा को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी की सरकार नहीं है। भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं पर कान बंद कर लेती है। गन्ना किसानों को सही मूल्य नहीं दे पाने वाली भाजपा बलात्कारियों को चुनाव में टिकट देती है। पेट्रोल-गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रेरणा लेकर यूपी जोड़ो यात्रा शुरू की गयी, जो लखनऊ के शहीद स्मारक पर खत्म होगी। श्री राय ने कहा कि अगर आपने इसी तरह साथ दिया तो 2024 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे। पार्टी प्रवक्ता पुनीत पाठक ने बताया कि यात्रा में नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व विधायक इमरान मसूद, विवेक बंसल, पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, तौकीर आलम, प्रदीप नरवाल, संगठन महासचिव अनिल यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, विश्वविजय सिंह, विवेकानन्द पाठक, शाहनवाज आलम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

अध्यक्ष रेलवे बोर्ड/मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा का अयोध्या आगमन

अयोध्या जं. स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं से हुई अवगत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने बुधवार को पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी के अलावा कई अधिकारियों की मौजूदगी में गोमतीनगर स्टेशन के निरीक्षण के अलावा लखनऊ मण्डल के रामघाट हाल्ट एवं कटरा रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होनें गोमतीनगर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के मॉडल एवं ले.आउट प्लान के सभी पहलुओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान रेल भूमि विकास प्राधिकरण आरएलडीए के अधिकारियों की ओर से गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया गया।

निरीक्षण के उपरांत उन्होनें संबंधित अधिकारियों को गोमतीनगर स्टेशन पर भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत यात्री सुविधाओं तथा परिचालन संबंधी निमार्णाधीन कार्यो को जल्द से जल्द पूरा किये जाने के निर्देश दिए। जया वर्मा सिन्हा ने रामघाट हाल्ट स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यो की प्रगति व यात्री सुख सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होनें संबंधित अधिकारियों को अयोध्या परिक्षेत्र में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं के अन्तर्गत निर्माण कार्यो को मानक के अनुरूप पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण किये जाने पर बल दिया। अगले चरण में उन्होंने कटरा स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।

बनारस नई दिल्ली बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के गंतव्य में परिवर्तन

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस स्टेशन से संचालित होने वाली गाड़ी संख्या 22415 व 22416 बनारस नई दिल्ली बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के प्रारंभिक गंतव्य स्टेशन में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन नियमित रूप से उत्तर रेलवे के वाराणसी स्टेशन से संचालित की जायेगी। 20 दिसम्बर से गाड़ी संख्या 22416 नई दिल्ली बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का गंतव्य स्टेशन बनारस के स्थान पर वाराणसी जंक्शन कैंट और 21 दिसम्बर से गाड़ी संख्या 22415 बनारस नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का प्रारंभिक स्टेशन बनारस के स्थान पर वाराणसी जंक्शन कैंट निर्धारित किया गया है। 21 दिसम्बर से वंदे भारत ट्रेन की नियमित सेवा प्रत्येक मंगलवार दोनों ओर को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन चलेगी तथा गाड़ी संख्या 22415 वाराणसी जंक्शन नई दिल्ली वंदे भारत वाराणसी जंक्शन कैंट से सुबह 6 बजे पर प्रस्थान करेगी एवं प्रयागराज जंक्शन पर इसका आगमन समय 7:30 एवं प्रस्थान समय 7:34 बजे रहेगा तथा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर इसका आगमन 9:26 बजे एवं प्रस्थान 9:30 बजे होगा एवं यह गाड़ी उसी दिन पूर्वान्ह 2:05 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 22416 नई दिल्ली वाराणसी जंक्शन कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस सायंकाल 3 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर इसका आगमन 7:08 बजे एवं प्रस्थान 7:12 बजे रहेगा एवं प्रयागराज जंक्शन पर इसका आगमन समय 9:11 एवं प्रस्थान समय 9:15 पर होगा तथा यह गाड़ी उसी दिन रात्रि 11:05 बजे पर बनारस पहुंचेगी। मार्ग में यह गाड़ी प्रयागराज जंक्शन एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल क्रीड़ा संघ की ओर से खेला गया क्रिकेट मैच

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल क्रीड़ा संघ की ओर से ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित अन्तर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग में बुधवार को दूसरा सेमी फाइनल मैच इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स व मैकेनिकल मावरिक्स के बीच खेला गया। इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाये। जिसमें सचिन चौधरी ने सर्वाधिक 41 रन, मनीष झा 26 एवं शशी ने 25 रनों का योगदान दिया। मैकेनिकल मावरिक्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए बलराम ने 3, पवन कुमार ने 2 तथा दीपचन्द्र व विवेक ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैकेनिकल मावरिक्स की टीम 19.2 ओवरों में मात्र 102 रन बनाकर आल आउट हो गयी। इंजीनियरिंग डेयरडेविल्स की टीम ने मैकेनिकल मावरिक्स की टीम को 41 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया।